

छात्र संघ की ओर से नारेबाजी सुप्रीम कोर्ट की सीधे तौर पर अवमानना - 12



नए कारोबार के धीमे विस्तार से देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां ढीलीं - 12



वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई से क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना - 13



हरमनप्रीत कौर 13वें स्थान पर पहुंची, दीप्ति शीर्ष से खिसकी - 14


आज का मौसम
19.0° अधिकतम तापमान
6.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 07.09
सूर्यास्त 05.33

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

माघ कृष्ण पक्ष पंचमी 06:33 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 7 जनवरी 2026, वर्ष 4, अंक 144, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## पारिवारिक, व्यावसायिक और औद्योगिक संपत्तियों के दान पर 5 हजार स्टांप शुल्क

### उप्र मंत्रिमंडल का फैसला : संपत्तियों के दान पर मिली बड़ी राहत, शहरी और गांव सभी जगह लागू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश में परिवार के सदस्यों के बीच निष्पादित अचल संपत्ति के दान विलेख पर स्टाम्प शुल्क में दी जा रही छूट के दायरे को और व्यापक करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दिखायी गई। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई।

संपत्ति संबंधी निर्णय के बारे में उन्होंने बताया कि, इस फैसले से अब पारिवारिक सदस्यों के बीच व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी स्टाम्प शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अंतर्गत उप्र. में दान विलेखों पर संपत्ति के मूल्य के अनुसार हस्तांतरण पत्र (कन्वेयंस डीड) की भांति स्टाम्प शुल्क देय होता है, जबकि रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अनुसार अचल संपत्ति के दान विलेख का पंजीकरण अनिवार्य है।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-2 की 3 अगस्त 2023 की अधिसूचना के माध्यम से यह व्यवस्था की गई थी कि यदि अचल संपत्ति का दान परिवार के सदस्यों के पक्ष में किया जाता है तो स्टाम्प शुल्क में छूट देते हुए अधिकतम 5,000 रुपये ही लिया जाएगा। यह छूट अब तक केवल कृष्य एवं आवासीय संपत्तियों तक सीमित थी। कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव के तहत इस छूट को पारिवारिक सदस्यों के मध्य व्यावसायिक एवं औद्योगिक संपत्तियों के दान पर भी लागू करने का निर्णय लिया गया है। इससे परिवारों के बीच संपत्ति हस्तांतरण की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और कम खर्चीली हो जाएगी। स्टांप तथा पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2022 से पहले तक परिवार के रिश्ते में यदि कोई प्रॉपर्टी देता था तो पूरे सर्किल रेट के बराबर स्टाम्प शुक्ल देना पड़ता था। वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तय हुआ कि पारिवारिक रिश्तों में यदि कोई प्रॉपर्टी दान की जाती है तो उस पर फिक्स्ड पांच हजार रुपए स्टांप लगेगा। लेकिन यह दान केवल आवासीय और कृषि पर लागू था, लेकिन अब यह नियम कॉमर्शियल प्रॉपर्टी पर भी लागू कर दिया गया है।



लोकभवन में मंत्रिमंडल के बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी।

### पश्चिमी उप्र और एनसीआर में उच्च शिक्षा के नए अवसर

कैबिनेट बैठक में दूसरा अहम निर्णय आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के ग्रेटर नोएडा में ऑफ-कैंपस की स्थापना को लेकर लिया गया। इसके लिए संचालन प्राधिकार पत्र (एलओपी) जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस ऑफ-कैंपस के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर क्षेत्र में उच्च शिक्षा के नए अवसर सृजित होंगे और छात्रों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। सरकार द्वारा आईआईएमटी विवि. मेरठ के ग्रेटर नोएडा स्थित ऑफ-कैंपस के संचालन के लिए प्रायोजक संस्था को संचालन प्राधिकार पत्र जारी करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है।

### जेएस विवि, शिकोहाबाद की मान्यता रद्द, फर्जी डिग्रियों पर कार्रवाई

**लखनऊ।** कैबिनेट की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े दो महत्वपूर्ण और दूरगामी प्रभाव वाले प्रस्तावों को भी स्वीकृति मिली। एक तरफ, योगी कैबिनेट ने जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद (जनपद फिरोजाबाद) के परिसमापन को मंजूरी दी है तो वहीं आईआईएमटी विश्वविद्यालय, मेरठ के ग्रेटर नोएडा में ऑफ-कैंपस को संचालन प्राधिकार पत्र (एलओपी) जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। जेएस विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद के बाबत उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जांच में यह सामने आया कि विश्वविद्यालय द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए बीपीएड पाठ्यक्रम की फर्जी और बैक डेट में मार्कशीट व डिग्रियां जारी की गईं, जिनका उपयोग राजस्थान की शारीरिक शिक्षा अध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा किया गया। इस प्रकरण में राजस्थान पुलिस की जांच, कुलाधिपति एवं कुलसचिव की गिरफ्तारी तथा शासन स्तर पर गठित जांच समितियों की आख्या में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

## उप्र में 2.89 करोड़ के नाम कटे एक करोड़ को जाएगा नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, दावे और आपत्ति को दिया एक महीने तक का वक्त, सीईओ नवदीप ने जारी की सूची

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची के एसआईआर में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। ऐसे में जहां लिस्ट में कुल 15.44 करोड़ मतदाता थे, अब 12.55 करोड़ मतदाता रह गए हैं। वहीं इस लिस्ट में शामिल 12.55 करोड़ मतदाताओं में से 91.75 प्रतिशत की मैपिंग कर ली गई है। जिन करीब 8.25 प्रतिशत लोगों के नाम मैपिंग में नहीं मिले हैं, उन 1.04 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिणवा ने मंगलवार को लोकभवन में ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में शामिल 12.55 करोड़ में से 11.55 करोड़ लोगों यानी 91.75 प्रतिशत लोगों की मैपिंग चुनाव आयोग ने कर ली है। यह वह मतदाता हैं, जिनके नाम का मिलान वर्ष 2003 की मतदाता सूची से कर लिया गया है। यह वे वोटर हैं, जिनका या तो खुद का नाम या फिर माता-पिता का नाम, बाबा-दादी का नाम और नाना-नानी का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में था। ऐसे में अब इन्हें कोई नोटिस नहीं जाएगी। वहीं बचे 1.04 करोड़ यानी 8.25 प्रतिशत लोगों को नोटिस भेजी जा रही है। नोटिस के बाद उनसे दस्तावेज मांगे जाएंगे। फिर जांच में सही पाए जाने पर ही उन्हें वोटर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची सीईओ की वेबसाइट ceouttarpradesh.nic.in पर उपलब्ध है। यहां वोटर्स अपने नाम देख सकते हैं। अगर उनका नाम सूची में नहीं है तो 6 फरवरी तक दावे व आपत्तियां कर सकते हैं। वहीं मंगलवार से ही 27 फरवरी तक दावे व आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 मार्च को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट प्रकाशन के बाद अब नोटिस एवं ईआरओ या एईआरओ के द्वारा ही किसी का नाम काटा जा सकता है। इस बार 1200 मतदाताओं पर एक बूथ बनाया गया है, प्रदेश में 15030 पोलिंग बूथ बढ़े हैं। ऐसे में अब 1,62,486 बूथों से बढ़कर 1,77,516 हो गए हैं।

### इन श्रेणियों में मिले मतदाता

- स्थानांतरित/अनुपस्थित- 2.17 करोड़
- मृत- 46.23 लाख
- डुप्लीकेट- 25.47 लाख
- फार्म न जमा करने वाले -7.57 लाख

### यहां सबसे ज्यादा कटे नाम

- लखनऊ - 12 लाख
- प्रयागराज - 11.56 लाख
- कानपुर नगर - 9.02 लाख
- आगरा - 8.36 लाख
- बरेली - 7.14 लाख

### यहां कटे सबसे कम नाम

- शामली 1.63 लाख
- कासगंज 1.72 लाख
- बांदा 1.75 लाख
- बागपत 1.77 लाख
- अमरोहा 1.81 लाख

## ब्रीफ न्यूज

### गैस के कुएं की आग बुझाने दिल्ली, मुंबई से पहुंची विशेषज्ञ टीम

**मोरी।** डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिले में गैस के एक कुएं में लगी आग बुझाने के लिए मुंबई और दिल्ली से तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की विशेषज्ञ टीम यहां पहुंची। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार की तुलना में आग की तीव्रता में कमी आई है। ओएनजीसी के स्वामित्व वाले मोरी-पांच कुएं में गैस रिसाव के बाद पांच जनवरी को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर मोरी और इरसुमंदा गांवों के पास करीब 25 मीटर के भूभाग में आग भड़क उठी थी और 20 मीटर ऊंची लपटें देखी गईं। हालांकि, यह गैस कुआं ओएनजीसी द्वारा संचालित नहीं किया जा रहा है, बल्कि यह 'प्रोडक्शन एन्हैन्समेंट कॉन्ट्रैक्टर' (पीईसी) कंपनी डीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड (अहमदाबाद) द्वारा संचालित है।

### इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में मंगलवार को पांच लाख रुपये की इनामी महिला माओवादी ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला नक्सली भूमिका उर्फ सोमारी (37) सोमारी राज्य के बीजापुर जिले की निवासी है। उसने धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सूरज सिंह परिहार और अन्य अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है।

## जेएनयू में लगे मोदी-शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जेएनयू ने पुलिस से मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया

सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2020 के दिल्ली दंगा साजिश मामले में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार किए जाने के बाद जेएनयू के छात्रों के एक समूह ने विश्वविद्यालय परिसर के भीतर प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विवादास्पद नारे लगाए। जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष अदिति मिश्रा ने कहा कि छात्र पांच जनवरी, 2020 को परिसर में हुई हिंसा की निंदा करने के लिए हर साल विरोध प्रदर्शन करते हैं। मिश्रा ने कहा, विरोध प्रदर्शन के दौरान लगाए गए सभी नारे वैचारिक थे और वे किसी पर व्यक्तिगत हमला नहीं थे। वे किसी को लक्ष्य करके नहीं लगाए गए थे।

इस बीच, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि नारों के संबंध में कोई शिकायत नहीं मिली है। हालांकि, दिल्ली के मंत्रियों आशीष सूद एवं मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस घटना की निंदा की और विपक्ष पर ऐसे कृत्यों में लिप्त लोगों का समर्थन करने का आरोप लगाया। सूद ने दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन की शुरुआत से पहले पत्रकारों से कहा, शरजील इमाम ने पूर्वोत्तर भारत को अलग करने की बात कही थी। उमर खालिद ने 'भारत के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे' के नारे लगाए थे और 2020 के दंगों में उसकी संलिप्तता पाई गई थी। ऐसे लोगों के प्रति सहानुभूति इसलिए दिखाई जाती है क्योंकि इस विधानसभा में ऐसे लोग हैं जिन्होंने शरजील इमाम के साथ मंच साझा किया था। उन्होंने कहा कि जब ऐसे लोगों को संरक्षण दिया जाता है, तो ऐसी बातें होना तय है।



नारेबाजी करते जेएनयू के छात्र।

### आपत्तिजनक थे नारे : जेएनयू

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने मंगलवार को कहा कि एक विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ द्वारा अत्यंत आपत्तिजनक और भड़काऊ नारेबाजी वाले वीडियो का उसने गंभीर संज्ञान लिया है और जोर दिया कि ऐसे कृत्य संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जानबूझकर अनादर दर्शाते हैं। विश्वविद्यालय ने पुलिस से सोमवार रात एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का भी आग्रह किया है।

सूद ने कहा, जेएनयू में शरजील और उमर खालिद का समर्थन किया गया। वहां जो हुआ है, वह निंदनीय है और राष्ट्र के खिलाफ है। आप नीतिगत मुद्दों पर लड़ सकते हैं, लेकिन लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। सिरसा ने आरोप लगाया कि नारे लगाने वालों के मन में संविधान या कानून के प्रति कोई सम्मान नहीं है। (संबंधित पेज-12)

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन



**पुणे।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार तड़के पुणे में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। उन्होंने करीब तीन बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। राजनीति और खेल प्रशासन में उनका लंबा करियर रहा। भारतीय खेलों पर उनकी पकड़ ने सफलता और विवाद दोनों को जन्म दिया। वह रेल राज्य मंत्री भी रहे और उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दीं। मद्रास में 1944 में जन्मे कलमाड़ी ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज से पढ़ाई की थी।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू कारोबारी की हत्या

ढाका, एजेंसी



मृतक मणि चक्रवर्ती

- बढ़ती हिंसा को लेकर फेसबुक की थी पोस्ट धारदार हथियार से हमला, 18 दिन में छठी हत्या

बांग्लादेश के नरसिंगदी शहर में एक 40 वर्षीय हिंदू किराना कारोबारी की धारदार हथियार से अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। बढ़ती हिंसा को लेकर उसने फेसबुक पर पोस्ट किया था। यह घटना सोमवार रात को हुई। इससे कुछ ही घंटों पहले बांग्लादेश के जेस्सोर जिले में एक हिंदू व्यापारी की सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी, जो एक समाचार पत्र के कार्यवाहक संपादक भी थे। बांग्लादेश में 18 दिन में छठी हत्या की वारदात हुई है।

पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में दुकानदार मणि चक्रवर्ती पर सोमवार रात करीब 11 बजे हमला कर उनकी हत्या कर दी गई। पलाश पुलिस थाना प्रमुख (ओसी) शाहेद अल मामून ने बताया कि मणि शिबपुर उपजिला के साधरचार यूनियन निवासी मदन ठाकुर के बेटे थे। मणि चारसिंदूर बाजार में किराना दुकान के मालिक थे। हाल के सप्ताहों में मारे गए वह तीसरे हिंदू कारोबारी हैं।

पुलिस और स्थानीय लोगों ने बताया कि मणि जब सोमवार रात दुकान बंद करके अपने घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने उन पर धारदार एवं स्थानीय रूप से निर्मित हथियार से वार किया। मणि की मौके पर ही मौत हो गई। शाहेद ने कहा कि पुलिस घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर पहुंची और दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए नरसिंगदी सदर अस्पताल के शवगृह भेजा गया है। इससे पहले भी हिंदू समुदाय के सदस्यों के खिलाफ हिंसक घटनाएं हो चुकी हैं। सोमवार को खुलना मंडल में जेस्सोर के केशबपुर उपजिला में अरुआ गांव निवासी 38 वर्षीय राणा प्रताप के सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

### ठंड-कोहरे की चपेट में यूपी



देशभर के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। पहाड़ी इलाकों से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक के तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश में तापमान में गिरावट के साथ शीतलहर और घने कोहरे ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। प्रयागराज में घने कोहरे के बीच जाते लोग।

## आपत्तिजनक टिप्पणी : राहुल गांधी के खिलाफ जिरह पूरी



- बयान के लिए 19 जनवरी तय, अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़ा मामला

**सुलतानपुर।** गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध चल रहे मुकदमे में मंगलवार को निर्धारित सुनवाई हुई। कोर्ट में परिवादी पक्ष के गवाह रामचंद्र दूबे से बचाव पक्ष द्वारा जिरह पूरी कर ली गई।

परिवादी भाजपाई एवं कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि परिवादी के गवाह से जिरह पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने गांधी का बयान दर्ज करने के लिए 19 जनवरी की तिथि नियत की है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जिसमें गांधी पर बेंगलुरु की जनसभा में तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष शाह के खिलाफ टिप्पणी का आरोप है।

## दिल्ली वायु प्रदूषण : कर्तव्यों के पालन में विफल रहे सीएक्यूएम को फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था अपने कर्तव्यों का पालन करने में 'विफल' रही है और दिल्ली की सीमाओं पर यातायात जाम कम करने के लिए टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरण के मामले में दो महीने की मोहलत मांगने पर उसे फटकार लगाई।

न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के रवैये में 'गंभीरता' के अभाव की आलोचना करते हुए कहा कि दिल्ली-एनसीआर में बिगड़ते एक्यूआई के कारणों की पहचान करने या दीर्घकालिक समाधान खोजने में आयोग को कोई जल्दी नहीं दिख रही है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए न्यायालय ने पिछले साल 17 दिसंबर को कई निर्देश जारी किए थे और एनएचएआई और एमसीडी से दिल्ली की सीमा पर स्थित नगर निगम के नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा था, ताकि भारी यातायात जाम को कम किया जा सके। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने सीएक्यूएम को दो सप्ताह के भीतर विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बिगड़ते प्रदूषण के प्रमुख कारणों पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने सीएक्यूएम को चरणबद्ध तरीके से दीर्घकालिक समाधानों पर विचार करना शुरू करने और विभिन्न हितधारकों के रुख से अप्रभावित रहते हुए टोल प्लाजा के मुद्दे पर विचार करने का निर्देश दिया। सुनवाई शुरू होते ही सीएक्यूएम की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने हितधारकों के साथ हुई बैठकों के विवरण का हवाला देते हुए टोल प्लाजा के मुद्दे पर दो महीने का समय मांगा।

विकास को गति

### मुख्यमंत्री बोले-ग्रामीण रोजगार राहत नहीं, आत्मनिर्भरता का आधार बनेगा

## गड्ढा खोदने-भरने की योजना नहीं होगी 'जी राम जी' : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गांवों में बनेंगी टिकाऊ परिसंपत्तियां समय पर काम और श्रमिकों को मिलेगा सम्मानजनक जीवन



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकसित भारत 'जी राम जी' योजना के तहत अब गड्ढा खोदने और फिर उसे भरने जैसे निरर्थक कार्य नहीं होंगे। इस योजना का उद्देश्य हर गांव में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण कर स्थायी विकास को गति देना और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना केवल अस्थायी राहत तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगी। सरकार समय पर काम उपलब्ध कराएगी और श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करेगी। योगी मंगलवार को लोकभवन ऑडिटोरियम में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के संबंध में ब्रीफिंग दे रहे थे। सीएम ने स्पष्ट किया कि अस्थायी और अधूरी परिसंपत्तियों का दीर्घकालीन लाभ नहीं होता उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गांव विकसित होंगे, ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनेगी, किसान आत्मनिर्भर होगा और श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा व सम्मान मिलेगा। योगी ने कहा कि ग्राम पंचायतें अधिनियम के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों की चार श्रेणियां तय कर सकेंगी। जल संरक्षण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, चेकडैम सहित अन्य स्थायी संरचनाएं विकसित की जा सकेंगी। ग्रामीण ढांचे के अंतर्गत सड़क, नाली, खेल मैदान, ओपन जिम, बाजार और दुकानों जैसे आजीविका-संबंधी कार्य कराए जाएंगे। आपदा प्रबंधन और प्रतिकूल मौसम से निपटने की तैयारी भी योजना का हिस्सा होगी।

### किसानों के हित सुरक्षित

योगी ने कहा योजना को पूरी तरह डिमांड-ड्रिवन बनाया गया है। रोजगार गारण्टी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। मानदेय का साप्ताहिक भुगतान होगा और भुगतान में देरी होने पर मुआवजे का प्रावधान भी किया गया है। समय पर काम न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता अब कानूनी अधिकार बन चुका है। खेती के मौसम में किसानों को मजदूरों की कमी न हो, इसके लिए बुआई और कटाई के समय 60 दिन तक कार्य-विराम का अधिकार है, जिससे किसान-मजदूर दोनों के हित सुरक्षित रहेंगे।

### प्रत्येक 6 माह में सोशल ऑडिट अनिवार्य

कैग मानकों के अनुरूप प्रत्येक छह माह में अनिवार्य सोशल ऑडिट, बहुस्तरीय समयबद्ध शिकायत निवारण और जिला लोकपाल की व्यवस्था भी की गई है। केंद्र-राज्य की 60:40 की साझेदारी से यह अधिनियम वित्तीय अनुशासन और संघीय संतुलन को मजबूती देगा। इससे राज्यों को 17,000 करोड़ अतिरिक्त मिल सकते हैं। वहीं टेक्नोलॉजी को कानूनी अधिकार का दर्जा देते हुए बायोमैट्रिक उपस्थिति, जियो-टैगिंग, रियल टाइम मोबाइल एप मॉनिटरिंग, एआई आधारित निगरानी और डिजिटल भुगतान लागू होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अजय कुमार शुक्ला बने प्रमुख सचिव सहकारिता

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी अजय कुमार शुक्ला को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है। वर्ष 2001 बैच के आइएएस अधिकारी अजय कुमार शुक्ला को इससे पूर्व जल निगम (शहरी) के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था। वह नगर विकास विभाग के सचिव और अमृत योजना के राज्य मिशन निदेशक भी रह चुके हैं। 1 जनवरी 2026 को ही उन्हें पदोन्नत कर प्रमुख सचिव बनाया गया है।

### पेयजल परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में अमृत 2.0 योजनान्तर्गत 16वीं राज्य स्तरीय उच्चाधिकार संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 186172.22 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाली 33 पेयजल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इनमें 42749.09 लाख रुपये अनुमानित लागत वाली 05 परियोजनाएं, 62329.37 लाख रुपये अनुमानित लागत वाली 11 परियोजनाएं और 81093.76 लाख रुपये अनुमानित लागत वाली 17 परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से 2,87,801 गृह संयोजन करने के लिए नए नलकूपों का निर्माण, रिबोर नलकूपों का कार्य, पूर्व निर्मित उच्च जलाशयों की मरम्मत, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पंप हाउस तथा संबंधित कार्य कराए जाएंगे।

### दो निजी अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश में अनियमितता का मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि कुछ सूचीबद्ध निजी अस्पताल पात्र लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत उपचार देने से इनकार कर रहे हैं। प्रारंभिक जांच और समीक्षा के बाद स्टेट हेल्थ एजेंसी, उत्तर प्रदेश ने गौतम बुद्ध नगर स्थित सुरभि हॉस्पिटल और गाजियाबाद स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### विकास के लिए 1098.02 लाख मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज सरकार ने प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सुदृढ़ करने और किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि क्षेत्र की क्षमता, कौशल विकास और उत्पादन वृद्धि की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कुल 383.00 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस धनराशि का उपयोग मुख्य रूप से कृषि परियोजनाओं के अनुरक्षण और कंप्यूटर हार्डवेयर की खरीद के लिए किया जाएगा, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली में आधुनिकता और कुशलता आएगी। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में नवीन अवस्थापनाओं और परिसंपत्तियों के विकास को गति देने के लिए सरकार ने 1098.02 लाख रुपये (दस करोड़ अट्ठानवे लाख दो हजार मात्र) की राशि स्वीकृत की है। इस बजट के माध्यम से प्रदेश में कृषि विभाग की विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे ग्रामीण स्तर पर कृषि संबंधी आधारभूत ढांचे का विस्तार होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने किसानों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से बचाने के लिए एक कड़ा निर्णय लिया है। प्रदेश में यूरिया आपूर्ति करने वाली संस्थाओं द्वारा अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर-अनुदानित उत्पादों (टैगिंग उत्पादों) की जबरन बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

# सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग अनिवार्य : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की मिशन कर्मयोगी की प्रगति व कार्ययोजना की समीक्षा
- आईगॉट पोर्टल पर पाठ्यक्रम अपलोड करने के निर्देश
- प्रमोशन और एसीआर से भी जोड़ा जाएगा कार्यक्रम

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम अनिवार्य किया जाएगा। सात दिवसीय प्रशिक्षण को चरणबद्ध तरीके से लागू करते हुए इसे आगे चलकर प्रमोशन और एसीआर से भी जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश मंगलवार को 'मिशन कर्मयोगी' के अंतर्गत राज्य में अब तक हुई प्रगति और आगामी कार्ययोजना की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान ने प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के क्रियान्वयन की स्थिति और आगे की कार्ययोजना प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मिशन कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य वैश्विक दृष्टिकोण के साथ भारतीय लोकाचार में निहित मूल्यों को आत्मसात करते हुए सक्षम, संवेदनशील और परिणामोन्मुख मानव संसाधन तैयार करना है। यह पहल शासन व्यवस्था को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप ढालने में निर्णायक भूमिका निभा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार कर आईगॉट पोर्टल पर अपलोड करें। उपाम सहित सभी प्रशिक्षण केंद्रों में समयानुकूल कैपेसिटी बिल्डिंग कोर्स विकसित किए जाएं। उन्होंने पाठ्यक्रमों में एआई और साइबर सिक्योरिटी को अनिवार्य रूप से शामिल करने, 'अमृत ज्ञान कोश' पर प्रदेश की श्रेष्ठ केस स्टडीज अपलोड करने और प्रशिक्षण की गुणवत्ता, नियमित मूल्यांकन व व्यावहारिक उपयोगिता पर विशेष ध्यान देने को कहा।



अपने सरकारी आवास पर मिशन कर्मयोगी की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### यूपी आईगॉट क्रियान्वयन देश का अग्रणी राज्य

- बैठक में यह भी बताया गया कि आईगॉट कर्मयोगी के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश से 18.8 लाख से अधिक कार्मिक प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड हो चुके हैं, जो वर्ष 2025 में देशभर की कुल ऑनबोर्डिंग का 93 प्रतिशत है। वहीं, 10 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं ने कम से कम एक पाठ्यक्रम पूरा किया है और 72 लाख से अधिक पाठ्यक्रम पूर्ण हुए हैं, जो वर्ष 2025 की देशव्यापी कुल पूर्णताओं का 99 प्रतिशत है।

### फील्ड कर्मियों पर विशेष फोकस

- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एएनएम, आशा कार्यकर्ता, पुलिस कांस्टेबल, पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों से जुड़े फील्ड कर्मियों के लिए व्यवहारिक, कार्य-आधारित और जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जाए, ताकि जमीनी स्तर पर सेवाओं की संवेदनशीलता और प्रभावशीलता में निरंतर सुधार हो सके।

### 3 करोड़ कार्मिकों को जोड़ने का लक्ष्य

- मुख्यमंत्री को बताया गया कि मिशन कर्मयोगी के तहत केंद्र में 30 लाख से अधिक सिविल सेवकों, राज्यों में लगभग 2.2 करोड़ कार्मिकों तथा शहरी स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं में लगभग 50 लाख कार्मिकों को क्षमता संवर्धन से जोड़ने का लक्ष्य है। देशभर के 790 से अधिक सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ किया जा रहा है। आईगॉट प्लेटफॉर्म पर अब तक 1.45 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ता पंजीकृत हैं। यहां 4,179 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

# पारिवारिक विवादों में आएगी बड़ी कमी

## पैतृक संपत्ति के बंटवारे की रजिस्ट्री अब सिर्फ 10 हजार रुपये में होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश में आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पैतृक संपत्ति के बंटवारे और किराया रजिस्ट्रेशन से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। इस फैसले से जहां पारिवारिक विवादों में कमी आएगी, वहीं किरायेदारों और मकान मालिकों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा।

निर्णय के तहत अब पैतृक संपत्ति के बंटवारे के लिए मात्र 10,000 रुपये में रजिस्ट्री कराई जा सकेगी। इसमें 5,000 रुपये स्टांप ड्यूटी और 5,000 रुपये निबंधन शुल्क शामिल होंगे। यह व्यवस्था तीन पीढ़ियों से अधिक पारंपरिक वंशजों के बीच लागू होगी। बंटवारा केवल पैतृक अचल संपत्ति का ही किया जाएगा, जिसमें कृषि, आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियां शामिल हैं। संपत्ति का विभाजन उत्तराधिकार कानून के तहत प्राप्त हिस्से के अनुपात में किया जाएगा।

दूसरी तरफ, सरकार ने किराया रजिस्ट्रेशन को भी बेहद आसान और सस्ता बना दिया है। अब स्टांप ड्यूटी और निबंधन शुल्क में 90 प्रतिशत तक की कमी की गई है। नई दरों के अनुसार अलग-अलग किराया अवधि और वार्षिक किराया श्रेणियों में पहले की तुलना में शुल्क में भारी गिरावट आई है, जिससे आम नागरिक आसानी से रेंट एग्रीमेंट का पंजीकरण करा सकेंगे।

### कैबिनेट के निर्णय

- तीन पीढ़ियों से अधिक वंशजों में पैतृक अचल संपति का होगा आसान विभाजन
- किराया रजिस्ट्रेशन पर 90 प्रतिशत तक शुल्क में कटौती
- आम नागरिक आसानी से करा सकेंगे रेंट एग्रीमेंट का पंजीकरण

### ये बड़े फायदे

- मकान मालिक और किरायेदार आसानी से रेंट एग्रीमेंट पंजीकृत करा पाएंगे
- पारदर्शिता बढ़ेगी और कानूनी सुरक्षा मजबूत होगी
- संपत्ति विवादों में कमी आएगी
- अवैध और कच्चे समझौतों पर रोक लगेगी



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते मंत्री सुरेश खन्ना, नंदी और अन्य।

### खेल विभाग में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारियों की भर्ती

- कैबिनेट ने खेल विभाग में क्षेत्रीय अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में संशोधन को भी मंजूरी दी। विभाग में कुल 18 पद स्वीकृत हैं। पहले व्यवस्था थी कि 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से और 50 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों से भरे जाएंगे। अब मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार दो-तिहाई (12 पद) पदोन्नति से और एक-तिहाई (6 पद) अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों (ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स) से भरे जाएंगे। इससे अनुभवी अधिकारियों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों दोनों को अवसर मिलेगा।

### कानपुर में 37वीं वाहिनी पीएसी के पुराने भवन ध्वस्त होंगे

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोकभवन में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कैबिनेट ने 37वीं वाहिनी पीएसी, कानपुर के पुराने और जर्जर आवासीय भवनों को ध्वस्त करने की अनुमति दी गई। ध्वस्तीकरण के बाद वहां टाइप-वन स्पेशल के 108 नए आवास बनाए जाएंगे, जिससे पीएसी जवानों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी।

### पीलीभीत में नया बस स्टेशन

- टनकपुर रोड पर मुख्यालय के पास एक नवीनतम बस स्टेशन की स्थापना को मंजूरी दी गई है। यह बस स्टेशन राजस्व विभाग की 1.317 हेक्टेयर (लगभग 7,000 वर्गमीटर) भूमि पर बनाया जाएगा, जिसे राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 30 वर्षों की लीज पर देने का निर्णय लिया है, जिसे 90 वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकेगा। नए बस स्टेशन के निर्माण से उत्तराखंड और नेपाल जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बस स्टेशन का निर्माण कार्य दो वर्षों के भीतर पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### दो उप निबंधक कार्यालय भवनों को भूमि आवंटन को मंजूरी

- कैबिनेट की बैठक में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से जुड़े दो अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इसके तहत कैबिनेट ने जनपद कुशीनगर की तहसील कप्तानगंज में उप निबंधक कार्यालय भवन के निर्माण हेतु ग्राम बसहिया उर्फ कप्तानगंज स्थित तहसील परिसर की भूमि में से 0.0920 हेक्टेयर (920 वर्गमीटर) भूमि को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। वर्तमान में उप निबंधक कार्यालय जीर्ण-शीर्ण भवन में संचालित है, जिसे ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण किया जाएगा।

### वाराणसी में बनेगा 500 बेड का मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल

- कैबिनेट ने शिव प्रसाद गुप्ता एसएसपीजी मंडलीय जिला चिकित्सालय, वाराणसी परिसर में पहले से मौजूद 11 जर्जर और निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कर 500 शैय्या वाला मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाने को मंजूरी दे दी है। यह अस्पताल 315 करोड़ 48 लाख रु. की लागत से बनाया जाएगा और इसका निर्माण कार्य चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना में 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार (लगभग 189 करोड़ रु.) और 40 प्रतिशत राज्य सरकार (लगभग 126 करोड़ रु.) द्वारा वहन की जाएगी। इस निर्णय से पूर्वांचल के मरीजों को अत्याधुनिक और उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कैबिनेट ने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के वाराणसी में ऑफ-कैंपस की स्थापना के लिए 50 एकड़ भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। यह भूमि तहसील राजा तालाब, जनपद वाराणसी क्षेत्र में स्थित है, जिसे पशुधन विभाग से 99 वर्षों की लीज पर विश्वविद्यालय को दी जाएगी। इस कैंपस के खुलने से फॉरेंसिक साइंस, साइबर क्राइम और आपराधिक जांच के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी शैक्षणिक और तकनीकी मजबूती मिलेगी।

# प्रदेश में निवेशकर्ताओं को मिलेंगी बंपर सुविधाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### सेमीकंडक्टर इकाई



- ब्याज सब्सिडी, कर्मचारी लागत प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक नेट एसजीएसटी में मिलेगी छूट
- यूपी के मूल निवासियों के लिए 100 प्रतिशत ईपीएफ प्रतिपूर्ति
- 10 वर्षों तक प्रति यूनिट 2 रु. बिजली बिल में मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य सरकार ने जनवरी 2024 में लाई गई सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से 3,000 करोड़ रु. या उससे अधिक के निवेश पर विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है। सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद बताया कि अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान जैसे देशों में सेमीकंडक्टर का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है।

इसी क्रम में भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को इस उभरते उद्योग का बड़ा केंद्र बनाने के लिए योगी सरकार ने केस-टू-केस आधार पर प्रोत्साहन देने की स्वीकृति दी है। उन्होंने बताया, इसके तहत सेमीकंडक्टर इकाइयों को ब्याज सब्सिडी, कर्मचारी लागत प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक नेट एसजीएसटी में छूट, यूपी के मूल निवासियों के लिए 100 प्रतिशत ईपीएफ प्रतिपूर्ति (अधिकतम 2,000 रु. प्रतिमाह), जल मूल्य में छूट और 10 वर्षों तक प्रति यूनिट 2 रु. बिजली बिल में छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करना है।

### ग्लोबल सर्विस हब बनेगा प्रदेश

- उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति-2024 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमावली-2025 को मंजूरी दी गई। इस नियमावली के लागू होने से प्रदेश को वैश्विक निवेश, उच्च स्तरीय सेवाओं और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन में नई गति मिलेगी। इसके लिए इन्वेस्ट यूपी को नोडल एजेंसी नामित किया गया है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने बताया कि प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है, जिसके चलते निवेश करने के लिए उद्योग घराने और मल्टीनेशनल कंपनियां हमारे संपर्क में हैं। जीसीसी नीति हमारे लिए बहुत लाभप्रद है और आज हम इसकी एसओपी लेकर आए हैं। यूपी में जीसीसी के निवेश में लगातार वृद्धि हो रही है। 21 कंपनियों ने इसमें निवेश शुरु कर दिया है।

# जनता को धोखा देने के लिए मंत्रिमंडल विस्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः योगी मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावनाओं के बीच समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा जनता को धोखा देने के लिए मंत्रिमंडल विस्तार करेगी।

इसी क्रम में उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं को बूथ पर काम करना है। यूपी के विधानसभा चुनाव पर लोकतंत्र का दारोमदार है। भाजपा के षड्यंत्र को विफल करना है। जनता 2027 में भाजपा को हटाने का निश्चय कर चुकी है। मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर में निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगा है। भाजपा लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। हर मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़वायें। पार्टी के सभी लोग बूथ पर मजबूती से जुटे। सपा प्रमुख ने कहा कि 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना करनी है। सबको सम्मान और न्याय मिलेगा। प्रदेश का विकास होगा। समाजवादी सरकार में गोमती रिवरफ्रंट पर महाराजा बिजली पासी की सोने की प्रतिमा लगाई जाएगी।



सपा मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते अखिलेश यादव ।

# कृषि निर्यात बढ़ाएगा 'इंडस फूड एक्सपो-2026'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 8 से 10 जनवरी को ग्रेटर नोएडा में आयोजन, तैयारी तेज
- 25 देशों के सामने प्रदर्शित किए जाएंगे यूपी के उत्पाद

**अमृत विचार :** 8 से 10 जनवरी को इंडियन एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित ''इंडस फूड एक्सपो-2026'' में उत्तर प्रदेश भी प्रतिभाग करेगा। इस आयोजन में शामिल होने वाले 25 देशों के समक्ष कृषि उत्पाद और उससे बने खाद्य पदार्थ प्रदर्शित करके निर्यात बढ़ाया जाएगा। कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय ने कार्यक्रम की तैयारी तेज कर दी है।

इस कार्यक्रम में निर्यातक और एफपीओ द्वारा उत्तर प्रदेश के फल, सब्जी, बासमती और सामान्य चावल समेत कई उत्पाद और इनसे बने खाद्य पदार्थ स्टॉलों पर प्रदर्शित करेंगे। कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार निदेशालय ने प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ, बुलंदशहर, नोएडा और अयोध्या से छह निर्यातक और एफपीओ चयनित किए हैं। जिन्हें 25 देशों के सामने अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस आयोजन में क्रेता-विक्रेता आपस में सीधे अपने उत्पादों की खासियत, पहचान, दाम आदि बताएंगे और समन्वयक बनाकर सीधे आर्डर लेंगे। इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। विभाग को कार्यक्रम स्थल में एक हजार वर्ग फिट का पवेलियन मिला है। इसमें फल, सब्जी व अन्य उत्पादों के स्टॉल, वाल प्रचार, जीआई गैलरी आदि बनाई जाएगी।

महिला आयोग | न्याय, सहानुभूति और संवाद के माध्यम बनी पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक

# वैवाहिक विवादों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय परामर्श से सुलझाना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित पारिवारिक विवाद निवारण क्लिनिक को महिलाओं, बच्चों एवं परिवार की गरिमा और अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय, जन-केंद्रित और दूरदर्शी पहल बताया है।

बबिता सिंह चौहान ने कहा कि इसका मूल उद्देश्य पारिवारिक कलह, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न एवं वैवाहिक विवादों को दंडात्मक कार्रवाई के बजाय संवेदनशील परामर्श, मध्यस्थता और आपसी संवाद के माध्यम से सुलझाना है, ताकि पीड़ितों को लंबी कानूनी प्रक्रिया, सामाजिक कलंक और मानसिक उत्पीड़न से बचाया जा सके। यह पहल कानून और करुणा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए न्याय को अधिक मानवीय बनाती है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) पुलिस और शारदा विश्वविद्यालय के मध्य हुए एमओयू से प्रारंभ यह प्रयोगात्मक पहल आज एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभर कर सामने आई है। 10 जुलाई 2020 को औपचारिक रूप से उद्घाटित इस क्लिनिक ने पारिवारिक विवादों के समाधान का एक ऐसा वैकल्पिक मार्ग प्रस्तुत किया है, जिससे न्यायालयों और पुलिस तंत्र पर बढ़ते बोझ में भी उल्लेखनीय कमी आई है।



राज्य महिला आयोग अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान।

### पंचायती राज विभाग के कैलेंडर में दिखेगा महिला सशक्तिकरण

- **अमृत विचार, लखनऊ:** महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्राम पंचायतों में उनकी वास्तविक एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर जारी किया गया है। यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं, बल्कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है। कैलेंडर के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि ग्राम पंचायतों में महिलाएं केवल नाम की प्रधान या प्रतिनिधि न रहें, बल्कि विकास कार्यों और निर्णय प्रक्रिया में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने, अपनी बात मजबूती से रखने और पंचायत संचालन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। यह कैलेंडर ग्राम पंचायतों, पंचायत भवनों एवं विभागीय कार्यालयों में प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों में महिलाओं की सहभागिता को लेकर सकारात्मक सोच विकसित हो सके। पंचायती राज विभाग का यह प्रयास ग्रामीण स्तर पर महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया का अहम हिस्सा बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




पंचायती राज विभाग का कैलेंडर जारी करते कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर।

जब पंचायतों में महिलाएं सशक्त होंगी और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तभी गांवों का समग्र विकास संभव होगा। यह कैलेंडर महिला हितैषी सोच को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

-ओमप्रकाश राजभर, पंचायती राज मंत्री

# हाईटेक और नागरिक केंद्रित होंगी प्रदेश की तहसीलें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जून तक सर्वे और विस्तृत फ्रेमवर्क का काम होगा पूरा
- तहसीलें होंगी मॉडल प्रशासनिक केंद्र, थमेगा भ्रष्टाचार

अमृत विचारः प्रदेश सरकार राजस्व प्रशासन को अत्याधुनिक, डिजिटल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण किया जाएगा। इसका उद्देश्य तहसील स्तर पर नागरिकों को तेज, भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी और तकनीक-आधारित राजस्व सेवाएं उपलब्ध कराना है।

फ्यूचर रेडी तहसीलें उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक क्रांति लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं, जो नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करने के साथ राज्य के समग्र विकास को नई रफ्तार देंगी। इन तहसीलों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-फाइलिंग सिस्टम, ऑनलाइन रिकॉर्ड मैनेजमेंट और स्मार्ट वर्कस्पेस जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके लिए सभी तहसीलों का सर्वे और विस्तृत फ्रेमवर्क तैयार करने का कार्य चल रहा है, जिसे जून 2026 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई है। भूमि अभिलेख, नामांतरण, प्रमाण-पत्र जारी करना, विवाद निपटारा और अन्य राजस्व सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन की जाएंगी। नागरिकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और घर बैठे सेवाएं उपलब्ध होंगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पिकअप से टकराई बाइक, युवक घायल

**बारुन, अयोध्या :** अयोध्या-रायबरेली फोरलेन पर इनायतनगर थाना क्षेत्र के बारुन बाजार अंतर्गत पटखौली चौराहे पर मंगलवार दोपहर विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप वाहन से एक तेज रफ्तार बाइक सवार अतुल यादव (26) पुत्र राम अचल यादव निवासी अहिरन का पुरवा खंडासा टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार ने हेलमेट भी नहीं पहना था।

### हादसे में बुजुर्ग की मौत, भाई गंभीर

**रानी बाजार, अयोध्या :** ग्राम पंचायत सरियावा के मजरे तिवारी का पुरवा निवासी राजेंद्र कुमार तिवारी (62) व उनके भाई कृष्ण कुमार (55) पुत्रगण राम उजागिर सुबह घर से हनुमानगढ़ी दर्शन करने के लिए मोपेड से गए थे। लौटते समय निकट बालासराय रिंग रोड ओवर ब्रिज के पास ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। चालक ट्रैक्टर छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने राजेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया।

### रामलला को खिलाया गंजी और तिल के लड्डू

**अयोध्या, अमृत विचार :** माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि पर मंगलवार को राम मंदिर में शयन आरती के दौरान विशेष पूजन का भी आयोजन किया गया। विराजमान रामलला और राजाराम को भी तिल से बने लड्डू और गंजी का विशेष भोग लगाया गया। जिसके बाद लड्डू का ही प्रसाद भी भक्तों को बांटा गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के व्यवस्था प्रभारी गोपाल जी राव ने बताया कि मंदिर में पहले से ही कई पर्व और त्योहार मनाये जाते रहे हैं।

# कई केंद्रों पर नदारद रहे बीएलओ और सूची, अन्य पर प्रकाशन

## मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशनः लोगों में थी सूची में अपना नाम देखने की उत्सुकता


बंद रहा विकासखंड पूराबाजार के पोलिंग बूथ प्राथमिक विद्यालय। अमृत विचार


मतदाता सूची प्रकाशित करते सुपरवाइजर विजय कुमार निषाद। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय 20 21

**अमृत विचारः** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया। मतदान केंद्र से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर से प्रकाशन किया गया। जिले में कई केंद्रों पर बीएलओ के साथ सूची उपलब्ध नहीं रही, लेकिन ज्यादातर केंद्रों पर बीएलओ सूची के साथ पहुंचे। लोगों में भी सूची में अपना नाम देखने की उत्सुकता रही। कुछ केंद्रों के बीएलओ ने कहा कि अभी सूची नहीं पहुंची है। समय है लोगों को सूची दिखाएंगे। सूची छह जनवरी के बाद भी बीएलओ के पास मौजूद रहेगी। मतदाता अपना नाम सूची में देख सकते हैं।

**बूथों पर रहा सन्नाटा, कई पर पहुंचे मतदाताः पूराबाजारः** एसआईं आर की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मंगलवार को मतदाता सूची का प्रकाशन पोलिंग सेंटर पर होना था। लेकिन हालत यह है कि पूराबाजार ब्लॉक के कई पोलिंग बूथ पर सूची का प्रकाशन नहीं हो सका। यहां तक की बीएलओ भी नदारद रहे।

प्राथमिक विद्यालय कछौली पर पोलिंग बूथ विद्यालय के मेनगेट पर ताला लगा हुआ था। यही हाल प्राथमिक विद्यालय कर्मा कोडरी पोलिंग बूथ पर न तो सूची मिली और न ही बीएएओ मौजूद थे। लगभग यही स्थिति पोलिंग बूथ सराय चैमल, नरियावां, शांतिपुर, गंगौली, अलावलपुर सहित अन्य पोलिंग स्टेशनों पर रही।

सुपरवाइजर ज्योति ओझा ने बताया कि कछौली में एक युवक की मृत्यु हो जाने के कारण सूची का प्रकाशन नहीं हो सका है। बाकी जगह सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। नरायनपुर व अंकवारा पोलिंग बूथों पर सूची का प्रकाशन हुआ। यहां सूची देखने के लिए लोगों में उत्सुकता थी, यहां बीएलओ व मतदाता सूची भी मौजूद थीं।

### प्रकाशन से साफ हुआ गांव के कटे 110 मतदाता

**रानीबाजार, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र के प्राइमरी पाठशाला रानीबाजार पर सथरी के मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। बीएलओ ने बताया कि ग्राम पंचायत में कुल 110 मतदाताओं का नाम कटा है। इनमें जो लोग मृतक है। जिन लड़कियों की शादी हो गई और जो ग्राम सभा के बाहर निवास बनाकर रहने लगे हैं। मतदाता सूची प्रकाशन के समय ग्राम सभा से किसी भी प्रकार की आपत्ति अभी प्राप्त नहीं हुई।मतदाता सूची प्रकाशन के समय बीएलओ रामकरन भारती, सियाराजी प्रजापति, भारत चौधरी व सुपरवाइजर विजय कुमार निषाद, शिवम शर्मा, रामदुलारे कसौधन विजय चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### पहुंचे बीएलओ, किया प्रकाशन, दी जानकारी

**सोहावल, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र के रौनाही ग्राम पंचायत में सूची का प्रकाशन बीएलओ ने किया। यहां सूची में अपना नाम देखने के लिए आम लोगों जुटे थे। कई के नाम सूची में नही थे। बीएलओ ने लोगों को बताया कि जिन लोगों का नाम नहीं है वह अपना नाम बढ़वाने के लिए फॉर्म छह भर सकते हैं। उसके साथ घोषणा पत्र लगाना होगा। इसके बाद उनका नाम सूची में बढ़ जाएगा। एसडीएम सोहावल सविता ने बताया कि तहसील क्षेत्र में लगभग 64 हजार से ज्यादा लोगों के नाम एसआईआर में कटे हैं। आज से ही नए मतदाताओं को शामिल करने का अभियान शुरू किया गया है। एक जनवरी को 18 साल पूरा करने वाले युवा अपना नाम सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म छह भर सकते हैं।

# 18 साल के हो गए वोटर बनने को कराएं पंजीकरण

अयोध्या कार्यालय


एसआईआर में अच्छे कार्य पर बीएलओ को सम्मानित करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

**अमृत विचारः** 18 साल की आयु पूरी कर ली है तो मतदाता बनने के लिए पंजीकरण कराइए। मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहेंगे। फॉर्म भरिए और मतदाता बनिए। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने मंगलवार को नए मतदाता बनने के लिए झुझुनवाला परास्नातकोत्तर महाविद्यालय में इसका शुभारंभ कर दिया है। उन्होंने अच्छा काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। साथ ही बीएलओ को निर्देश दिया कि वह नए मतदाता बनने के लिए आवेदन कराएं। मतदान केंद्रों से जिले तक एसआईआर के बाद मतदाता सूची का प्रकाशन भी मंगलवार को दिया गया। आप अपना नाम बीएलओ के पास मौजूद मतदाता सूची में देख सकते हैं। डीएम ने कहा कि सभी नए युवा, जो 18 साल के हो गए हैं और अब तक अपना मतदाता/एपिक आईडी के लिए आवेदन नहीं किया है। वह मतदाता सेवा पोर्टल या मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ.प्र. की वेबसाइड पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन अपनी सूची भी देख सकते है। इसके साथ ही मतदाताओं के लिए उनके नजदीकी पोलिंग बूथ पर बूथ लेवल अधिकारियों से फॉर्म-छह नाम जोड़ने का, फॉर्म-सात नाम कटवाने का और फॉर्म-आठ संशोधित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि अपने क्षेत्रों में निर्वाचन संबंधित कार्य पारदर्शिता से संपादित करें। कार्यक्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### धनुष यज्ञ के साथ हुआ श्रीराम विवाह

**पटरंगा, अयोध्या :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड मवई अंतर्गत ग्राम सभा अशरफपुर गंगरेला गांव में रविवार को प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सिद्ध पीठ श्री हनुमान मंदिर पर श्री राम विवाह और धनुष यज्ञ एवं मेले का आयोजन ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। श्री राम विवाह और धनुष यज्ञ में बाराबंकी जिले के बाल कलाकारों ने हिस्सा लिया। प्रभु श्री राम के स्वरूप ने धनुष को तोड़ कर सीता जी विवाह सम्पन्न किया।इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण संवाद की प्रस्तुति दी गई। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने सभी का उत्साह वर्धन किया। पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां, मेला अध्यक्ष नरेंद्र यादव, कुलदीप सिंह यादव, चंदन सिंह यादव व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय सावन आदि उपस्थित रहे।

# सूची का आलेख्य प्रकाशन दलों की दी गयी प्रति

**अयोध्या, अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के मुताबिक एक जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण की आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से कर दिया गया। सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय दलों को सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई। मतदेयस्थल पर बूथ लेवल अधिकारी के पास मतदाता सूची जन सामान्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। आयोग के निर्देश के अनुसार निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन की तिथि छह जनवरी से छह फरवरी तक दावे आपत्तियों निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय और बूथ लेवल अधिकारी को निर्धारित प्रारूप छह नाम सम्मिलित करने के लिए घोषणा पत्र के साथ, प्रारूप सात विद्यमान निर्वाचक नामावली से नाम को हटाने के प्रस्ताव के लिए आक्षेप और फार्म- आठ-विद्यमान निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों का सुधार/ निवास का स्थानान्तरण घोषणा पत्र के साथ / मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन / दिव्यांग व्यक्तियों के रूप में चिन्हांकित करने के लिए साक्ष्य के साथ आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

# एक और सेप्टिक टैंक पहुंचा था गंदा पानी गिराने, जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार :** हाल ही में एक निजी सेप्टिक टैंक के सरयू में गंदा पानी गिराने का वीडियो वायरल होने के बाद मची खलबली की वजह से एक टैंक में पकड़ में आ गया है। इस बार का खुलासा जलकल जीएम सौरभ श्रीवास्तव ने किया है। उन्होंने बताया कि पहले वाली घटना के बाद एक बार और एक निजी टैंक गंदा पानी डालने के लिए पहुंचा था। हालांकि वह पानी नहीं डाल पाया और उसे मौके पर पकड़कर कुल पांच हजार रुपये का जुर्माना किया गया है। इससे मौके पर हड़कंप की स्थिति बन गयी। वायरल वीडियो वाले टैंक के बारे में बताते हुए कहा कि उसका अभी कुछ भी पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या क्षेत्र में किसी भी स्थल पर यदि कोई प्राइवेट सेप्टिक टैंक दिखाई पड़े तो आरटीओ ऑफिस से उसके सेप्टिक टैंक का रजिस्ट्रेशन निरस्त कराते हुए वाहक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# नौ फरवरी से संचालित होगी अरबी फारसी सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी की परीक्षा

**अयोध्या, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित अरबी और फारसी विषयों की मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) तथा आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षाएं 9 से 14 फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षाएं दो पालियों में संपन्न होंगी। मुंशी/मौलवी सेकेंडरी फारसी एवं अरबी की परीक्षाएं प्रथम पाली में सुबह 8 बजे से 11 बजे तक और आलिम सीनियर सेकेंडरी फारसी एवं अरबी की परीक्षाएं द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।अधिक जानकारी, समय-सारिणी, एडमिट कार्ड या अन्य संबंधित विवरण के लिए संबंधित मदरसा प्रधानाचार्य या जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, अयोध्या से संपर्क किया जा सकता है।

# बिना काम किया भुगतान, बदल दिया आवास का लाभार्थी

- डीडीओ, पीडी के टीम की जांच में खुली असलियत, बढ़ी हलचल
- प्रधान व सचिवों का खेल, विकास कार्यों में मनमानी, तारुन की ग्राम पंचायत गरौली का मामला

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

> तारून की ग्राम पंचायत गरौली के विकास कार्यों की जांच में अनियमितता मिली है। दोषी प्रधान व कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –अविनाश कुमार, डीपीआरओ

**अमृत विचारः** बिना काम कराए ही परियोजना पर पैसे का भुगतान कर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी को बदल कर दूसरे को लाभ दे दिया गया। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में खेल किया गया। जांच हुई तो असलियत खुलकर सामने आ गई। अब हलचल है।

मामला तारुन ब्लॉक की ग्राम पंचायत गरौली का है। ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर गांव के रहने वाले सुधीर कुमार तिवारी, सुनील कुमार मौर्य ने शिकायत की थी। इसकी जांच पहले खंड विकास अधिकारी के स्तर से कराई गई तो अनियमितता के मामले पकड़ में आए। इसके बाद जिलाधिकारी की ओर से गठित तीन सदस्यीय कमेटी से जांच कराई गई। जांच कमेटी में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए के साथ एक सहायक अभियंता को नामित किया गया था। जांच टीम की रिपोर्ट जन सूचना के जरिए सामने आई। रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं।मनमानी काम कराए गए, वित्तीय नियमों को दरकिनार कर भुगतान कर दिया गया। गांव में राम लाल के घर से जय राम के घर तक नाली बगैर नाली निर्माण लगभग 45 हजार रुपये का भुगतान कर दिया गया। बाद में सफाई दी कि बाबू राम के घर से भोलू के घर तक नाली निर्माण का भुगतान किया गया। तत्कालीन प्रधान व सचिव दोषी पाए गए। हैंडपंप मरम्मत का काम चरागाह बन गया। एक ही आईडी पर साल 2021-22, 2022-23, 20223-24 में 63665 रुपये का भुगतान कर दिया गया। खास तो यह रहा कि जांच के दौरान वह हैंडपंप भी नहीं बता पाए, जिस पर मरम्मत का काम कराया गया। इससे बड़ा खेल तो आवास के आवंटन और लाभार्थी को लाभ पहुंचाने में किया गया। चयन श्याम लाल पुत्र देवराज की आईडी पर हुआ और बैंक में खाता फीड कराया श्याम लाल पुत्र सुखराज का। आवास का लाभ गलत लाभार्थी श्याम लाल पुत्र सुखराज को मिला। यही इतना नहीं बीपीएल सूची 2002 के क्रमांक 5763 पर अंकित राजकुमार अनुसूचित जाति के नाम पर नीलू पत्नी राजकुमार सामान्य जाति को आवास का लाभ दे दिया। ग्राम रोजगार सेवक सुरेश कुमार भी कमाल करने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने मस्टर रोल संख्या 4805 से 4807 तक एनएमएमएस के माध्यम से दर्ज की गई उपस्थिति में एक ही फोटो अपलोड कर डाली। हालांकि सफाई यह दी कि चूकवश ऐसा हुआ। भुगतान नहीं किया गया। हाजिरी शून्य कर दी गई। विद्यालय की नवनिर्मित बाउंड्री वाल में पांच स्थानों पर फटी मिली। जांच अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और जेई ने की। मौरंग का प्रयोग नहीं मिला। बालू मिली। पहली और दूसरी जांच के बीच इसे दुरुस्त करा दिया गया। दूसरी जांच में दीवाल सही मिली। मोरंग का प्रयोग भी मिल गया। जांच कमेटी ने अलग-अलग कार्यों के लिए तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार, माता प्रसाद, जय सिंह यादव दोषी पाए गए।

# जिलाधिकारी को मिलीं शिकायतें, एसडीएम ने की छापेमारी

अयोध्या कार्यालय


चिकित्सकों के हाजिरी रजिस्टर की फोटो खींचते एसडीएम अभिषेक सिंह।


प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह संग मरीजों से फीडबैक लेते एसडीएम अभिषेक सिंह।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी को लगातार मिल रहीं शिकायतों के बाद एसडीएम अभिषेक सिंह ने मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे जिला अस्पताल में छापा मार दिया। अस्पताल में उनके प्रवेश करते ही हड़कंप मच गया। वह गाड़ी से उतरते ही सीधा सीएमएस कार्यालय पहुंचे और चिकित्सकों के हाजिरी रजिस्टर की तस्वीर खींच ली। एसडीएम के निरीक्षण के दौरान बाल रोग विशेषज्ञों समेत कई चिकित्सकों के नदारद रहने की सूचना सामने आई है। एसडीएम ने हिदायत दी कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एसडीएम अभिषेक सिंह ने बताया जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को जिला अस्पताल में चिकित्सकों के आए दिन देर से पहुंचने की शिकायत मिल रही थीं। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देशन में एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। बागडोर एसडीएम अभिषेक सिंह ने संभाली। एसडीएम अभिषेक सिंह सुबह-सुबह अपनी टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। इस दौरान प्रमुख अधीक्षक डॉ. राजेश सिंह मौजूद रहे। उन्होंने ओपीडी परिसर का भ्रमण किया। बच्चा वार्ड में प्रारंभिक निरीक्षण के दौरान कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। इसके बाद इमरजेंसी ओपीडी का निरीक्षण किया। एसडीएम ने मरीजों से उपचार को लेकर फीडबैक भी लिया। वार्डों में जाकर चिकित्सकों की उपस्थिति का सत्यापन किया। जानकारी में पता चला अधिकांश चिकित्सक अस्पताल पहुंचे थे जो राउंड ले रहे थे। वह जनरल ओटी, ऑर्थो ओटी व अन्य जगहों पर भी गए। सीएमएस के माध्यम से सभी को निर्देशित किया गया कि मरीजों की देखभाल में कोई लापरवाही न बरती जाए। ठंड से बचाव के लिए अलाव जलता पाया गया। विलंब से आने वाले दो चिकित्सकों को सख्त चेतावनी दी गई। अब आगे भी निरीक्षण किया जाता रहेगा। सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि एसडीएम ने निरीक्षण किया है।

### गायब था तो कोई दौड़ते-दौड़ते पहुंचा

एसडीएम के निरीक्षण में चिकित्सकों ने एक बार फिर बचाव के लिए राउंड वाला तरीका खोज निकाला। सूत्र बताते हैं कि डॉ. डीके चौधरी ओपीडी से गायब थे। डॉ. आमिर अतीक भी नदारद थे। सूचना मिलते ही हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गुलाब चंद्र दौड़ते-दौड़ते हॉस्पिटल पहुंचे। डॉ. अनिल वर्मा समेत दोनों बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद नहीं थे। प्रभारी सीएमएस डॉ.राजेश सिंह भी मौके पर नहीं थे। वह भी एसडीएम को बाद में मिले थे। हालांकि डॉ. राजेश सिंह का कहना है कि वह रूटीन राउंड कर रहे थे।

# 345 एडेड कॉलेज में होगी भर्ती काउंसलिंग

**अयोध्या कार्यालयः** अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) जूनियर हाईस्कूलों में प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापकों के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदनों की काउंसलिंग एवं अभिलेखों का परीक्षण के लिए बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने सोमवार देर रात समय सारणी जारी की। इसके तहत जिले के 345 एडेड कॉलेज में काउंसलिंग। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक पद की काउंसलिंग एवं अभिलेखों का परीक्षण 15 से 17 जनवरी तक एवं 19 जनवरी को होगा। वहीं संस्कृत के सहायक अध्यापकों की काउंसलिंग 12 एवं 13 जनवरी को जबकि अंग्रेजी विषय के सहायक अध्यापक की काउंसलिंग 20 से 22 जनवरी के बीच होगी। हिंदी के सहायक अध्यापकों की काउंसलिंग 24 एवं 27 से 29 जनवरी के बीच होगी। इसके अलावा सामाजिक विषय के सहायक अध्यापक पद की काउंसलिंग 30 से 31 जनवरी तथा 02 से 04 फरवरी के बीच होगा। विज्ञान एवं गणित विषय के सहायक अध्यापक पद की काउंसलिंग एवं अभिलेखों का परीक्षण 5 से 07 फरवरी के बीच एवं 9 से 12 फरवरी के बीच होगा।

सुरक्षा दीवार | लंबाई 3 .5, ऊंचाई 14 फिट और चौड़ाई पांच फिट से अधिक

# बुलेट प्रूफ होगी राम मंदिर की सुरक्षा अभेद्य दीवार

- आधुनिक यंत्रों से होगी लैस, दिसंबर 2026 तक काम पूरा करने का लक्ष्य

अयोध्या कार्यालय


राम जन्मभूमि मंदिर परिसर। अमृत विचार

**अमृत विचारः** अभेद्य किला के रूप में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को देखते हुए 3.5 किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जा रहा है। यह दीवार आधुनिक यंत्रों से लैस बुलेट प्रूफ होगी। जिसे दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा दीवार की लंबाई 3.5 और ऊंचाई 14 फिट है। वहीं चौड़ाई पांच फिट से अधिक बताई जा रही है। इसका निर्माण सुरक्षा के मानकों के तहत बनाया जा रहा है। दीवार पर वॉच टॉवर, सेंसर, सीसीटीवी कमरे भी लगाए जाएंगे। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि 14 फिट ऊंची और 3.5 किमी में बाउंड्री वॉल पर लगभग 25 वॉच टॉवर सुरक्षा के लिए अलार्म वायर्स, लाइट समेत सभी ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है। यह पूरी तरह से बुलेट प्रूफ अभेद्य दीवार होगी। उन्होंने कहा की चौड़ाई के बारे नही बताया जा सकता हैं लेकिन रिटेनिंग वॉल की तरह सुरक्षा वाल भी बनाया जा रहा है।

### अन्य मंदिरों पर भी होगा ध्वजारोहण

पीएम मोदी के द्वारा 25 नवंबर को राम मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण और 31 दिसंबर को परकोटा स्थित माता अन्नपूर्णा देवी मंदिर के शिखर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ध्वजारोहण किया है। इसके बाद शेषावतार मंदिर, गणेश, हनुमान जी, भगवान सूर्य, माता भगवती और शंकर जी के मंदिर पर ध्वजारोहण का कार्य भी जल्द ही संपन्न होगा। ट्रस्टी डॉ .अनिल मिश्रा ने बताया कि अन्य मंदिरों पर भी ध्वज लगाए जाने की तैयारी हैं। ध्वज का पूजन पहले ही संपन्न हो चुका है।

# विभाग ने लिए 74 नमूने, सभी पाए गए पॉजीटिव

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर नगर निगम द्वारा मलिन बस्तियों में पेयजल की शुद्धता जांचने का कार्य तेजी से चल रहा है। कई जगह पर मंगलवार को भी जल के नमूने एकत्र कर परीक्षण के लिए भेजे गए। वार्ड एक से सात तक की मलिन बस्तियों के केवटहिया, चेला छावनी चमरटोलिया, जयसिंहपुर कोहरइया, जयसिंहपुर मंगतहिया, नयापुरवा, बंदेअली छावनी व रेतिया में 74 नमूने एकत्र किए गए। जलकल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक सभी की रिपोर्ट पॉजीटिव आई है।

# कोर्ट के आदेश पर राजा मानसिंह के तीन प्लॉट किए गए कुर्क

रानी बाजार, अयोध्या


कार्यवाही के दौरान मौजूद सोहावल नायब तहसीलदार इंद्रभूषण यादव व पुलिसकर्मी।

**अमृत विचारः** थाना पूराकलंदर क्षेत्र के सरियावां गांव निवासी चर्चित अपराधी राजा मानसिंह के तीन प्लॉट मंगलवार को कुर्क किए गए हैं। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई है।

नायब तहसीलदार सोहावल इंद्र भूषण यादव थाना पूरा कलंदर प्रभारी मनोज शर्मा व थाना राम जन्मभूमि प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला के साथ कुर्की की कार्रवाई करने के लिए पहुंचे थे। नायब तहसीलदार इंद्र भूषण यादव ने बताया कि गैंगस्टर कोर्ट के आदेश पर धारा 14 (1) के तहत यह कार्रवाई की गई है, जिसमें ग्राम सभा साखूपारा में गाटा संख्या 180 रकबा 0.0152 हेक्टेयर व गाटा संख्या 915 रकबा 0. 0775 हेक्टेयर व सरियावां के मेड़ाई के पुरवा में गाटा संख्या 2111 रकबा 0.055 हेक्टेयर की अनुमानित कीमत लगभग तीन करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई। मुनादी करते हुए नोटिस चस्पा की गई। विगत दिनों इनका होटल व कार्यालय भी सील किया गया था।

# 91% ने किया मताधिकार का प्रयोग

## मतगणना आजः बार एसो. चुनाव में 45 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद



बार एसोसिएशन चुनाव में वोट डालने के लिए कतार में खड़े अधिवक्ता। अमृत विचार



वोट डालने के लिए उंगली में स्याही लगवाते अधिवक्ता। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** बार एसोसिएशन के वर्ष 2026 के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मंगलवार को 91.12 फ़ीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान गहमा-गहमी पूर्ण माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

बार एसोसिएशन के 12 पदाधिकारियों के चुनाव के लिए मंगलवार को कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में मतदान सुबह आठ बजे से शुरू हुआ। सुबह सर्दी की वजह से मतदाताओं की संख्या कुछ कम रही। इसके बाद धीरे-धीरे मतदाताओं को कतार में लगकर अपनी पारी का इंतजार करना पड़ा। दोपहर एक बजे तक 1124 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर दिया था। इसके बाद एक घंटे का लंच हुआ, फिर शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। इस दौरान 2500 मतदाताओं में से 2278 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आचार्य नरेंद्र देव सभागार में बनाए गए चार बूथ में से पहले बूथ पर 555, दूसरे बूथ पर 50061, तीसरे पर 564 व चौथे बूथ पर सर्वाधिक 598 मत डाले गए। प्रत्याशियों के समर्थक मतदान स्थल से निश्चित दूरी पर अपने प्रत्याशी को वोट देने की अपील करते देखे गए। संदेह होने पर तीन मतपत्र को रिटर्निंग अफसर ने निरस्त किये। मतदान संपन्न होने के बाद प्रत्याशियों के सामने मत पेटिकाएं सील की गईं। इन्हें कड़ी सुरक्षा में बार एसोसिएशन की लाइब्रेरी में रखा गया है। मत पेटियां रखने के बाद लाइब्रेरी के भी दोनों गेटों को सील किया गया। मतदान स्थल और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। कोतवाल अश्विनी कुमार पांडे पूरे दलबल से मतगणना मतदान शुरू होने से खत्म होने तक डटे रहे। मतदान में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए पूरे मतदान की वीडियोग्राफी भी कराई गई। मतगणना सात जनवरी की सुबह 9 से शुरू होकर सभी परिणाम आने तक जारी रहेगी।



मतदाता अधिवक्ताओं से अपील करते प्रत्याशियों के समर्थक। अमृत विचार

## जीवन को श्रेष्ठ बनाती है परोपकार की भावना

**पूराबाजार, अमृत विचारः** पूराबाजार ब्लाक के अंजना मजरे हरिनरायनपुर केशवपुर स्थित प्राचीन बाबा परमहंस के तपोस्थली पर चल रही आठ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य सुरेंद्र जी महाराज ने कहा कि परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का मार्ग प्रशस्त करती है। कहा कि सांसारिक संबंध छूटने पर ही ब्रह्म संबंध जुड़ता है यदि सांसारिक विषयों में सच्चा आनंद होता तो यह सब कुछ छोड़कर निद्रा की इच्छा ही नहीं होती। अधिवक्ता चंद्रमौलि सिंह और शिक्षक आशुतोष पांडेय ने व्यास पीठ की आरती उतार कर कथा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर मुख्य यजमान पूर्व जिपं सदस्य शंभूनाथ सिंह, केदारनाथ पांडेय, दिनेश मिश्रा, हौसिला प्रसाद तिवारी आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत कर्मचारियों ने शुरू किया धरना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मांगों को लेकर सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेशनर्स एसोसिएशन ने नलकूप खंड के सामने धरना शुरू किया। मांगे न माने जाने तक धरना देने का निर्णय लिया। कहा कि अधिकारी से समस्याओं का निस्तारण शीघ्र न किया गया तो अनशन शुरू किया जाएगा। नेतृत्व सनत कुमार सिंह और संचालन विकास सिंह ने किया। धरने में उदय प्रताप सिंह, चंद्र पाल, विनोद कुमार सिंह, अरविंद सिंह, रवि प्रकाश पांडेय, अमर पाल तिवारी, राम मूर्ति यादव, शिव शंकर, राम लखन, जगदंबा प्रसाद, हरी प्रसाद सहित अन्य लोग थे।

# सरोज की मौत के बाद अंडरग्राउंड हुई निर्मला हॉस्पिटल की दो नर्से

- कई बार भेजी गई नोटिस, अब सीएमओ ने एसएसपी को पत्र भेजकर मांगी तलाश की मदद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इंजेक्शन के ओवरडोज से महिला सरोज की मौत मामले में रोज सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। अब मंगलवार को खुलासा यह हुआ कि निर्मला हॉस्पिटल में सरोज की मौत वाले दिन से ही वहां की दो स्टाफ अंडरग्राउंड चल रही हैं। उनकी कोई जानकारी न निर्मला हॉस्पिटल प्रबंधन के पास है न स्वास्थ्य विभाग को ही कोई लोकेशन मिल रही है। यह तब सामने आया है जब जांच के लिए कर्मियों के बयान दर्ज करने की कार्रवाई के दौरान दोनों स्टाफ नर्स सीएमओ ऑफिस में तमाम नोटिस के बाद भी उपस्थित नहीं हुई हैं। माना जा रहा है इन दोनों ने महिला को इंजेक्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उसकी मौत के बाद मामला उछलने पर हॉस्पिटल आना ही बंद कर दिया है।

जांच के लिए इन दोनों का बयान महत्वपूर्ण तथ्य माना जा रहा है। इसे विभाग की जांच टीम के कुछ अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं। हालांकि इस मामले में सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे को अपनी प्रारंभिक आख्या भेज चुके हैं, लेकिन निर्मला हॉस्पिटल प्रकरण की जांच अभी बंद नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार निर्मला हॉस्पिटल में सरोज की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग एक-एक कदम फूंक-फूंक कर बढ़ रहा है।

यही कारण है कि अब तक निर्मला और सोना हॉस्पिटल के 24 से अधिक पैरामेडिकल स्टाफ के बयानों के बाद जांच की पूरी क्लोजर रिपोर्ट तैयार नहीं की गई है। पूरे मामले की जांच में महत्वपूर्ण मानी जा रही इन दोनों नर्स के लिए विभाग की ओर से तलबी की कई नोटिस जारी की गई और निर्मला हॉस्पिटल प्रबंधन से भी कहा गया, लेकिन दोनों अभी तक बयान दर्ज कराने नहीं आई हैं। बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल प्रबंधन ने विभाग को यह सूचित कर अपना पल्ला झाड़ लिया है कि घटना के बाद से ही दोनों अस्पताल नहीं आ रही हैं। इसके बाद अब विभाग की ओर से एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान द्वारा एक पत्र भेज कर इन दोनों गायब नर्सों को सीएमओ ऑफिस भेजे जाने के लिए मदद मांगी है। पत्र में इनके लगातार बुलाए जाने के बाद भी बयान न देने आने की बात लिखते हुए संबंधित नर्सों का पते का भी उल्लेख किया गया है। मंगलवार को इसकी पुष्टि के बाद तय हो गया है कि स्वास्थ्य विभाग अभी आगे की कार्रवाई में लगा हुआ है।



निर्मला हॉस्पिटल। अमृत विचार

### डॉ. रंजू की हुई थी सीएमओ से भिड़ंत

गत दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें निर्मला हॉस्पिटल की डॉ. रंजू बनौधा की सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान से भिड़ंत हुई थी। डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश चौधरी बताते हैं कि इन्हीं दो नर्सों को लेकर डॉ. रंजू बनौधा भड़क गई थीं और उन्होंने सीएमओ से बहस भी की थी। इसी दौरान डॉ .रंजू बनौधा द्वारा सीएमओ के कक्ष में मौजूद पत्रकारों के साथ भी बदसलूकी की गई थी। हालांकि इस घटना के बाद सीएमओ ने बड़ा हृदय दिखाते हुए हंगामा कर रहीं डॉ. रंजू पर किसी तरह की कार्रवाई या शिकायत से इन्कार कर दिया था।

> दोनों नर्सों का बयान हमारे लिए अहम है। उन्हीं पर जांच टिकी हुई है। कई बार नोटिस भेजी गई, लेकिन वे आई नहीं। अब एसएसपी को पत्र लिखकर मदद मांगी गई है।
> -डॉ. सुशील कुमार बानियान, सीएमओ



पटरंगा के रानीमऊ में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरु

**पटरंगा, अयोध्या, अमृत विचार :** विकास खंड मवई के ग्राम सभा बकौली मजरे रानीमऊ गांव में सात दिवसीय श्री मद भागवत कथा का शुभारंभ किया गया है। जिसमें कथा वाचक पंडित शिवा नंद महाराज जी द्वारा कथा का रसपान कराएंगे। बकौली मजरे रानीमऊ गांव के आयोजक सुभाष वर्मा और आजाद कुमार वर्मा के यहां से कथा वाचक पंडित शिवा नंद महाराज की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने बाराबंकी जिले के कल्याणी नदी के तट पर स्थित बाबा राम सनेही घाट तक कलश यात्रा निकाली। पंडित लाल महाराज, गोपाल मिश्र, राजन वर्मा, विशाल यादव, सुनील कुमार, जय सिंह मौजूद रहे।

# 4 सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

## डामरीकरण से सुगम होगा आवागमन, ग्रामीणों को मिलेगी समस्या से निजात

शुजागंज, अयोध्या

**अमृत विचार :** विधानसभा क्षेत्र रुदौली में आधारभूत ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने शासन द्वारा स्वीकृत लोक निर्माण विभाग की चार सड़क परियोजनाओं के नव निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया।

इन चारों परियोजनाओं पर कुल 395.89 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि बेहतर सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी गति देती हैं। विधायक द्वारा जिन चार संपर्क मार्गों का शिलान्यास किया गया उनमें रुदौली–गौरिया मऊ मार्ग (किमी. 04) से अजरका संपर्क मार्ग, लंबाई 1.00 किमी., लागत 75.50 लाख।भेलसर–रुदौली–इन्हौना मार्ग (किमी. 18) से तकिया संपर्क मार्ग, लंबाई 1.250 किमी., लागत 113.50 लाख।भेलसर–रुदौली–इन्हौना मार्ग (किमी. 20) से रमडीहा संपर्क मार्ग, लंबाई 1.150 किमी., लागत 84.58 लाख।अमौनी मठ संपर्क मार्ग (किमी. 01) से सिंहागढ़ संपर्क मार्ग, लंबाई 1.70 किमी., लागत 122.31 लाख है। इस अवसर पर सिंहागढ़ की प्रधान सुनीता यादव, रमडीहा व तकिया की प्रधान बिट्टन, विशिष्ट अतिथि के रूप में गन्ना विकास समिति गनौली के अध्यक्ष निर्मल शर्मा, नपं अध्यक्ष मां कामाख्याधाम शीतला प्रसाद शुक्ला, अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष किशोरीलाल भारती, पूर्व प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष तेज तिवारी मौजूद रहे।



रूदौली में चार सड़क की परियोजनाओं का शिलान्यास करते विधायक रामचंद्र यादव।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मूलचंद, पुत्रः** राजा राम, **पताः** ग्राम कुमलिया, थाना. महराजगंज, जिला. फ़रीदाबाद यूपी, ने **FIR No. 302/2011 U/s 363/366 IPC थानाः ज्योति नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मूलचंद,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मूलचंद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 302/2011 U/s 363/366 IPC थानाः ज्योति नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मूलचंद,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री राहुल सैनी**
**जेएमएफसी–08, कमरा नंबर 06, नई बिल्डिंग**
**करकड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/157/NE/2026**
**(Court Matter)**


# माघ मेले की तैयारी को लेकर ग्राउंड पर उतरे अफसर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** रामनगरी में आगामी मकर संक्रांति और माघ में आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को लेकर तैयारी को पूरा करने के लिए मंगलवार को अधिकारियों कमिश्नर राजेश कुमार और एडीजी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गौरव ग्रोवर के साथ एडीएम, आरएम, नगर पुलिस अधीक्षक समेत सभी विभागों के अधिकारियों ने सरयू घाट, राम की पैड़ी , लता मंगेशकर चौराहा, धर्मपथ, राम पथ का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फूंडे ने बताया कि आगामी त्योहार और स्नान को लेकर चल रहे तैयारियों का जायजा लिया है। टीम के द्वारा कुछ घाटों पर स्नान करने खड़ी होने वाली समस्याओं को देखते हुए संबंधित विभाग को सुधारने के लिए संबंधित एजेंसियों को भी निर्देश दिए गए है। और समय से बैरिकेडिंग व लाइटिंग समेत सभी कार्य पूरा किया जाएगा।

कमिश्नर राजेश कुमार ने बताया कि माघ मेले में पूर्व की तरह इस बार भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावनाएं है। जो सरयू नदी में स्नान करने के बाद विभिन्न मंदिरों में दर्शन के लिए जायेंगे। उनके आने जाने मार्ग को सुरक्षित बनाने के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए निर्देश किया गया हैं। एडीजी प्रवीण कुमार ने कहा कि माघ मेले में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है। चाहे वह मकर संक्रांति हो, मौनी अमावस्या हो या बसंत पंचमी सभी को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर अलग-अलग स्थान पर पॉइंट चिन्हित किए गए हैं। आने वाले श्रद्धालुओं को कैसे बेहतर सुविधा दे सके है।



राम की पैड़ी पर तैयारी का निरीक्षण करते एडीजी प्रवीण कुमार, मंडलायुक्त राजेश कुमार, डीआईजी / एसएसपी डॉ .गौरव ग्रोवर।

## प्रवेश परीक्षा को लेकर कमिश्नर ने की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026 के लिए प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा के मद्देनजर कमिश्नर राजेश कुमार ने बैठक की। प्रवेश परीक्षा की तैयारियों, व्यवस्थाओं और समन्वय से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। निर्देश दिया कि प्रवेश परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संपन्न कराया जाए। कहा कि पात्र विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी समस्त जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में उपश्रमायुक्त अयोध्या अमित मिश्रा, सहायक श्रम आयुक्त अयोध्या एनके चौधरी, संयुक्त शिक्षा निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक आदि रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत– अशरफपुर गंगरेला**
**विकास खण्ड– मवई, अयोध्या**

**पत्रांकः** 01/सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा/2025–26 **दिनांकः** 06.01.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अशरफपुर गंगरेला ब्लाक मवइ जनपद अयोध्या में वित्तीय वर्ष 2025–26 में मनरेगा/15वां वित्त/राजवित्त की वार्षिक कार्य योजना अन्तर्गत स्वीकृत कार्य–ईट, मौरंग, बालू, सीमेंट, सरिया, इन्टरलॉकिंग ईट व आयरन वर्क हेतु अवाश्यक सामग्री की आपूर्ति हेतु जीएसटी फर्म से सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती हैं। आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता 07.01.2026 से 15.01.2026 की दोपहर 12 बजे तक पंचायत भवन अशरफपुर गंगरेला में निविदा जमा कर सकते हैं। दिनांक 15.01.2026 की अपरान्ह 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यकारणी के समक्ष निविदा खोली जायेगी। न्यूनतम स्वीकृत दर के अनुरूप निर्धारित समय पर प्राक्कलन में निर्धारित समय पर प्राक्कलन में निर्धारित मात्रा में निविदा आपूर्ति हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा। निविदा अस्वीकृत करने का अधिकार समिति को है। जो सर्वमान्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लगभग |
|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र के घर से राजवीर के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 5 लाख 6 हजार |
| 2. | परसू के घर से सुमिरता के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 6 लाख 65 हजार |
| 3. | सुखराम के घर से राममिलन के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 7 लाख 22 हजार |

नियम व शर्तेः– 1. निर्धारित समय सीमा के पश्चात किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 2. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी। 3. निविदा फार्म के साथ जीएसटी नम्बर संलग्न करना अनिवार्य है। 4. बिना कारण बताए हुए किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार समिति में निहित होगा जो सभी को मान्य होगा।

**महेश प्रसाद– ग्राम प्रधान**
**अशरफपुर गंगरेला, मवई, अयोध्या**

**कविता वर्मा– ग्राम पंचायत सचिव**
**अशरफपुर गंगरेला, मवई, अयोध्या**


# व्यवस्थाः अब कनिष्ठ अध्यापक संभालेंगे स्कूल की जिम्मेदारी

- प्राथमिक में 150, उच्च प्राथमिक में 100 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों में नहीं होंगे प्रधानाध्यापक
- शिक्षकों का हेड मास्टर बनने का सपना रह जाएगा अधूरा, ग्रेड के वेतन से भी होंगे वंचित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंडल के जिलों में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक/हेडमास्टर की नियुक्ति एवं प्रभार के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। इसके मुताबिक, प्राथमिक विद्यालयों में जहां छात्र संख्या 150 से अधिक है, वहां स्थायी हेडमास्टर/प्रधानाध्यापक की पदोन्नति या तैनाती अनिवार्य होगी। वहीं, जहां छात्र संख्या 150 से कम है, वहां केवल वरिष्ठतम अध्यापक को प्रभारी प्रधानाध्यापक का अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। इसी तरह उच्च प्राथमिक विद्यालयों (जूनियर हाईस्कूल) में जहां छात्र संख्या 100 से अधिक है और स्थायी प्रधानाध्यापक तैनात नहीं हैं, वहां भी पदोन्नति/तैनाती की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस कार्य के लिए जिला स्तर पर दो अलग-अलग वरिष्ठता सूचियां तैयार की जाएंगी। जूनियर बेसिक सहायक अध्यापकों एवं प्राथमिक विद्यालयों में पदोन्नत प्रधानाध्यापकों की संयुक्त सूची और प्राइमरी सहायक अध्यापकों की अलग जनपदीय वरिष्ठता सूची बनेगी। इन सूचियों के आधार पर 15 जनवरी तक सभी पात्र विद्यालयों में स्थायी प्रधानाध्यापकों की नियुक्ति पूरी कर ली जाएगी। जिन विद्यालयों में छात्र संख्या निर्धारित सीमा 150/100 से कम है, वहां न तो स्थायी प्रधानाध्यापक तैनात किए जाएंगे और न ही उन्हें प्रधानाध्यापक का वेतन दिया जाएगा। ऐसे स्कूलों में केवल वरिष्ठतम अध्यापक को प्रभारी का प्रभार सौंपा जाएगा। यदि वरिष्ठ अध्यापक लिखित रूप से इंचार्ज बनने से मना करते हैं, तो कनिष्ठ अध्यापक को यह जिम्मेदारी दी जा सकेगी। एडी बेसिक कौस्तुभ सिंह ने बताया कि सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

# वामपंथी दलों ने मांगों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

आक्रोश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** वामपंथी दलों से जुड़े खेत मजदूर संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियनों ने मंगलवार को जिले के विभिन्न ब्लॉक कार्यालयों पर प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका मिशन को तत्काल निरस्त कर मनरेगा कानून को और सार्वभौमिक बनाते हुए दो सौ दिन काम और छह सौ रुपये मजदूरी की गारंटी करने, संगठित/असंगठित मजदूरों के लिए चारों श्रम संहिता को निरस्त करने सहित सहित अन्य मांगे की गई। पूरा ब्लॉक में खेत मजदूर संगठन के प्रांतीय महामंत्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाकपा (माले) राज्य कमेटी सदस्य राजेश वर्मा, शिवराम, उत्तम कुमार, आदि ने ज्ञापन सौंपा। मया ब्लॉक मुख्यालय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। नेतृत्व कामरेड रामभरोस ने किया।

प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के नाम पाँच सूत्री मांग पत्र एडीओ एवं आईएसपी अमित सिंह को सौंपा। धरने में लक्ष्मण, रामदास, मोहन यादव, सुमरन, सीमा, बृजलाल, रामजी, ब्रह्मदिन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**कार्यालय : नगर निगम अयोध्या**

**पत्रांकः** 918/न0नि0अयो0/ई–निविदा/2026 **दिनांकः** 06/01/2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर निगम अयोध्या के निर्माण विभाग द्वारा मेला मद के अन्तर्गत कुल 01 कार्य की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकते हैं। निविदादाता को प्रत्येक कार्य हेतु निविदा मूल्य तथा जमानत धनराशि अलग–अलग ऑनलाइन Net Banking (NEFT/RTGS)/UPI/Debit/Credit card के माध्यम से ई–प्रक्योरमेन्ट की बेवसाइट www://etender.up.nic.in के माध्यम से ही अन्तरित करना होगा। तत्क्रम में ई–निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की बेवसाइट www://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त के संबंध में व्यक्तिगत रुप से जानकारी निर्माण विभाग नगर निगम अयोध्या से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| वेवसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 07.01.2026 |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 13.01.2026 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 13.01.2026 दोपहर 04.00 बजे |

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम अयोध्या**

## न्यूज ब्रीफ

### आज आएंगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को अयोध्या आएंगे। वह नंदीनगर में आयोजित राष्ट्रकथा महोत्सव में शामिल होने के बाद राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। जिला प्रशासन ने सीएम धामी के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था के मद्देनजर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की है। सीएम धामी दोपहर डेढ़ बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से वह नवाबगंज स्थित नंदिनी नगर महाविद्यालय पहुंचेंगे। सवा तीन बजे तक वहां आयोजित राष्ट्रकथा महोत्सव में शामिल होंगे। इसके बाद पौने चार बजे से सवा चार बजे तक श्री राम मंदिर में राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। पांच बजे उत्तराखंड के लिए वायुयान से रवाना होंगे।

### मुंबई में चुनाव के लिए गब्बर हुए रवाना

**सोहावल, अमृत विचार :** मुंबई महानगर पालिका चुनाव में स्टार प्रचारक बनाए गए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज़ खान उर्फ गब्बर साथियों के साथ मुंबई के लिए रवाना हो गए। उनके साथ सपा नेता एजाज़ अहमद भी थे। यह लोग पूरे चुनाव वहां रहकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे।

### पत्रकार को पत्नी शोक हुआ अंतिम संस्कार

**सोहावल, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र मोहिनुद्दीन पुर निवासी एक हिंदी दैनिक के पत्रकार मो. रफीक अहमद की पत्नी शफीकुन निशा (66) का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में लंबी बीमारी में इलाज के दौरान इंतकाल हो गया। इंतकाल की खबर पर अशोक मिश्रा, केके सिंह, राम सुरेश सिंह, मो. फहीम, पवन पटेल आदि ने सुपुर्द-ए-खाक के दौरान शामिल होकर गहरा शोक व्यक्त किया।

# जैवलिन थ्रो में अयोध्या के अजय कुमार ने मारी बाजी

- 2000 मीटर दौड़ में गोंडा के बॉबी व 800 मीटर में प्रयाग के बसंत रहे अव्वल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान में डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में मंगलवार को चार दिवसीय सबजूनियर बालक व बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हुई। मुख्य अतिथि उप्र कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा आंकने व गलती सुधारने का अवसर मिलता है। जीत तो सुखद होती है लेकिन हार से हमें अपनी गलती सुधारने का सबक और अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिभाग करना होता है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी मंडलों की सबजूनियर बालक व बालिका टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

पहले दिन हुई 2000 मीटर दौड स्पर्धा में गोंडा के बॉबी कुमार राना -प्रथम, अलीगढ़ के विकास कुमार बघेल-द्वितीय व मिर्जापुर के नीरज पाल -तृतीय स्थान पर रहे। लांग जम्प स्पर्धा में आजमगढ़ के सत्यानंद यादव-प्रथम, प्रयागराज के मोहम्मद-द्वितीय, वाराणसी के दिव्यांशु यादव -तृतीय स्थान पर रहे। हैमर थ्रो स्पर्धा में अलीगढ़ के मो. हमजा-प्रथम, मिर्जापुर के आदर्श उपाध्याय -द्वितीय व वाराणसी के श्रेयांश जायसवाल तृतीय रहे। जैबलिन थ्रो स्पर्धा में अयोध्या के अजय कुमार विश्वकर्मा-प्रथम, प्रयागराज के शारिफ खान द्वितीय व अलीगढ़ के हिमांशु चौधरी तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ स्पर्धा में प्रयागराज के बसंत कुमार -प्रथम, गोंडा के किशन लाल -द्वितीय व बरेली के हितेश कश्यप तृतीय रहे। इस अवसर पर प्रतियोगिता के शिकायत निदाकर्ता अधिकारी व क्रीड़ाधिकारी सुल्तानपुर राजेश सोनकर, उपक्रीडाधिकारी विवेक कुमार, शकील अहमद अन्सारी, मुकेश कुमार सिंह, ऑफीसियल, प्रशिक्षक, खिलाड़ी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विकास सिंह। अमृत विचार

### रौनाही, सुल्तानपुर और कूरेभार की टीमें जीतीं

**बारुन, अयोध्या :** विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत करमडांडा में चल रही केपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को रौनाही, सुल्तानपुर और कूरेभार की टीमें जीतीं। दिन का पहला मुकाबला रौनाही और अरुवांवा की टीम के बीच खेला गया। कप्तान सनाउल हक की अगवाई में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रौनाही ने निर्धारित आठ ओवरों में 78 रन बनाए। जवाब में, मोहम्मद महफूज की अगुवाई में लक्ष्य का पीछा करने उतरी अरुवांवा की टीम आठ विकेट के नुकसान पर केवल 67 रन ही बना सकी और 12 रनों से मैच हार गई। इस मैच में दो ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लेने वाले रंजीत को ''''मैन ऑफ द मैच'''' चुना गया। दूसरा मैच सोनी इलेवन सुल्तानपुर और राशिद इलेवन रुदौली के बीच हुआ। जिसमें सुल्तानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 129 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रुदौली की टीम पांच विकेट के नुकसान पर 101 रन ही बना सकी और 28 रनों से मुकाबला हार गई। इस मैच में मोहम्मद अनस ने अपनी टीम के लिए रन बनाए, लेकिन वे जीत नहीं दिला सके। आशुतोष को ''''मैन ऑफ द मैच'''' का पुरस्कार मिला, जिन्होंने दो ओवर में 18 रन देकर चार विकेट झटके। तीसरे मुकाबले में, सलमान इलेवन कूरेभार की टीम ने अपने प्रतिद्वंद्वी चांद इलेवन को रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हराया। कूरेभार की टीम ने दो गेंद शेष रहते हुए 3 विकेट से मैच जीत लिया।

# सजीव प्रसारण के बीच किया गया प्लाटों का लॉटरी ड्रॉ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अयोध्या विकास प्राधिकरण से वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना फेज-एक (द्वितीय चरण) की लॉटरी ड्रॉ मंगलवार को किया गया। देर शाम तक चले लाटरी ड्रा में 55 भूखण्डों का आवंटन श्रेणीवार किया गया। लाटरी ड्रा का सजीव प्रसारण यू ट्यूब पर भी किया गया।

प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लाटरी का ड्रा 11 बजे एडीए के सभागार में शुरू किया गया। कुल 131 भूखंडों के सापेक्ष153 पात्र आवेदकों ने प्रतिभाग किया। 131 के सापेक्ष 55 भूखंडो का आवंटन श्रेणीवार किया गया। लॉटरी ड्रॉ प्रक्रिया के पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त पीसीएस राजापाल, समिति के अध्यक्ष सचिव हेम सिंह, सदस्य व एडीए के ओएसडी महेन्द्र कुमार सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी हरिकेश कुमार और प्राधिकरण के अधि. अभि. लोक कुमार सिंह के साथ आवेदक मौजूद रहे। इसका सजीव प्रसारण एडीए के यूट्यूब चैनल पर भी किया गया। सभी आंवटियों को निर्देश दिया गया कि वह संबंधित सभी अभिलेख 24जनवरी तक एडीए में मूल रूप से जमा कराएं। लॉटरी ड्रा की आवंटन सूची एडीए की बेवसाइट एवं कार्यालय में उपलब्ध है।

# 49 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं ने उठाया ओटीएस योजना का लाभ

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद में बिजली बिल राहत योजना के पहले चरण को उपभोक्ताओं का व्यापक समर्थन मिला है। तीन जनवरी तक लगभग 49 हजार 180 उपभोक्ताओं ने एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस के तहत पंजीकरण कराया और लगभग 59 करोड़ रुपए का बकाया बिजली बिल जमा किया। यह ओटीएस योजना बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिलों में राहत देने के उद्देश्य से 1 दिसंबर को शुरू की गई थी। योजना का पहला चरण मूल रूप से 31 दिसंबर को समाप्त होना था, लेकिन उपभोक्ताओं की भारी भीड़ को देखते हुए इसे 3 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था। पहले चरण में, उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल पर 100 प्रतिशत ब्याज छूट के साथ-साथ मूल बिल पर भी 25 प्रतिशत की छूट दी गई थी। इस आकर्षक छूट के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ उठाया। अकबरपुर के अधिशासी अभियंता प्रेमचंद ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वह योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए अपने नजदीकी बिजली घरों पर जाकर बकाया बिल जमा करें। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक योजना का लाभ नहीं उठाया है, वह अपना पंजीकरण कराकर बकाया बिल जमा कर सकते हैं।

### अंतिम मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग के आदेश पर एक जनवरी के आधार पर गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को जिले में अवस्थित 15 मतदेय स्थलों पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से कर दिया गया। जिले के सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय दलों को जिले में अवस्थित गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के 15 मतदेय स्थलों की मतदाता सूची आयोग के निर्देश के मुताबिक नि:शुल्क हार्ड एवं साफ्ट प्रति अलग-अलग सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस, आप, अपना दल (सोने लाल) को उपलब्ध करा दी गई है।

### नपं गोसाईगंज बोर्ड बैठक में योजनाओं पर चर्चा

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज बोर्ड बैठक में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर में अलाव जलाने से संबंधित शिकायतों पर विचार किया गया। कहा गया कि नगर के सभी प्रमुख स्थलों और वार्डों में नियमित रूप से अलाव जलाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही शासन की नियमावली 2025 के तहत दाखिल-खारिज, वरासत, वसीयत, नामांतरण एवं हिबा नामा जैसी प्रक्रियाओं में प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा की गई। बताया कि नई व्यवस्था लागू होने पर इन कार्यों में लगने वाले शुल्क में भारी कमी आएगी, जिससे नगरवासियों को आर्थिक लाभ होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नगर विकास मंत्री एके शर्मा और विधायक अभय सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि नगर में अंत्येष्टि स्थल निर्माण, घाट सौंदर्यीकरण, नाली-नाला निर्माण, पेयजल पाइपलाइन विस्तार एवं कान्हा गौशाला योजना सहित कई विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं। अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. विजयलक्ष्मी जायसवाल ने की। बैठक में सभी सभासद मौजूद रहे।

### परीक्षा देने गई युवती लापता, मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** परीक्षा देने के लिए घर से निकली 21 वर्षीय युवती के वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो गए। काफी तलाश के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। मामले में युवती की मां की तहरीर पर जैतपुर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जैतपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती 3 जनवरी को महाविद्यालय में स्नातक तृतीय वर्ष की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वह न तो परीक्षा केंद्र पहुंची और न ही घर वापस लौटी।

### जेठ और सास पर लगाया मारपीट का आरोप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** मालीपुर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने जेठ और सास के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। महिला ने अपनी शिकायत में संपत्ति विवाद और घर से बेदखल करने के प्रयासों का भी जिक्र किया है। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि हाजीपुर निवासी पीडिता ने मालीपुर थाने में बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है और उनकी कोई संतान नहीं है। पति की मृत्यु के बाद से उनके जेठ और सास उन्हें घर में नहीं रहने दे रहे हैं। उनका आरोप है कि जेठ और सास कहते हैं कि उनका कोई नहीं है और उन्हें यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है। पीडिता के अनुसार उनके पति ने जो ईंट और मोरंग गिरवाई थी, उसे भी जबरदस्ती ले लिया गया है और उन्हें हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास भी स्वीकृत हुआ है, लेकिन जेठ और सास उसे भी नहीं बनने दे रहीं हैं। इस संबंध में थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि पीडिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

### कन्यादान योजना का वितरित किया चेक



लाभांवित शिक्षकों के साथ बेसिक शिक्षा अधकारी शैलेश कुमार पटेल।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश द्वारा चलाई जा रही कन्यादान योजना से लाभांवित आठ शिक्षकों को उनकी बेटियों की शादी के लिए 55-55 हजार रुपए का चेक बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार पटेल और वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक सरिता लिधौरिया के हाथों जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सभागार में लाभार्थी शिक्षकों को चेक सौंपा गया। इस अवसर पर टीम के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी इमरान नवाब, मंडल संयोजक अयोध्या मंडल शैलेन्द्र यादव, जिला संयोजक लाल चंद्र यादव, जिला प्रवक्ता ज्ञान प्रकाश तिवारी, जिला सह संयोजक एवं कन्यादान प्रभारी विपिन कुमार, सह संयोजक सुनील कुमार, राकेश कुमार, शील चंद मिश्र, श्याम सिंगार यादव, ऋषभ सिंह, सरिता, मेंहदी हसन, संजय कुमार यादव, नीरज यादव और लाभार्थियों में राजनाथ, विद्यावती देवी आदि के नाम शामिल हैं।

# जिलाधिकारी ने श्रवण धाम महोत्सव का जारी किया लोगो




**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद के पौराणिक तीर्थस्थल श्रवण क्षेत्र धाम में 18 से 20 जनवरी तक आयोजित होने वाले भव्य श्रवण धाम महोत्सव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। महोत्सव को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किए जाने के क्रम में आज जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा श्रवण धाम महोत्सव का आधिकारिक लोगो जारी किया गया। लोगो जारी करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यह महोत्सव श्रवण कुमार की पितृभक्ति, त्याग और करुणा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही जनपद की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को सुदृढ़ करेगा। महोत्सव के सफल आयोजन केंद्र प्रशासन द्वारा स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपदवासियों और भक्तों से अपील किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में महोत्सव में सहभागिता करें।

# कुत्तों की निगरानी के लिए अब विवि नोडल अधिकारी

**निर्देश जारी**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों के बाद अब उच्च शिक्षा संस्थानों में भी कुत्तों के आतंक को लेकर व्यवस्था की जा रही है। इसे लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से बाकायदा नोडल अधिकारी की तैनाती की है। डॉ. राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय परिसर में अब आवारा कुत्तों की समस्या पर सख्ती बढ़ गई है। यह कदम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के सु-मोटो रिट पिटीशन (सिविल) नंबर-5/2025 में पारित महत्वपूर्ण आदेशों के अनुपालन में उठाया गया है। कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, खेल परिसरों, बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को तत्काल हटाने, नसबंदी-टीकाकरण के बाद शेल्टर में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए थे। कुत्तों को मूल स्थान पर वापस छोड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। इसी के तहत कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने दो जनवरी को पौढ़ एवं सतत शिक्षा विभाग के प्रो. सुरेन्द्र मिश्रा अब नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है। उन पर विश्वविद्यालय परिसर में कुत्ते के काटने की रोकथाम और आवारा कुत्तों के प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना उनकी मुख्य जिम्मेदारी होगी।

मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार सभी निर्देशों का सख्ती से पालन कराना अनिवार्य होगा। विवि परिसर में छात्रों-शिक्षकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया गया है। आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। हालांकि सबसे बड़ा सवाल यह है कि कुत्तों के प्रबंधन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में व्यवस्था क्या और कैसे होगी। प्रो. सुरेन्द्र मिश्रा का कहना है कि जिम्मेदारी मिली है यथासंभव उचित प्रबंधन का प्रयास होगा।



डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

कार्यालय आदेश

कुत्तों की निगरानी के लिए अवध विवि कुलसचिव द्वारा जारी आदेश।

# नपा में भ्रष्टाचार को लेकर किया प्रदर्शन



भ्रष्टाचार को लेकर प्रदर्शन करते सभासद और भाजपा नेता। अमृत विचार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** जलालपुर नगर पालिका परिषद में कथित भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और विकास कार्यों में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर मंगलवार को भाजपा नेताओं और सभासदों ने नगर पालिका परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरने के चलते कई घंटों तक नगर पालिका का कामकाज पूरी तरह ठप रहा।

बता दें कि धरने की सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, तहसीलदार गरिमा भार्गव, कोतवाल संतोष कुमार सिंह और खंड विकास अधिकारी जलालपुर दिनेश राम मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे सभासदों से वार्ता किया। इस दौरान सभासदों ने अपनी मांगों और आरोपों से संबंधित एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। धरने का नेतृत्व कर रहे सभासद प्रतिनिधि देवेश मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल, सभासद आशीष सोनी, अजीत निषाद सहित अन्य सभासदों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार और अनियमितताएं बरती जा रही हैं। सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद वार्डों में अलाव नहीं जलाए जा रहे हैं तथा गीली लकडियों का वितरण किया गया है। इसके अलावा पूर्व में कराई गई जांचों के बावजूद दोषियों पर कोई कार्रवाई न होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। बिना पूर्व सूचना के अचानक धरना शुरू होने से नगर पालिका कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। स्थिति को देखते हुए अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारी को लिखित रूप से अवगत कराया।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक जनवरी से शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। वहीं प्रवेश परीक्षा का आयोजन 22 फरवरी 2026 को जनपद के विभिन्न केंद्रों पर किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी आनंद शुक्ला ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में चयन परीक्षा के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 6 में अधिकतम 160 और कक्षा 9 में अधिकतम 140 विद्यार्थियों का प्रवेश प्रस्तावित है। कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की जन्म तिथि 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होनी चाहिए। वहीं कक्षा 9 के लिए जन्म तिथि 1 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच निर्धारित की गई है। दोनों कक्षाओं में छात्र-छात्राओं का अनुपात 50-50 रखा गया है। अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजातिए अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों को प्रचलित सरकारी नियमों के अनुसार आरक्षण का लाभ मिलेगा। प्रवेश हेतु आवेदन 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के ऐसे बच्चों, जिन्होंने पंजीकरण के बाद 30 नवम्बर 2025 तक न्यूनतम 03 वर्ष की सदस्यता अवधि पूर्ण कर ली हो। कोविड-19 महामारी के दौरान निराश्रित हुए वह बच्चे जो महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीकृत हों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत पात्र बच्चों के शैक्षणिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए संचालित किया जा रहा है।

# इनामिया बदमाश को पकड़ने वाले पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

**आजमगढ़, अमृत विचार:** जिले में जघन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। इनामिया, गैंगस्टर, लुटेरे, गौतस्कर व शराब तस्करों की गिरफ्तारी करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। 25,000 के इनामिया रईस को गिरफ्तार करने वाले का0 अवधेश कुमार एवं का0 अक्षय कुमार को एसएसपी द्वारा पुरस्कृत किया गया। रईस पर गैंगस्टर एक्ट, हत्या, गौकशी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस सहित कुल 22 अभियोग पंजीकृत था। मुबारकपुर क्षेत्र के शातिर बृजेश कुमार उर्फ मलिक पुत्र निरंकार निवासी गजहड़ा, दामोदरपुर की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उ0नि0 प्रमोद कुमार एवं का0 सर्वेश चौरसिया को सम्मानित किया गया। ठग पर चोरी, नकबजनी, ठगी, पाक्सो एक्ट सहित कुल नौ अभियोग पंजीकृत। थाना जहानागंज क्षेत्र के गैंगस्टर व लूट, डकैती, हत्या के प्रयास एवं अवैध असलहा जैसे अपराधों में संलिप्त आकाश शर्मा उर्फ आर्यन पुत्र प्रहलाद शर्मा निवासी चौबेपुर मटियवना की गिरफ्तारी करने वाले का0 शिवम चौधरी को साहसिक कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# लोकतंत्र की मजबूती को वोटर बनना जरूरी

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** जनपद के बीएनकेबी डिग्री कॉलेज अकबरपुर में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन किया गया तथा मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्सना बंधु, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी अकबरपुर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह, तहसीलदार अकबरपुर, महाविद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिक का सबसे बड़ा दायित्व है। उहोंने कहा कि मतदाता सूची जितनी अधिक शुद्ध, समावेशी और अद्यतन होगी, लोकतंत्र उतना ही सशक्त होगा।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील किया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या करने वाले हैं, वह अनिवार्य रूप से फॉर्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। यह युवाओं के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। जिलाधिकारी ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाते, जिससे वह अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित रह जाते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में विशेष मतदाता जागरूकता और पंजीकरण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से छूट न जाए। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों से भी आग्रह किया कि वह विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में निरंतर प्रेरित करें तथा उन्हें समय रहते फॉर्म-6 भरने के लिए मार्गदर्शन दें। पात्र मतदाता का नाम छूटना लोकतंत्र की है क्षति : जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील किया कि वह मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन का अवलोकन अवश्य करें।



## कार्यालयः नगर निगम अयोध्या, जोन- अयोध्या धाम।

पत्रांक : 732/न0नि0अयो0जो0अयो0/2025-26 दिनांक: 06.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर निगम अयोध्या के कर अनुभाग में नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इन भवनों पर पूर्व में दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | भवन सं0 | पूर्व से दर्ज भवन स्वामी/ खारिज होने वाले नाम | दर्ज होने वाले नाम | नामांन्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13/3/71 | अब्दुल रऊफ | अध्यासी अजीम, जुबेर अहमद, हारूल अंसारी पुत्रगण अ0 रऊफ | वरासतन |
| 2 | 10/5/231 | रघुवीर ट्रस्ट बाबू भाई ए पुरूषोत्तम भाई बगानी | हनुमान दास चे0 स्व0 राम बालक दास | आदेश न्यायालय उप जिला अधिकारी |
| 3 | 10/4/65 | श्रीमती ज्योति बाजपेई पत्नी स्व0 जीवन वाजपेयी, श्री अलोक वाजपेयी अनुराग वाजपेयी पुत्रगण स्व0 जीवन वाजपेयी | श्रीमती मालती देवी कश्यप पत्नी श्री बाल किशन कश्यप पुत्र राम नाथ | रजि0 बैनामा |
| 4 | 31/3/9 | जगन्नाथ दास चे0 श्याम लाल दास | महन्थ रणक्षोर चेला मं0 जगन्नाथ दास | रजि0 वसीयतनामा |
| 5 | 31/3/10 | जगन्नाथ दास चे0 श्याम लाल दास | महन्थ रणक्षोर चेला मं0 जगन्नाथ दास | रजि0 वसीयतनामा |
| 6 | 54/4/14 | शेर बहादुर सिंह, अवधेश आदि | अलोक सिंह, राजीव सिंह पुत्रगण अमर बहादुर सिंह श्रीमती लीलावती पुत्री स्व0 अमर बहादुर | वरासतन |
| 7 | 31/3/72 | लक्ष्मी चन्द्र मिश्रा व बालक राम मिश्रा | नवीन चन्द्र मिश्रा व बालेन्द्र चन्द्र मिश्रा | रजि0 वसीयतनामा |

कर अधीक्षक नगर निगम अयोध्या — सहायक नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या

| क्र0सं0 | भवन संख्या | पूर्व मे दर्ज नाम | दर्ज होने वाले नाम | दर्ज आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | **वार्ड-देवकाली** | | |
| 1 | 15/7/67 | राम बिहारी शरण चे0 राम सजीवन | रमाकान्त शरण चे0 राम बिहारी शरण | रजि0 तर्कु0 सरवराहकारी |
| | | **वार्ड-लक्ष्मणघाट** | | |
| 2 | 31/3/72 | लक्ष्मीचन्द्र मिश्र पुत्र श्री बालक राम मिश्र श्री बालक राम मिश्र | नवीन चन्द्र व बालेन्द्र चन्द्र मिश्र व शिवान्शु चन्द्र मिश्र पुत्रगण श्री सुरेश चन्द्र मिश्र | रजि0 वसीयतनामा |
| 3 | 31/1/108 | रघुराज स्वरूप | आलोक स्वरूप, अनिल स्वरूप पुत्रगण स्व0 विनोद कुमार सिंह | वरासतन |
| | | **वार्ड-हनुमानकुण्ड** | | |
| 4 | 43/3/53 | मोर ध्वज दास चे0 रामइकबाल दास | राम बिहारी दास चे0 मोर ध्वज दास | रजि0 वसीयतनामा |
| | | **वार्ड-रामकोट** | | |
| 5 | 54/3/15 | मं0रामकेवल दास चे0स्व0श्री जयराम दास लवकुश भवन | राम दास शिष्य श्री रामकेवल दास | रजि0तर्कु0 सरवराहकारी |

कर अधीक्षक नगर निगम अयोध्या — जोनल अधिकारी नगर निगम अयोध्या

# दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 10 साल की कैद

## पॉक्सो कोर्ट ने 15 हजार अर्थदंड भी लगाया, अमेठी के एक गांव में 12 वर्ष पूर्व किशोरी संग हुई थी घटना



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले थाना क्षेत्र अमेठी के एक गांव में 12 साल पूर्व 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने के प्रयास करने के दोषी जयप्रकाश को पॉक्सो कोर्ट न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने मंगलवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने दोषी को पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

विशेष लोक अभियोजक यादवेन्द्र सिंह के मुताबिक 19 मई 2014 की घटना में दर्ज हुए केस में पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि घर के अन्दर सो रही उसकी नाबालिग पुत्री से दोषी ने दुष्कर्म का प्रयास किया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये सात गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### पूर्व विधायक संतोष पांडेय के केस में बहस 21 को

- आदर्श चुनाव आचार संहिता से जुड़ा मामला

**संवाददाता, सुलतानपुर :** लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित 12 के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की विशेष अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। विधायक के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बहस के लिए 21 जनवरी की तारीख नियत की है। लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व सह आरोपितों पर फरवरी 2022 में दो एफआईआर लंभुआ व कोतवाली देहात थाने में लिखाई गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ते प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन हुआ।

### अधिवक्ता हत्याकांड में डॉक्टर की गवाही दर्ज

चर्चित अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में मंगलवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत ने डॉक्टर वैभव शर्मा की गवाही दर्ज की गई जिनसे बचाव पक्ष ने जिरह पूरी की। एडीजीसी दान बहादुर वर्मा के मुताबिक छह अगस्त 2023 को भुलकी चौराहे पर अधिवक्ता आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद मृतक के पिता मो. सलीम की तहरीर पर सिराज अहमद समेत कई लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक को पीटा, चार लोगों पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कैथावां निवासी सरवर सरवर सोमवार को बाइक से दवा लेने जा रहा था। इसी दौरान भैसिंगपुर पुलिया के पास साहिल व जैद निवासी कजियाना तथा रेहान व रशीद निवासी राइन नगर बभनैया पूरब ने उसे घेर लिया, किसी तरह जान बचाकर सरवर दोस्तपुर बाजार पहुंचा, लेकिन वहां भी आरोपियों ने उसे घेर लिया और लात-घूंसों से पिटाई कर दी। पीड़ित ने मंगलवार को चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कोरम पूरा न होने पर क्षेत्र पंचायत की बैठक स्थगित

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** विकास खंड करौंदीकला में मंगलवार को प्रस्तावित क्षेत्र पंचायत की बैठक को कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दिया गया। बैठक में अधिकांश ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित नहीं हुए, जिससे निर्धारित संख्या पूरी नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार ब्लॉक में कुल 43 ग्राम प्रधान और 48 क्षेत्र पंचायत सदस्य हैं, लेकिन बैठक में केवल 26 ग्राम प्रधान और 8 क्षेत्र पंचायत सदस्य ही पहुंचे। आवश्यक कोरम पूरा न होने पर बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। खंड विकास अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि कोरम पूरा न होने के कारण क्षेत्र पंचायत की बैठक स्थगित करनी पड़ी है। बैठक की अगली तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी। मौके पर एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैद नजर आए।

# फंदे से लटका मिला प्राचार्य हत्याकांड के आरोपी का शव

- हाईकोर्ट से जमानत पर था बाहर पुलिस कर रही मामले की जांच

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के पंचरास्ता स्थित रामलीला मैदान स्थित तुलसीदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार की देर शाम एक युवक का शव फंदे से लटका मिला, जिससे सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विद्यालय प्रबंधक सुषमा मिश्रा के पति अनिल मिश्रा (44) निवासी पयागीपुर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। मृतक अनिल मिश्रा का नाम 14 साल पहले गनपत सहाय महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य पीबी सिंह व उनके प्राइवेट गनर सुरेश सिंह हत्याकांड में मुख्य आरोपी के तौर पर सामने आया था, जिससे इस घटना को लेकर एक बार फिर कई सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि 23 दिसंबर 2011 को प्राचार्य प्रताप बहादुर सिंह की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब वे अपने अंगरक्षक के साथ बैंक पेपर परीक्षा की निगरानी कर रहे थे। इस बहुचर्चित मामले में अक्टूबर 2021 में अदालत ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जबकि अनिल मिश्रा इस प्रकरण में हाईकोर्ट से जमानत पर बाहर चल रहे थे। वहीं, मंगलवार की शाम पोस्टमार्टम के बाद अनिल मिश्र के शव का अंतिम संस्कार हथियानाला श्मशान घाट पर किया गया।

# विकास योजनाओं को समय पर पूरा करने पर रहेगा विशेष जोरः सीडीओ

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के नवागत सीडीओ विनय कुमार सिंह विकास कार्यों को लेकर एलर्ट मोड़ में हैं। उन्होंने ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। स्पष्ट किया कि योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और प्रगति रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करें।



नवागत सीडीओ विनय कुमार सिंह।

सीडीओ ने बताया कि 'जी राम जी योजना' को आमजनमानस को इस सरकारी योजना के लाभ और पात्रता की जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिले में नई विकास योजनाओं की शुरुआत पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिससे आधारभूत संरचना मजबूत हो और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आए। इसके साथ ही कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। ई-ऑफिस से फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी और कागजी कार्यवाही में कमी होगी। उन्होंने ने अधिकारियों से कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता और जवाबदेही बेहद आवश्यक है।

# छात्रों के शोषण पर एसएफआई का प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** मंगलवार को को छात्र संगठन एसएफआई सुलतानपुर ने पीडब्ल्यूडी रोड स्थित एक कंप्यूटर सेंटर द्वारा छात्रों के कथित शोषण के विरोध में जिला समाज कल्याण अधिकारी (पिछड़ा वर्ग) एवं जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा।

इस दौरान संगठन के पूर्व प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने बताया कि इंस्टीट्यूट में ओ-लेवल कोर्स के लिए छात्रों ने 13 दिसंबर 2024 को प्रवेश लिया था। इस कोर्स के अंतर्गत कुल चार पेपर होने थे, जिनमें से जुलाई तक दो पेपर हो चुके हैं, जबकि शेष दो पेपर 10 जनवरी 2026 से शुरू होने हैं। आरोप है कि




विकास भवन में प्रदर्शन करते एसएफआई के सदस्य। ● अमृत विचार

- ओ-लेवल परीक्षा न कराए जाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

अब तक छात्रों को एडमिट कार्ड नहीं दिया गया। जब छात्रों ने इस संबंध में संस्था के मैनेजर से जानकारी ली तो पता चला कि संस्था द्वारा छात्रों का परीक्षा फॉर्म ही नहीं भरा गया, जबकि उनसे पूरी फीस वसूली जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस कोर्स में पिछड़े वर्ग के छात्रों को अनुदान भी दिया जाता है। इसी को लेकर एसएफआई प्रतिनिधिमंडल ने पहले जिला समाज कल्याण अधिकारी पिछड़ा वर्ग मुदित श्रीवास्तव से मुलाकात कर 10 जनवरी को हर हाल में परीक्षा कराए जाने की मांग की।

एसएफआई के जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि समाज कल्याण अधिकारी की बातों से छात्र असंतुष्ट रहे, जिसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समय से परीक्षा कराए जाने की मांग की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की परीक्षा तय समय पर नहीं हुई तो छात्र और अभिभावक मिलकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर संदीप यादव, शिवम यादव, अजीत वर्मा, अनुराग यादव, सत्यम विश्वकर्मा, सचिन यादव, शिव यादव, वंशिका, सेजल, काजल, अर्चना, मंजीता, अंजलि, मुस्कान, प्रीति, अनिकेत, रवि प्रसाद, निखिल सिंह, बलराम गौण सहित अन्य छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# पांडेयपुर व रामपुर हनुमानगंज ने जीते अपने-अपने मैच

- लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के भदैंया ब्लॉक स्थित हनुमानगंज के बिकवाजीतपुर मेला बाग ग्राउंड में आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल कैश मनी क्रिकेट प्रतियोगिता में आयोजक जगन्नाथ वर्मा अध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा की अगुआई में छठवें दिन का पहला मैच पांडेपुर और भगवतगढ़ के बीच खेला गया। पांडेपुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाया। जवाब में उतरी भगवतगढ़ की टीम 54 रन ही बना सकी। पांडेयपुर ने 40 रनों से मैच जीत लिया।

दूसरा मैच शकील इलेवन और रामपुर हनुमानगंज के बीच खेला गया, जिसमें शकील इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवर में सभी विकेट खोकर 25 रन ही बना सकी, जवाब में रामपुर हनुमानगंज की टीम ने 3 ओवर और 2 गेंद में एक विकेट खो कर लक्ष्य को पूरा कर लिया। रामपुर हनुमानगंज की टीम ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच शुभम रहे, जिन्होंने टीम के लिए 5 विकेट भी झटके। निर्णायक सौरभ चौरसिया और अनिल शर्मा रहे।

### रामगढ़ में विशाल दंगल 8 को, तैयारियां पूरी

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ क्षेत्र के कमला प्रसाद सिंह पीजी कॉलेज, मथुरा नगर रामगढ़ में 8 दिसंबर को विशाल दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भाजपा नेता हनुमान प्रसाद सिंह के जन्मदिन के अवसर पर किया जा रहा है। दंगल प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डा. अवनीश कुमार उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में होगा। इसमें विभिन्न जनपदों से आए नामी पहलवान अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन कर जोर आजमाइश करेंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को भाजपा नेता हनुमान प्रसाद सिंह द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से दंगल प्रतियोगिता देखने के लिए पहुंचने की अपील की है।

# 5 ट्रक आपस में टकराए, चालक घायल

बल्दीराय, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हलियापुर थाना क्षेत्र के रामबाग ढाबा के पास अयोध्या-जगदीशपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-330ए) पर सोमवार रात करीब एक बजे कुछ ही समय के अंतराल में पांच ट्रक आपस में टकरा गए। इस श्रृंखलाबद्ध हादसे में एक चालक घायल हो गया, जबकि कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

जानकारी के अनुसार मोरंग लेकर अयोध्या जा रही ट्रक संख्या बीआर 28 जीबी 6366 कट पर अचानक मुड़ रही एक अज्ञात ट्रक से अनियंत्रित होकर टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आ रही मोरंग लदी ट्रक संख्या बीआर 24 जीसी 9963 भी उसमें जा भिड़ी। इस दुर्घटना में दोनों ट्रकों के चालकों को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद जब राजमार्ग कर्मी क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाने में लगे थे, तभी जाम की स्थिति बन गई। इसी जाम के कारण गोमती नदी आमघाट पुल के पास मोरंग व गिट्टी लेकर अयोध्या जा रही तीन अन्य ट्रक बीआर 28 जीबी 3919,



हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक। ● अमृत विचार

- जगदीशपुर-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ हादसा, घंटों लगा रहा जाम

यूपी 51 बीटी 5223 और बीआर 06 जीजी 2420 आपस में टकरा गए। इसमें चालक आदित्य शर्मा पुत्र छत्रपाल शर्मा निवासी बभनान (बस्ती), रामकरन पुत्र जगदीश निवासी कैंपियरगंज (गोरखपुर) और मनजीत यादव निवासी सुलतानपुर को चोटें आईं, जिन्हें निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं कंडक्टर अंकुर यादव पुत्र रंगू निवासी भानीपुर इनहौना (अमेठी) बाल-बाल बच गया।

### डिवाइडर से टकराया ट्रैक्टर, चालक की मौत

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र के कचनावा गांव निवासी आशीष गाज़ियाबाद की लोहा मंडी में ट्रैक्टर चालक के रूप में कार्य करता था। रविवार शाम वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहा लादकर नोएडा गया था और माल उतारकर लौट रहा था। सोमवार अलसुबह ठंड और घने कोहरे के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क के डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आशीष के सिर में गंभीर चोट आई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम में हुआ बदलाव

संवाददाता, सुलतानपुर

- 7 जनवरी से 20 फरवरी तक दावे आपत्तियों का होगा निस्तारण, 28 को प्रकाशित होगी सूची

**अमृत विचारः** त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से नए समय निर्धारण के तहत पूरी की जाएगी। शासन से निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं, जिससे आगामी पंचायत चुनावों में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार सात जनवरी से 20 फरवरी तक दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। इस अवधि में हस्तलिखित निर्वाचक नामावली तैयार कर उसे सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कराया जाएगा। इसी दौरान संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन एवं निस्तारण का कार्य भी किया जाएगा। इसके बाद 21 फरवरी से 16 मार्च तक तैयार की गई निर्वाचक नामावली का कंप्यूटरीकरण किया जाएगा। साथ ही मतदान केंद्रों एवं मतदान स्थलों का निर्धारण भी इसी चरण में किया जाएगा। अगले चरण में 17 मार्च से 27 मार्च तक मतदान केंद्रों का क्रमांकन, वार्डों की मैपिंग, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग तथा फोटो प्रतियां तैयार कराई जाएंगी। 28 मार्च को निर्वाचक नामावली को जनसामान्य के अवलोकन के लिए प्रकाशित कर दिया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में अपने नामों की जांच कर आवश्यक सुधार कराएं। जिससे कोई भी पात्र मतदाता निर्वाचक नामावली में नाम से वंचित न होने पाए।

### अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के सीताकुंड मुहल्ले में शिवजी की मूर्ति के पास सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण के मामले में प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की है। शिकायत के बाद मंगलवार को पुलिस व प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और अवैध रूप से खड़ी की गई बाउंड्रीवाल को बुलडोजर चलवा कर हटवा दिया। गौरतलब है कि मुहल्ले के देवनाथ तिवारी ने मुख्यमंत्री व अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर बताया था कि करीब 52 वर्षों से नीम के वृक्ष के नीचे शिवजी की मूर्ति स्थापित है, जहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना होती है। आरोप था कि कुछ लोग सरकारी भूमि व धार्मिक स्थल के आसपास अवैध कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं तथा पेड़ों को नुकसान पहुंचाया गया था।

# 15,807 किसानों से 87,273 एमटी धान की हुई खरीद

- 19,561 लाख का हुआ किसानों को भुगतान, शेष भुगतान प्रक्रिया में

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर धान खरीद अभियान तेजी से जारी है। धान खरीद के लिए विभिन्न क्रय एजेंसियों के कुल 109 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस वर्ष जिले को 1.20 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अब तक विपणन शाखा के 36 क्रय केंद्रों के माध्यम से 9,068 किसानों से 47,045 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसी क्रम में पीसीएफ के 31 क्रय केंद्रों से 3,186 किसानों के माध्यम से 18,761 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। पीसीयू के 18 क्रय केंद्रों पर 1,667 किसानों से 10,163 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। यू.पी.एस.एस. के 21 क्रय केंद्रों से 1,673 किसानों से 10,072 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। वहीं मंडी परिषद के एक क्रय केंद्र से 112 किसानों से 759 मीट्रिक टन तथा भारतीय खाद्य निगम के दो क्रय केंद्रों से 101 किसानों से 470 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि अब तक कुल 15,807 किसानों से 87,273 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसके सापेक्ष 20,849 लाख रुपये का भुगतान देय था, जिसमें से 19,561 लाख रुपये का भुगतान किसानों के खातों में किया जा चुका है। शेष भुगतान की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाएगी।

अनदेखी

दलित बस्ती में आने-जाने वालों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना, लोगों ने रास्ता ठीक कराने की मांग की

# हादसे को दावत दे रहीं कजियाना मोहल्ले में टूटी नालियां, लोग परेशान

दोस्तपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर पंचायत दोस्तपुर के मोहल्ला कजियाना में नाले पर ढाला गया लिंटर बीच से टूट जाने के कारण स्थानीय लोगों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। मटरू पत्रकार के घर के पास स्थित इस नाले पर बना रास्ता क्षतिग्रस्त होने से दलित बस्ती में आने-जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि लिंटर टूट जाने के कारण उस मार्ग से राहगीरों का आवागमन लगभग बंद होने की कगार पर है। चार पहिया वाहन और ट्रैक्टरों का



टूटी नालियां दुर्घटना को दे रहीं दावत। ● अमृत विचार

आवागमन पहले ही पूरी तरह बंद हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासदों के संज्ञान में मामला आने के बावजूद नाले के ऊपर नया लिंटर नहीं डलवाया गया है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। इस संबंध में पूर्व सभासद रमेश मोदनवाल, आजम खान सलमानी, दयाराम, नसीम, प्रभु दयाल सहित अन्य लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश सोनकर से शीघ्र मरम्मत कराकर रास्ता सुरक्षित करने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी समय जानलेवा हादसा हो सकता है।

### आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग का आरोप

- वीडियो वायरल कर ग्रामीण ने की बीडीओ व लोकपाल से शिकायत

**करौंदीकला, सुलतानपुर :** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरायनपुर नागनाथपुर में आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप सामने आया है। निर्माण में घटिया गुणवत्ता की पुरानी ईंटों के उपयोग और सामग्री में खानापूरी किए जाने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। हैरानी की बात यह है कि शिकायत की जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बावजूद निर्माण कार्य मनमाने ढंग से जारी है। मंगलवार को गांव निवासी राजेंद्र कुमार पांडेय ने निर्माण की गुणवत्ता को नजरअंदाज किए जाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी और लोकपाल मनरेगा से भी मामले की लिखित शिकायत की है। बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण ग्राम प्रधान राम दवर द्वारा कराया जा रहा है। शिकायत के बाद ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियंता द्वारा की गई जांच में यह स्पष्ट हुआ कि निर्माण में पुरानी ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद खंड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा पत्रांक 1866 जारी कर पुरानी ईंटें हटाकर नई ईंटों से निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके न तो ईंटें बदली गईं और न ही निर्माण कार्य रोका गया। आरोप है कि बिना छत डाले ही पुरानी ईंटों से बनी दीवारों पर प्लास्टर कराया जा रहा है। इस मनमानी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने उच्चस्तरीय जांच व दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार क कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
पहले मेरा नाम VANDANA DEVI था अब मैने बदलकर अपना नाम VANDANA JAISWAL रख लिया है भविष्य में मुझे VANDANA JAISWAL के नाम से जाना व पहचाना जाए। D/O- GHANSHYAM JAISWAL R/O- 410C 4TH FLOOR CYBERHEIGHTS, VIBHUTI KHAND, LUCKNOW

**सूचना**
मैने अपना नाम OM PRAKASH GUPTA से बदलकर OM PRAKASH AGRAHARI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- LATE MADHAI ADD-RAMA TECHNICAL IN STITUTE MUKHLICHPUR KHALILABAD DIST-SANT KABIR NAGAR (U.P.)

**सूचना**
मैने अपने पुत्र का नाम Raja से बदलकर Harsh Rajput कर दिया है। उसे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Jivan Lal S/O Sri Shyam Lal, R/O Village & Post-Bhitauli Kalan, Nababganj, District-Barabanki, Uttar Pradesh- 225003-

**सूचना**
मैने अपना नाम Rajeulla Jabeeulla Ansari से बदलकर Sajiullah कर लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। Rajeulla Jabeeulla Ansari S/O Javiullah, R/O Village- Rampur Jabdi, Post-Janki Nagar, Tehsil-Bhinga, Thana- Maldhipur, District - Shrawasti, Uttar Pradesh- 271831-

**सूचना**
मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम पॉलिसी संख्या 2191 74808 में नाम अजमिन बानो दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम अरजमन पत्नी नसीम खान दर्ज है। अजमिन बानो और अरजमन दोनों एक ही महिला के नाम हैं। मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। **अजमिन बानो उर्फ अरजमन पत्नी नसीम खान निवासी ग्राम चिस्तीपुर खोरहसां जनपद गोंडा**

**सूचना**
मैंने अपनी पत्नी मंजू देवी व पुत्र यश कुमार के गलत आचरण एवं चाल चलन के चलते संबंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता या सरोकार नहीं होगा वह स्वयं जिम्मेदार होगें। **अरविंद कुमार पुत्र विद्याराम, निवासी-ग्राम चिकटा, थाना-ऐरवाकटरा, तहसील- बिधूना, जिला -औरैया।**

**सूचना**
मैंने अपना नाम AFAJAL KHAN से बदल कर AFZAL KHAN रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: ASLAM KHAN R/O:81, CHHATAM PATTI JAUNPUR UTTAR PRADESH 223105

**सूचना**
मैं **बृजेश कुमार पुत्र स्व0 रामदुलारे, निवासी कैन्ट यू ब्लाक- 44 नम्बर बंगला के पीछे सर्वेन्ट क्वाटर कैन्ट अयोध्या**, मेरी सही जन्मतिथि 19/11/1979 है और मेरे आधार कार्ड में अंकित है जो कि सही है जबकि मेरे डी0एल0 में मेरी जन्मतिथि गलत रूप से 19/01/1979 अंकित है जो कि गलत है। अत मेरे आधार कार्ड के अनुसार मेरी सही नाम डीएल में अंकित किया जाय।

**सूचना**
मै **मोहम्म्द आज़म उसमानी सुत मोहम्मद सईद उसमानी निवासी ग्राम इटकौली पोस्ट सैफुल्लागंज थाना गोसाईगंज तहसील व जिला सुलतानपुर उत्तर प्रदेश 228001**, मेरे पासपोर्ट नम्बर N1807679 में मेरा नाम MOD AZAM USMANI लिखा है, परन्तु मेरे आधार कार्ड व समस्त शैक्षिक दस्तावेजों एवं अन्य प्रमाणपत्रों तथा सरकारी दस्ताबेजों में मेरा नाम MOHD AZAM USMANI लिखा है। यहकि मेरे उक्त पासपोर्ट में मेरे आधार कार्ड एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों और सरकारी दस्तावेजों के अनुसार मेरा सही व शुद्ध नाम MOHD AZAM USMANI अंकित किया जाय और अब मुझे इसी नाम से जाना व पंहचाना जाय।

**सूचना**
मैं **राम दुलारे पुत्र जोधा (आधार नं0 - 9288 0917 3144), निवासी-ग्राम भावा खेड़ा, थाना निगोहा, तहसील मोहनलालगंज, जिला लखनऊ**, मैने पूर्व में अपने पुत्र अनुज कुमार रावत को उसके गलत आचरण व गलत संगत के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था। उपरोक्त ने अपने आचरण में सुधार किया है और गलत संगति आदि से दूर रहता है तथा अब मेरी देखरेख व दवा पानी आदि का पूरा ख्याल रखता है। जिससे मैं अब बहुत प्रभावित है। जिस कारण मैं अब अपने पुत्र को अपने परिवार, समाज आदि में शामिल कर रहा है तथा मेरी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति मे बराबर का हकदार होगा।

**सूचना**
मै **आशीष कुमार सिंह पुत्र श्री भानु प्रताप सिंह निवासी 6/11/98 मोहल्ला हैदरगंज थाना व कोतवाली नगर तहसील सदर जिला अयोध्या**, मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सख्या-UP4220060008886 में पिता का नाम त्रुटिवश भानु कुमार सिंह अंकित हो गया है जो गलत है। जबकि पिता का सही नाम भानु प्रताप सिंह है। अतः ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या-UP4220060008886 उपरोक्त मे मेरे पिता का गलत नाम भानु कुमार सिंह को निरस्त कर व उसके स्थान पर सही नाम भानु प्रताप सिंह अंकित किया जाय।

## न्यूज ब्रीफ

### सपा शिक्षक सभा के प्रदेश महासचिव बने प्रो. मंशाराम वर्मा



**गोंडा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी शिक्षक-सभा के प्रदेश सचिव एवं देवीपाटन मंडल प्रभारी प्रो. मंशाराम वर्मा को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति से शिक्षक-सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एस पी सिंह पटेल द्वारा किया गया। प्रो. मंशाराम वर्मा के मनोनयन पर पार्टी के जनप्रतिनिधियों व शिक्षक-सभा पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। प्रो. वर्मा ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया है।

### किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन द्वारा गन्ना किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गौनरिया गन्ना केंद्र पर प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष शिव राम उपाध्याय ने कहा गन्ना किसानों को समय से पर्ची नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही गन्ना उतरवाने के लिए 120 रुपये अतिरिक्त देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कुछ क्रय केंद्रों पर घटतौली भी पकड़ी गई किंतु कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेता महेश सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष सुखदेव शुक्ल, मुकेश शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

### ग्राम चौपाल में आईं कई शिकायतें

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत भटपी के प्राथमिक विद्यालय में प्रधान काली प्रसाद शुक्ल की अध्यक्षता में चौपाल आयोजित की गई। पंचायत सचिव योगेश कुमार दूबे ने बताया कि इस चौपाल में सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरजेश पटेल द्वारा जनसुनवाई की गई। उन्होंने बताया चार शिकायतें आईं जिनको निस्तारित कर दिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पवन कुमार शुक्ल, बेला प्रसाद शुक्ल, विंध्याचल शुक्ल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, राम मोहन तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### घर में आग से गृहस्थी का सामान जला

**रुपईडीह, अमृत विचार :** सोमवार की रात करीब दस बजे कौड़िया के बनगाई चकई पुरवा गांव में फूलचंद राव के घर में अचानक आग लग गई। इस घटना में उनके घर में रखा अनाज, बरतन व अन्य सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। उनके भाई पूर्व बीडीसी गुरवचन ने बताया कि अग्निकांड की सूचना हलका लेखपाल मनोज मिश्र को दे दी गई है।



प्रवचन करते गायत्री परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

### गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण कथा का समापन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** राधे श्याम मंदिर, गुड़मंडी गाड़ी बाजार में गायत्री शक्तिपीठ करनैलगंज एवं गुरुकुलोत्थान सेवा संस्थान (गुरुकुल) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गायत्री महायज्ञ, प्रज्ञा पुराण कथा, दीप महायज्ञ तथा गुरुकुल बाल संस्कार शाला का मंगलवार को समापन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ से पधारे संतों के सानिध्य में 2 जनवरी से प्रतिदिन प्रातः हवन-पूजन एवं सायंकाल सत्संग-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरुकुल के सभी विद्यार्थियों, उनके परिजनों के साथ नगर के संभ्रांत परिवारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। दीप महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्जवलित कर विश्व कल्याण, शांति और समृद्धि की कामना की।

# ताजमहल नहीं, रामसेतु है वास्तविक प्रेम का प्रतीक

**राष्ट्र कथा महोत्सव**

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** नंदिनी महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्र कथा महोत्सव के पांचवें एवं अंतिम दिवस का आयोजन राष्ट्रबोध से परिपूर्ण रहा। शुरुआत राष्ट्र कथावाचक, पीठाधीश्वर एवं आध्यात्मिक गुरु रितेश्वरानंद ने हनुमान चालीसा पाठ के साथ की। व्यासपीठ से संबोधित करते हुए पीठाधीश्वर ने कहा कि यह राष्ट्र कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के गौरवशाली इतिहास, सनातन संस्कृति और आत्मशक्ति के पुनर्जागरण का महोत्सव है। उन्होंने कहा कि 17वीं से 19वीं शताब्दी के बीच जब विश्व आविष्कारों की दौड़ में आगे बढ़ रहा था, उस समय भारत गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। उस दौर में लगभग सात लाख तीस हजार लोगों को फांसी दी गई, फिर भी भारत की आत्मा को कोई कुचल नहीं सका। उन्होंने कहा कि एक समय भारत को जादू-टोना, सपेरे और पिछड़ेपन से जोड़कर देखा गया, जबकि सच्चाई यह है कि जब दुनिया विमान की कल्पना तक नहीं कर पाई थी, तब महर्षि भारद्वाज ने विमान शास्त्र लिखकर 32 प्रकार के विमानों का उल्लेख कर दिया था। कहा कि लोग ताजमहल को प्रेम का प्रतीक मानते हैं, लेकिन वास्तविक प्रेम का प्रतीक रामसेतु है। भगवान श्रीराम ने अपनी पत्नी माता सीता को प्राप्त करने के लिए समुद्र पर सेतु का निर्माण कराया। उन्होंने आर्यभट्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी की जो गणना उन्होंने सदियों पहले की थी। जब तक हम अपने इतिहास पर गर्व नहीं करेंगे, तब तक अपनी क्षमताओं को पहचान नहीं पाएंगे। पीठाधीश्वर ने भावुक होते हुए कहा कि यह राष्ट्र कथा समाप्त नहीं होगी, यह केवल विश्राम ले रही है और समय-समय पर फिर किसी न किसी रूप में राष्ट्र चेतना को जाग्रत करती रहेगी।



बांके बिहारी की चरण पादुका लेकर जाते बृजभूषण सिंह साथ में सद्गुरु ऋतेश्वर जी।

### विजुअल प्रोजेक्शन कार्यक्रम का आयोजन

प्रोजेक्शन में बृजभूषण शरण सिंह के साथ गुरुदेव के नैतिक, आत्मीय एवं वैचारिक संबंधों को भी भक्ति और तकनीक के संगम के साथ दर्शाया गया। इस आयोजन को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी। प्राकट्य दिवस के अवसर पर गौ सेवा को समर्पित फिल्म 'गोदान' का पोस्टर विमोचन किया गया। पूर्व सांसद बृजभूषण ने कहा कि यह फिल्म केवल एक चलचित्र नहीं, बल्कि गौ माता के प्रति श्रद्धा, करुणा और सेवा भाव का सशक्त संदेश है।

### गुल्लक का दान, बड़ा सपना

राष्ट्र कथा महोत्सव में एक छोटे बच्चे ने गुल्लक दान कर सभी का दिल जीत लिया। पूर्व सांसद के पूछने पर उसने अपना नाम मदन मोहन जायसवाल बताया। दान के बाद उसने मुस्कुराते हुए कहा-हमें भी सांसद बनना है। पूर्व सांसद ने कहा कि बनेंगे और पक्का सांसद बनेंगे।

# 25 लाख से घटकर 20 लाख हो गए मतदाता

## गहन पुनरीक्षण में 4,69,637 मतदाताओं का नाम हटा, 20,82,370 मतदाता चुनेंगे अपनी सरकार

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की जब शुरुआत हुई थी तो जिले के मतदाता सूची में 25,52,007 मतदाता थे पुनरीक्षण के बाद 20 लाख 82 हजार 370 मतदाता सूची में है। यह जानकारी मंगलवार को मतदाता सूची प्रकाशन के दौरान जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान 469637 मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इनमें 105366 मृतक हैं। मौके पर 106621 मतदाता मिले नहीं तथा 193340 लोग अन्य जगहों पर शिफ्टेड हुए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि अब प्रकाशन हो गया है। जिस किसी मतदाता को कोई आपत्ति हो वह 6 फरवरी तक सूची में नाम देखकर आपत्ति दर्ज कर सकेगा। उसके बाद निस्तारण किया जाएगा। 11 जनवरी को बूथ पर मतदाता सूची सही करने से जुड़े अधिकारी जाएंगे जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म नहीं जमा किया हो वह लोग जमा कर सकते हैं। जहां गड़बड़ी की शिकायत आ रही है वहां सुधार के लिए एसडीएम, तहसीलदार को जिम्मेदारी दी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि नए मतदाता ऑफलाइन आवेदन कर मतदाता सूची से जुड़ सकते हैं तथा ऑनलाइन करके भी मतदाता सूची में अपना नाम बढ़ा सकते हैं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, एसडीम नेहा मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



पुनरीक्षण के बाद जानकारी देतीं डीएम प्रियंका निरंजन। ● अमृत विचार

### जिले में कुल मतदाता पहले और अब

| | 2025 तक | पुनरीक्षण के बाद |
|---|---|---|
| | 2552007 | 2082370 |
| पुरुष | 1358696 | 1145743 |
| महिला | 1193239 | 936578 |
| मृतक | | 105366, |
| अनुपस्थित | | 106681 |
| शिफ्टेड | | 193340 |

एसआईआर के दौरान हटाए गए- 469637।



रैली की अगुवाई करती एसडीएम नेहा मिश्रा साथ में प्रधानाचार्य मेजर राजाराम।

### करनैलगंज में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार शाम कन्हैयालाल इंटर कॉलेज से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने एसडीएम का स्वागत किया। रैली को रवाना करने से पूर्व एसडीएम नेहा मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि मंगलवार को एसआईआर के तहत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। इसी को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने गांव, परिवार और रिश्तेदारों तक इस जानकारी को पहुंचाएं, जिससे विशेष पुनरीक्षण अभियान की उपयोगिता सुनिश्चित हो सके। रैली में शिक्षक शिवकुमार पाठक, नरेंद्र बहादुर सिंह, अमित श्रीवास्तव, जगदीश, अनुपम मिश्र, राकेश सिंह, रिंकुमानी गौतम, सत्येंद्र नाथ मिश्र, डॉ. आरडी सिंह सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

# युवाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** विधानसभा क्षेत्र 299-तरबगंज के अंतर्गत बूथ संख्या 31 से 40 तक की फोटोयुक्त मतदाता सूची का औपचारिक प्रकाशन मंगलवार को महाराजा देवी बक्स सिंह इंटर कॉलेज, बेलसर में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम एसडीएम विश्वामित्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह ने छात्र-छात्राओं और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। स्वीप प्रभारी जितेंद्र कुमार पांडेय ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के अध्यापक अशोक कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर लेखपाल विक्रम बहादुर सहित बी.एल.ओ. सूर्यप्रकाश, सतीश मौर्य और दीपमाला उपस्थित रहीं, जिन्होंने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की जानकारी साझा की। इस अवसर पर डॉ. पवन प्रताप सिंह, पंकज सिंह 'बाबा', अमित वर्मा, रघुनाथ द्विवेदी आदि के साथ विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेतर कर्मचारी एवं छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहे।



मतदाताओं को जागरूक करते एसडीएम व तहसीलदार तरबगंज। ● अमृत विचार

# मतदाता सूची से नाम कटने पर ग्रामीणों ने एडीएम से की शिकायत

**गोंडा, अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में नाम कटने का मामला सामने आया है। झंझरी क्षेत्र की बड़गांव में कई पात्रों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। मंगलवार को कांग्रेस के शहर उपाध्यक्ष इमरान खान ने बड़गांव के विक्रम, अनवर साबिर, अयूब के साथ एडीएम को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सभी दस्तावेज उपलब्ध कराए थे, इसके बावजूद उनके नाम सूची से हटा दिए गए। अनिल वर्मा ने आरोप लगाया कि एक वार्ड सदस्य के परिवार के कई लोगों के नाम भी हटा दिए ग। उनका कहना है कि इस संबंध में उन्होंने एसडीएम सदर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों ने एडीएम से मांग की है कि जिन पात्र मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, उन्हें मतदाता सूची में शामिल किया जाए।

**जन्मतिथि एडिट कर सूची में जोड़ दिया नाम :** जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने डीएम से मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत की है। परसपुर की ग्राम पंचायत लोहंगपुर में मतदाता सूची में बड़ी गड़बड़ी की गई है। डीएम को शिकायती पत्र देकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के दौरान आधार कार्ड में जन्मतिथि एडिट करके नाम जोड़ दिया गया है।आरोप लगाया है कि करीब पचास नाम फर्जी तरीके से जोड़े गए हैं। इन नामों को विलोपित किया जाए।



ज्ञापन देते भाकपा माले के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पार्टी नेताओं को रिहा करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** वामपंथी मोर्चा के बैनर तले सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने सीपीआई एमएल के राज्य सचिव सुधाकर यादव एवं सीपीआई एमएल की नेत्री जीरा देवी की रिहाई की मांग की। वामपंथी नेताओं ने आरोप लगाया कि दोनों नेताओं को राजनीतिक द्वेष के चलते झूठे मामलों में फंसाया गया है। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किए गए हमले का विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान सीपीआई के जिला सचिव ईश्वर शरण, सीपीआई एम के नेता कामरेड अमित शुक्ला, प्रभारी कामरेड जमाल खान रमेश चौबे, कामरेड सुखसेन सिंह, अयूब खान, सूरज लाल यादव, दिनेश कुमार, सदानंद गिरी, मुस्ताक इरफान, मंशाराम बाबा, रामदेव, रामगोपाल वर्मा, राजेश कुमार, मुन्ना राम, गौतम सिंह आदि मौजूद थे।

## दहेज हत्या के आरोपी पति व ससुर गिरफ्तार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस ने दहेज हत्या के एक मामले में पति व ससुर को गिरफ्तार किया है। मोहित तिवारी निवासी लखनीपुर थाना ललिया, बलरामपुर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन का विवाह लगभग पांच वर्ष पूर्व शिवम पाण्डेय से हुआ था। दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। जिससे बहन की हालत बिगड़ गयी। उसे बीते शुक्रवार को जिला अस्पताल भर्ती किया गया जहां से उसे लखनऊ रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ससुर वीरेंद्र पांडेय व पति शिवम को गिरफ्तार कर लिया।

# गन्ना लदी ट्राली से भिड़ी बाइक, दो युवक घायल

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** सोमवार देर रात गन्ना लदे वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार भेजा जहां पर डॉक्टर ने एक व्यक्ति की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

रुपईडीह ब्लॉक पिपरा बाजार के रघुपुरवा निवासी अरविंद ने बताया कि सोमवार की रात करीब 9 बजे उसके चाचा संतोष व मुकेश घर के लिए मोटरसाइकिल से आ रहे थे। रायपुर फकीर गांव के पास पहुंचे ही थे कि गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ गए जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सीएचसी कटरा बाजार भेजा जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोंडा रेफर कर दिया।डॉ अरुण सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के पैर में ज्यादा चोट थी इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर कर दिया गया था वही मुकेश को हल्की चोट आई थी जिनका उपचार कर घर भेज दिया गया।

**लापरवाही**

**शिक्षक संघ ने प्रक्रिया पर उठाया सवाल, मनमानी का आरोप**

# समायोजन में 50 किमी दूर कर दिया शिक्षिका का तबादला

**गोंडा, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही शिक्षकों की समायोजन प्रक्रिया विवादों से घिर गयी है। नियमों की अनदेखी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि समायोजन के नाम पर शिक्षिकाओं के तबादले 50 किमी दूर तक कर दिए गए। शिक्षक संगठनों ने इस प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए समायोजन निरस्त करने की मांग की है।

परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए सरकार ने वर्ष 2025 में समायोजन प्रक्रिया शुरू की थी। इस प्रक्रिया के अंतर्गत जिन स्कूलों में सरप्लस शिक्षक थे उनमें से जूनियर शिक्षक को वहां से हटाकर शिक्षक विहीन या एकल शिक्षक वाले स्कूलों में समायोजित किया जाना था। पहले दो चरणों में शिक्षकों से विकल्प लेकर उनका समायोजन किया गया था। ऑनलाइन होने के कारण यह प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी हो गयी लेकिन तीसरे चरण में यह जिम्मेदारी जनपदीय समिति को सौंप दी गयी। बस यहीं से खेल शुरू हो गया। खंड शिक्षा अधिकारियों ने मनमाने तरीके शिक्षकों के समायोजन की सूची तैयार की और 31 दिसंबर को शिक्षकों का समायोजन कर दिया गया। समायोजन आदेश शिक्षकों को व्यक्तिगत तौर पर भेजे गए। तीसरे चरण में 54 शिक्षकों का समायोजन किया गया लेकिन यह विवादों से घिर गया। सर्वाधिक गड़बड़ी झंझरी ब्लाक में सामने आई। सरप्लस शिक्षक को समायोजित करने की गड़बड़ी में एक स्कूल के कनिष्ठ शिक्षक को हटाने के बजाय वरिष्ठ शिक्षक का समायोजन कर दिया गया। मामला सामने आने पर अधिकारी सूची दुरुस्त करने में जुटे हैं। शिक्षक संगठनों ने इस समायोजन प्रक्रिया में मनमानी का आरोप लगाते हुए निरस्त करने की मांग की है। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी का कहना है कि पहले दो चरणों में जिन शिक्षकों का समायोजन हुआ था उन्हे फिर से हटाकर दूसरे स्कूलों में भेज दिया गया है जबकि यह नहीं होना चाहिए था। वहीं शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजक सतीश पांडेय का कहना है कि न तो सूची जारी की गई और न ही स्पष्ट किया गया कि किस प्रक्रिया के तहत और कितने शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। समिति ने आरोप लगाया कि बिना पारदर्शिता के समायोजन करना मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

**केस-1** समायोजन में झंझरी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनवरिया में तैनात शिक्षिका रिजवाना को समायोजित करते हुए कटरा बाजार ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मेहरबानाबाद भेजा गया है। यह विद्यालय बहराइच जिले के बॉर्डर पर है और जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी की दूरी पर है। रिजवाना का कहना है कि विद्यालय तक जाने का साधन भी सुलभ नहीं है। उनसे विकल्प भी नहीं लिया गया। ऐसे में वह स्कूल तक कैसे पहुंचेंगी, यह बड़ा सवाल है।

**केस-2** झंझरी ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल गुलरिहा में तैनात शिक्षिका नादिरा को समायोजन में कटरा बाजार के पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामापुर भेजा गया है। यह स्कूल भी मुख्यालय के करीब 30 किमी दूर है। नादिरा के लिए भी समय पर स्कूल पहुंचना चुनौती होगी।

> नियम के मुताबिक ही शिक्षकों का समायोजन किया गया है। समायोजन पर कुछ शिक्षक संगठनों ने आपत्ति दर्ज करायी है। उसका परीक्षण कराया जा रहा है। जो भी गड़बड़ी होगी, उसे दूर कराया जायेगा।
> -**अमित सिंह**, बीएसए

## सिटी डायरी



बच्चों को प्रोजेक्टर देते फातिमा कालेज के प्रधानाचार्य व अन्य। अमृत विचार

### फातिमा स्कूल ने बच्चों को दी शिक्षा की सौगात

**गोंडा, अमृत विचार :** फातिमा स्कूल द्वारा बाल संरक्षण गृह के बच्चों को स्टेशनरी एवं प्रोजेक्टर का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य फादर अरुण मोरस के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में बच्चों को पेन, पेंसिल, कॉपी, कलर आदि सामग्री दी गई। फादर अरुण मोरस ने कहा कि प्रोजेक्टर से बच्चों की पढ़ाई रोचक बनेगी। कार्यक्रम में उपेंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव सहित विद्यालय के अध्यापकों एवं अभिभावकों का सराहनीय सहयोग रहा। बाल संरक्षण गृह के बच्चों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प लिया।



परिजनों को चेक सौंपते पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे व अन्य।

### बीएलओ की मौत पर सपा ने परिवार को दी दो लाख की आर्थिक मदद

**रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार :** कटरा बाजार के बनगाई बूथ पर तैनात बीएलओ नानबच्चा की मतदाता सूची पुनरीक्षण/संशोधन कार्यक्रम के दौरान ब्रेन हैमरेज से हुई मौत के बाद जिला प्रशासन एवं स्थानीय सत्ताधारी नेताओं द्वारा परिजनों की कोई सुध न लिए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को दी। अखिलेश यादव ने मृतक के परिजनों को 2 लाख का चेक भेजा। मंगलवार को पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे के नेतृत्व में सपा के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन एवं मसूद आलम खां की उपस्थिति में मृतक नानबच्चा की पत्नी कृष्णा कुमारी को चेक सौंपा गया। कृष्णा कुमारी ने कहा कि पति की मृत्यु की खबर सुनकर पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे अब तक पांच बार उनके घर आ चुके हैं, लेकिन सत्ता पक्ष का कोई भी नेता या अधिकारी नहीं आया।



प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाते जिला गन्ना अधिकारी।

### पराली प्रबंधन प्रचार वाहन रवाना 500 पंचायतों में पहुंचेगा संदेश

**गोंडा, अमृत विचार :** पानी संस्थान द्वारा संचालित पुरस्कार परियोजना के अंतर्गत खेती में लागत और पानी की खपत कम करने, किसानों की आय बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से पराली प्रबंधन पर जन-जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जिला गन्ना अधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह परियोजना गोंडा तथा श्रावस्ती की 500 ग्राम पंचायतों में संचालित की जा रही है। पानी संस्थान के जिला प्रबंधक राजीव मिश्र ने बताया कि यह प्रचार वाहन महिला किसान संगठन के माध्यम से 500 ग्राम पंचायतों में जाकर किसानों को पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक करेगा।



पिता की आर्थिक मदद करते विधायक विनय कुमार।

### युवक की मौत पर विधायक ने परिवारवालों को दी आर्थिक मदद

**इटियाथोक, गोंडा :** मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी ने इटियाथोक विकासखंड के ग्राम पंचायत बेलवा बहुता के मजरे लोहारन पुरवा पहुंचकर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की तथा प्रशासन से भी अपील की की हर संभव पीड़ित परिवार की मदद करें। आपको बता दें बीते 1 जनवरी को करंट लगने से इंद्रदेव सोनकर की मौत हो गई थी। युवक का शव घर पर पहुंचने पर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। प्रशासन के काफी मान मनौव्वल के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

न्यूज़ ब्रीफ

### समाजसेवियों ने असहायों को बांटे कंबल

रेहराबाजार बलरामपुर, अमृत विचार : ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामसभा सराय खास में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजसेवी अनिल श्रीवास्तव एवं नीतू श्रीवास्तव के सहयोग से 95 जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर असहाय लोगों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके उपरांत गरीब, असहाय और वृद्धजनों को कंबल प्रदान किए गए। इस दौरान कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और समाजसेवियों के इस प्रयास की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है और भविष्य में भी ऐसे कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

### बंदरों के बढ़ते आतंक से नगरवासी दहशत में

उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार : नगर क्षेत्र में बंदरों की बढ़ती संख्या अब आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। इन दिनों मोहल्लों, बाजारों, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों के आसपास बंदरों के झुंड खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। बंदरों द्वारा राह चलते लोगों पर झपट्टा मारना, बच्चों को दौड़ाना और खाने-पीने की चीजें छीन लेना आम हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को उठानी पड़ रही है। कई स्थानों पर बंदरों ने पानी की टंकियों को नुकसान पहुंचाया है, वहीं बिजली के तारों और सोलर पैनलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगरवासियों ने प्रशासन से बंदरों के आतंक से शीघ्र राहत दिलाने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित वातावरण मिल सके।

# बिजली संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शन

## 12 सूत्री मांगों के समर्थन में बलरामपुर में अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर किया सत्याग्रह

संवाददाता, बलरामपुर



अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते संविदा विद्युत कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विद्युत संविदा मजदूर संगठन की जिला इकाई ने अपनी लंबित मांगों और संविदा कर्मियों के शोषण के खिलाफ मंगलवार को प्रदर्शन किया। संगठन के केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल देवीपाटन, बलरामपुर के कार्यालय पर एक दिवसीय सत्याग्रह आयोजित किया गया। इस दौरान संविदा कर्मियों ने सरकार और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को मजबूती से उठाया।

सत्याग्रह के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निजीकरण की प्रक्रिया से संविदा कर्मियों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। निजीकरण की आड़ में वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। सत्याग्रह के उपरांत संगठन की ओर से अधीक्षण अभियंता के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें 12 सूत्री प्रमुख मांगें शामिल रहीं। इनमें निजीकरण की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने, संविदा कर्मियों को न्यूनतम 22 हजार रुपये तथा लाइनमैन, एसएसओ और कंप्यूटर ऑपरेटर को 25 हजार रुपये मासिक वेतन देने, भुगतान सीधे विभाग द्वारा किए जाने, हटाए गए संविदा कर्मियों को पुनः बहाल करने और छंटनी पर रोक लगाने की मांग प्रमुख रही। इसके साथ ही सेवा काल में मृत्यु होने पर आश्रितों को 20 लाख रुपये का बीमा कवर, कैशलेस चिकित्सा सुविधा और ईपीएफ से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह ने कहा कि संविदाकर्मी बिजली व्यवस्था की रीढ़ हैं, बावजूद इसके उन्हें बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव और महामंत्री दयाशंकर ने कहा कि यदि सरकार ने संविदा कर्मियों के हितों की अनदेखी जारी रखी तो संगठन आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होगा।

सत्याग्रह में मीडिया प्रभारी अनिल कुमार श्रीवास्तव, सह संगठन मंत्री विवेक पाण्डे सहित बड़ी संख्या में संविदा कर्मी उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# पायनियर स्कूल की बेटियों ने बढ़ाया बलरामपुर का मान

संवाददाता, बलरामपुर

● सब-जूनियर प्रदेशस्तरीय हॉकी टीम में आराध्या व सुधा चयनित

अमृत विचार : शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, की छात्राओं ने खेल जगत में जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा आराध्या श्रीवास्तव एवं सुधा गौतम का चयन सब-जूनियर प्रदेश स्तरीय हॉकी टीम में हुआ है।

दोनों छात्राओं ने जनपद और मंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की, जिसके बाद उन्हें प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए मेरठ रवाना किया गया।

छात्राओं के चयन पर हॉकी संघ एवं खेल विभाग की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। हॉकी संघ अध्यक्ष सलिल सिंह टीटू, उपाध्यक्ष डॉ. एम.पी. तिवारी, सचिव रश्मि सिंह, सर्वेश सिंह एवं हॉकी कोच अभय सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया कि दोनों खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और बलरामपुर का गौरव बढ़ाएंगी।

# वोटर लिस्ट में युवाओं के नाम जोड़ने को चलेगा विशेष अभियान

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की आलेख्य मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।
बैठक में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण कर चुके पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने को लेकर विशेष अभियान चलाने पर चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची को समावेशी, त्रुटिरहित व अद्यतन बनाए रखने में सभी दलों का सहयोग आवश्यक है।

उन्होंने दावा-आपत्ति प्रक्रिया, समयबद्ध सुधार और सूची शुद्धिकरण को लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम बताया। बैठक में एसडीएम सदर व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 4.11 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटे

संवाददाता, बलरामपुर

● 6 फरवरी तक दावे–आपत्तियां, 6 मार्च को होगा अंतिम प्रकाशन

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग एवं प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू कर दिया गया है। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जिले की सभी चार विधानसभा सीटों की मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी को कर दिया गया।

जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी जानकारी के अनुसार, 28 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जनपद में कुल 15 लाख 83 हजार 27 मतदाता पंजीकृत थे, जिनमें 8 लाख 53 हजार 785 पुरुष, 7 लाख 29 हजार 209 महिला तथा 53 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे। विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान विभिन्न कारणों से कुल 4 लाख 11 हजार 200 नाम मतदाता सूची से अपमार्जित किए गए। इनमें 63 हजार 138 नाम मृत्यु के कारण, 1 लाख 59 हजार 709 अनुपलब्ध या अनट्रेसबल, 1 लाख 33 हजार 371 स्थायी रूप से स्थानांतरित, 37 हजार 90 पहले से पंजीकृत तथा 17 हजार 892 अन्य कारणों से हटाए गए हैं। आलेख्य रूप से प्रकाशित नई मतदाता सूची में अब कुल 11 लाख 71 हजार 827 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 6 लाख 65 हजार 669 पुरुष, 5 लाख 6 हजार 125 महिला तथा 33 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी से 6 फरवरी तक मतदाता सूची में दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जबकि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे पात्र नागरिक, जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वे फार्म-6 भरकर अपना नाम शामिल करा सकते हैं। विदेश में निवास कर रहे भारतीय नागरिक फार्म-6ए, मृतक, स्थानांतरित अथवा डुप्लीकेट नाम हटाने के लिए फार्म-7 तथा प्रविष्टियों में सुधार या स्थानांतरण के लिए फार्म-8 का प्रयोग कर सकते हैं। ये फार्म संबंधित बूथ लेवल अधिकारी, मतदाता पंजीकरण केंद्र, तहसील अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त ECINET मोबाइल ऐप और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन ने जनपद के सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे अपने कार्यकर्ताओं और बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे और मतदाता सूची में दर्ज सभी प्रविष्टियां पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित हों।

# पोल गिरने से बालक की मौत, दो घायल

गैसड़ी, बलरामपुर

● काटते समय बिजली के खंभे पर गिरा पेड़, दो की हालत गंभीर



विकास फाइल फोटो।

अमृत विचार : नगर पंचायत गैसड़ी के वार्ड नंबर 15 में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे पेड़ काटते वक्त पेड़ बिजली के पोल पर जा गिरा। पेड़ के टकराते ही विद्युत पोल राहगीरों के ऊपर गिर पड़ा, जिससे साइकिल से जा रहे 7 वर्षीय बालक की मौके पर ही हालत गंभीर हो गई, जबकि दो अन्य लोग भी पोल के नीचे दबकर घायल हो गए।

हादसे में मृतक की पहचान विकास यादव (7) पुत्र कमलेश यादव के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विद्युत पोल के गिरने से विकास यादव उसके नीचे दब गया। साथ ही निब्बर यादव (30) और वीरेंद्र यादव (14) भी पोल की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैसड़ी ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए विकास यादव को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बालक ने दम तोड़ दिया। घायल निब्बर ने बताया कि विद्युत पोल में करंट प्रवाहित था, जिससे उन्हें झटका लगा। लोगों ने किसी तरह उन्हें पोल के नीचे से बाहर निकाला। वहीं वीरेंद्र यादव और निब्बर यादव का इलाज गैसड़ी के एक निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। घटना के बाद मृतक बालक की मां पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने कोतवाली गैसड़ी में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और मामले की जांच की जा रही है। अवर अभियंता अजय कुमार ने कहा कि पोल गिरते ही बिजली आपूर्ति ट्रिप हो गई थी, जांच कर कार्रवाई की जा रही है। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पर्वों में आमजन की सुरक्षा प्राथमिकता

बलरामपुर, अमृत विचार : आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने जनपद के सभी संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा कि त्योहारों के दौरान आमजन की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी एसडीएम और सीओ को अपने क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर कानून-व्यवस्था, यातायात, भीड़ नियंत्रण और संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। नगर निकायों को बाजारों, धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक मार्गों पर विशेष सफाई अभियान और प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने को कहा गया है।

# प्रशासन ने गैसड़ी में हटवाया अतिक्रमण

गैसड़ी, बलरामपुर



गैसड़ी नगर में आक्रमण हटाता नगर पंचायत का बुलडोजर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पंचायत गैसड़ी में अतिक्रमण हटाओ अभियान सख्ती के साथ जारी है। मंगलवार को प्रशासन ने वार्ड नंबर 8 में राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरब दिशा में कोतवाली तक 55 फीट के दायरे में फैले अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा दिया। नगर पंचायत और पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जे हटवाए गए।

अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के दूसरे चरण में टिन शेड और ढाबली रखकर अतिक्रमण करने वाले 50 लोगों को चिह्नित किया गया था। इनमें से अधिकांश लोगों ने नगर पंचायत की चेतावनी के बाद स्वयं अपने घरों के सामने बने बाउंड्री वॉल, टिन शेड और अस्थायी निर्माण हटा लिए। शेष अतिक्रमण को प्रशासन ने मौके पर ही हटवाया। नगर पंचायत की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि यदि भविष्य में किसी ने स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया तो नगर पंचायत द्वारा जेसीबी लगाकर जबरन जमीन खाली कराई जाएगी और संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना है। कार्रवाई के दौरान नगर पंचायत के कर्मचारी, पुलिस बल और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

अतिक्रमण हटाओ अभियान से क्षेत्र में जागरूकता का माहौल बना है। प्रशासन की सख्ती को देखते हुए लोग अब स्वयं आगे आकर अवैध कब्जे हटा रहे हैं। नगर पंचायत ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर कार्रवाई से बचें और नगर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाने में प्रशासन का साथ दें।



एसपी की उपस्थिति में ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित करते पुलिस अधिकारी।

### सुरक्षा की अहम कड़ी हैं ग्राम प्रहरी : एसपी

गोंडा, कार्यालय, अमृत विचार : थाना कोतवाली देहात परिसर में मंगलवार को ग्राम प्रहरियों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने प्रतिभाग कर ग्राम प्रहरियों से संवाद किया। शीतकाल को देखते हुए ग्राम प्रहरियों को कंबल वितरित किए गए व टॉर्च भी प्रदान किया गया। एसपी ने ग्राम प्रहरियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखें। एसपी ने कहा कि ग्राम प्रहरी ग्रामीण स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की एक अहम कड़ी हैं। सम्मेलन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात शमशेर बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# कुरीतियों पर नियंत्रण के बिना विकास संभव नहीं

● डीएम ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी



परिवार नियोजन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाई डीएम और अन्य अधिकारी।

बलरामपुर, अमृत विचार : परिवार नियोजन को लेकर समाज की सोच में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. बिपिन कुमार जैन ने इतनी भी क्या जल्दी है? एसबीसीसी (सोशल एंड बिहेवियर चेंज कम्युनिकेशन) अभियान के तहत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता वाहन उम्मीद परियोजना के अंतर्गत जनपद के चयनित 150 गांवों में भ्रमण कर विवाह की सही उम्र, बच्चों के बीच उचित अंतराल और आधुनिक गर्भनिरोधक साधनों के उपयोग को लेकर समुदाय को जागरूक करेगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि परिवार नियोजन केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास की मजबूत नींव है। बाल विवाह और कम उम्र में मातृत्व जैसी सामाजिक कुरीतियों पर नियंत्रण के बिना समग्र विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान इतनी भी क्या जल्दी है? कैम्पेन की जानकारी दी गई। उम्मीद परियोजना, स्वास्थ्य विभाग, मोबियस फाउंडेशन एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधियों ने जनपद में जनसंख्या से जुड़ी चुनौतियों और उन्हें दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। मोबियस फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि चार विषयों पर आधारित लघु फिल्में, जिंगल्स, हैंडबिल्स एवं पोस्टर तैयार किए गए हैं। इस मौके पर सीएमओ हिमांशु गुप्ता, डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि रामबरन यादव सहित राम गुलाम वर्मा, आकाश, रामशंकर आदि थे।

# 11 माह बाद भी नहीं मिली मिलेट्स कैंटीन को हरी झंडी

गोंडा, अमृत विचार: प्रस्तावित मिलेट्स कैंटीन को 11 माह बीत जाने के बाद भी औपचारिक स्वीकृति नहीं मिल सकी है। यह कैंटीन कृषि विभाग कार्यालय परिसर में संचालित की जानी थी, लेकिन अब तक योजना कागजों से बाहर नहीं निकल पाई है। वर्ष 2025 की शुरुआत में तत्कालीन डीएम ने कृषि विभाग कार्यालय में मिलेट्स कैंटीन स्थापित करने के निर्देश दिए थे। प्रस्तावित कैंटीन में ज्वार, बाजरा, रागी समेत अन्य मोटे अनाज से बने इडली, डोसा, खिचड़ी, रोटी, लड्डू, बिस्कुट और अन्य पारंपरिक व आधुनिक व्यंजन उपलब्ध कराने की योजना थी। हालांकि, 11 माह बीत जाने के बावजूद योजना को अंतिम स्वीकृति नहीं मिल सकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार प्रस्ताव उच्च स्तर पर लंबित है। जबकि मौके पर कैंटीन संचालन के लिए स्थान भी चिन्हित किया जा चुका है। योजना के लंबित रहने से कृषि विभाग के कर्मचारियों में निराशा है। साथ ही, मोटे अनाज को बढ़ावा देने को लेकर सरकारी मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। यदि इस पर निर्णय नहीं लिया गया तो महत्वाकांक्षी योजना फाइलों तक सीमित रह जाएगी। लोगों और किसानों को अब शीघ्र स्वीकृति की उम्मीद है, ताकि यह पहल धरातल पर उतर सके।

मनमानी | सड़क किनारे कूड़े के पहाड़ से ग्रामीणों में उबाल

# कस्बे की गंदगी गांवों पर थोप रही पालिका

उतरौला, बलरामपुर



गांव के किनारे फेंका जा रहा उतरौला शहर का कूड़ा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नगर पालिका परिषद उतरौला की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। पूरे नगर क्षेत्र से निकलने वाला कूड़ा-कचरा वर्षों से एक ही स्थान पर डाले जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि उतरौला कस्बे से लगभग तीन किलोमीटर दूर ग्राम गुरदयाल डीह के आगे पचपेड़वा मार्ग स्थित सड़क के किनारे नगर पालिका के सफाईकर्मी लगातार कूड़ा फेंक रहे हैं।

लंबे समय से जमा कचरे के कारण इलाके में भीषण दुर्गंध फैल गई है। स्थिति यह है कि राहगीरों, मजदूरों और ग्रामीणों का उस मार्ग से गुजरना दूभर हो गया है। कई बार दुर्गंध के चलते लोग रास्ता बदलने को मजबूर हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़ते कचरे का असर आसपास के खेतों पर भी पड़ रहा है, जिससे फसलों के नुकसान की आशंका बनी हुई है। पचपेड़वा-गुरदयाल डीह मार्ग प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन सैकड़ों लोगों, छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों का आवागमन होता है। गंदगी और दुर्गंध के बीच बच्चों का आना-जाना स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गया है। इसको लेकर रहमतुल्ला, जमील, अमजद, मुस्ताक, हरिराम, राना, रामदुलारे, बेचू सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि कूड़े के ढेर को तत्काल हटाया जाए और वैज्ञानिक तरीके से कूड़ा निस्तारण की स्थायी व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि कस्बे की गंदगी गांवों में डालना सरासर अन्याय है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बाल किशोर इकाई के कार्यों की समीक्षा

गोंडा, अमृत विचार : बाल किशोर इकाई के कार्यक्रमों के प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन किए जाने के लिए पुलिस लाइन में बैठक हुई। अध्यक्षता एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय ने की। एएसपी ने कहा कि एसपीईएल कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं के साथ सकारात्मक व्यवहार रखा जाए तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया जाए। साथ ही बाल-किशोर इकाई से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने बाल अपराधों की रोकथाम, किशोरों के पुनर्वास, परामर्श एवं जागरूकता कार्यक्रमों को प्राथमिकता दिए जाने की बात कही।

# मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं युवा



छात्र-छात्राओं को शपथ दिलातीं डीएम प्रियंका निरंजन व अन्य। ● अमृत विचार

गोंडा, अमृत विचार : श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता शास्त्री सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के दिशा-निर्देशन में मतदाता प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बीपी सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए मतदाता जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम क्यों आवश्यक है और इसके माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाए रखने में किस प्रकार मदद मिलती है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जो छात्र 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे नए मतदाता के रूप में अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के पात्र हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फॉर्म कहां और किस प्रकार भरे जा सकते हैं, जिससे युवाओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन स्वीप समन्वयक डॉ. चमन कौर ने किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पयागपुर में आज 7 घंटे नहीं आएगी बिजली

**पयागपुर (बहराइच):** पयागपुर क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। बिजली विभाग द्वारा 7 जनवरी को आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित रखी जाएगी। विद्युत वितरण उपखण्ड पयागपुर के उपखण्ड अधिकारी सुनील कुशवाहा ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र पयागपुर के रिचयार्ड में लगे 10-10 एमवीए के दो पावर ट्रांसफार्मरों की लाइन एवं बस आइसोलेटर बदलने का काम किया जाना है। इसके लिए 07 जनवरी को सुबह 10:00 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी विद्युत विभाग ने जानकारी दी है कि इस कार्य के दौरान पयागपुर उपकेंद्र से पोषित सभी क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी।

### मतदान केन्द्रों की सूची का हुआ प्रकाशन

**बहराइच:** जिला निर्वाचन अधिकारी, बहराइच अक्षय त्रिपाठी द्वारा जनपद बहराइच में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 282-बलहा (अ0जा0), 283-नानपारा, 284-मटेरा, 285-महसी, 286-बहराइच, 287-पयागपुर तथा 288-कैसरगंज के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रस्तावित मतदेय स्थलों की सूची आयोग द्वारा अनुमोदित करने के उपरान्त संसदीय/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की विनिर्दिष्ट मतदेय स्थलों का अथवा मतदान समूह के लिए उपबंध किया गया है।

### तमंचा रखने पर एक हजार का जुर्माना

**श्रावस्ती:** गिलौला पुलिस ने 16 वर्ष पूर्व तुलसीपुरवा निवासी अन्नू उर्फ धनीराम पुत्र महादेव को एक तमंचा 12 बोर व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी को जेल में बिताई अवधि का कारावास व 1000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

### मारपीट के दो दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती:** सिरसिया पुलिस ने बगहीबीर निवासी हुकुमउल्ला पुत्र छोटकऊ व हुकुमउल्ला की पत्नी को मारपीट के आरोप में जेल भेजा था। मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोषी को जेल में बिताई अवधि का कारावास व प्रत्येक को 1000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

### चाकू रखने के दोषी पर लगा जुर्माना

**श्रावस्ती:** सोनवा पुलिस ने 10 वर्ष पूर्व भीखमपुर दिखावा निवासी जीवन यादव पुत्र सुमिरन यादव को चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले को सिविल जज जूनियर डिविजन त्वरित न्यायालय ने दोषी को न्यायालय उठने तक के अवधि का कारावास व 500 रुपए के जुर्माने से दंडित किया।

### गांवों में नियुक्त किये गए पदाधिकारी

**बाबागंज (बहराइच):** मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय कलवारी पर एक समन्वय बैठक ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें नवाबगंज विकासखंड के सभी गांवों के पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष एस पी सिंह ने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य जल जंगल जमीन को बचाना, समाज से नशे को खत्म करने का प्रयास एवं सरकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक जागरूक कर पहुंचाना है इसके साथ ही पूरे जनपद में विषमुक्त खेती और नशा मुक्ति गांव का भी अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को लेकर भी ट्रस्ट द्वारा कार्य किया जा रहा है हम सभी को निस्वार्थ भाव से इस कार्य में जुटना है।

# 6 फरवरी तक दर्ज कराएं दावे व आपत्तियां: डीएम

## मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशनः डीएम ने राजनीतिक दलों के नेताओं संग हुई बैठक में दी जानकारी

संवाददाता, बहराइच



राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी।

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक कर बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया है। जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी, तहसील स्तर पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और मतदान केंद्रों पर बीएलओ के पास यह सूची जनसामान्य के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी। बैठक में जिलाधिकारी बताया कि 6 फरवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज कराई जा सकती हैं।

इस दौरान बैठक में मौजूद अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने जानकारी दी कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने, संशोधन या नाम कटवाने के लिए दावे और आपत्तियां 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक प्राप्त की जाएंगी। इन प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर 27 फरवरी 2026 तक कर दिया जाएगा।

आयोग द्वारा इस बार चार अर्हक तिथियां निर्धारित की गई हैं। यदि कोई नागरिक 01 जनवरी 2026 के बाद भी वर्ष के दौरा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है, तो वह अभी से फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकता है। बैठक में सभी प्रमुख दलों के नेता व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन की सुविधाः** वोटर लिस्ट में संशोधन, निवास परिवर्तन या दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन के लिए फार्म-8 भरा जा सकता है। नागरिक अपने बीएलओ के पास ऑफलाइन आवेदन जमा करने के अलावा आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, निर्वाचक नामावली जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट bahraich.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

### जाम की समस्या का होगा समाधान

**बहराइच, अमृत विचार।** यातायात नियमों के प्रति जन जागरूकता लाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने तथा शहर में जाम की स्थिति को सुधारने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रोडवेज बस स्टैण्ड, मरीमाता चौराहा इत्यादि जगहों पर बसों के संचालन का आवागमन देखा। उन्होंने श्रावस्ती, गोण्डा व बलरामपुर जाने वाली बसों का डायवर्जन कराने के भी निर्देश दिये। डीएम ने निर्देश दिया कि जो बसे बाहर से जा सकती है वह अन्दर प्रवेश न करे। जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि केडीसी के पहले हम कोई व्यवस्था दे की सवारी वहां से निकल जाय और सीधे चली जाय। रोडवेज विभाग ने एक वर्कशाप की जमीन के लिए अनुरोध किया गया है। प्रयास यही किया जायेगा जिन बसों का यहां प्रवेश न हो वह बाहर से ही निकल जाय। जल्द ही एक हफ्ते के अन्दर जो कार्यवाही की जानी है इसको विस्थापित कराया जाए।

# डी फार्मा के छात्र का बंद कमरे में फंदे से लटकता मिला शव

संवाददाता, बहराइच

**जांच जारी**

- मकान मालिक ने पुलिस व परिजनों को दी सूचना

**अमृत विचार।** जिले के देहात कोतवाली इलाके में स्थित स्पार्क कॉलेज में डी फार्मा की पढ़ाई कर रहे एक छात्र का बंद कमरे में फंदे से लटकता शव मिलने से सनसनी फैल गई। मकान मालिक ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व मृतक के परिजनों को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।

श्रावस्ती जनपद में स्थित अग्गापुर ग्राम का रहने वाला राजन (20) देहात कोतवाली इलाके में स्थित स्पार्क कालेज में डी फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था। वो कालेज के पास स्थित चेतरा ग्राम में किराए का कमरा लेकर रहता था। आज सुबह काफी देर तक उसका कमरा नहीं खुला तो मकान मालिक बृजेश पुष्कर ने उसे आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर जब उन्होंने कमरे में लगे रौशनदान से झांका तो उनके होश उड़ गए। राजन का कमरे में फंदे से शव लटक रहा था। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना देहात कोतवाली व मृतक के परिजनों को दी। जानकारी पर बेड़नापुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वहीं मृतक के पिता मक्खन लाल ने बताया कि बीते दिनों बेटे का पेपर छूट गया था। इसके चलते वो परेशान रहता था। उन्होंने बताया था कि नकल के आरोप में उसे पेपर नहीं देने दिया गया था। आज सुबह मकान मालिक ने हम लोगों को बेटे की आत्महत्या की सूचना दी। वहीं छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

# एएसपी ने किया रिजर्व पुलिस लाइन परेड का निरीक्षण



परेड का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह।

संवाददाता, बहराइच

- अर्दली रूम का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार सिंह द्वारा मंगलवार की रिजर्व पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड पर परेड कराते हुये सलामी ली तथा पुलिस बल की दौड़ कराई गई। इस दौरान टोली वार शस्त्र ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देश दिए।

एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित लोगों को बेहतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए । इस दौरान क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गयी तथा शस्त्रों के रख रखाव का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई हेतु दिशा निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त एएसपी द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया साथ ही मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया । अंत में पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### एसडीएम मोनालिसा ने कंबल बांटे



कंबल वितरित करतीं एसडीएम नानपारा व मौजूद पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड।

**बहराइच, अमृत विचार।** अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नानपारा तहसील प्रशासन द्वारा सराहनीय एवं मानवीय पहल करते हुए ग्राम ककरहा बोधवा में जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को ठंड से बचाने के लिए पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड व उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद बहराइच ने कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसडीएम नानपारा द्वारा पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ किए जा रहे राहत कार्य वास्तव में अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी प्रशासन की सकारात्मक छवि को मजबूत करते हैं और आमजन में विश्वास पैदा करते हैं। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से देखा गया। लाभार्थियों ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी एवं तहसील प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस कठिन समय में प्रशासन उनके लिए एक मजबूत सहारा बनकर खड़ा है। उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं एवं सभी व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि "शासन की स्पष्ट मंशा है कि शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण पीड़ित न हो। इस अवसर पर सी.ओ. नानपारा पहुप सिंह, नायब तहसीलदार नबाबगंज, शिवपुर व अन्य तहसील कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जरवलरोड रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म नंबर एक बना यात्रियों की परेशानी का कारण

संवाददाता, जरवलरोड, बहराइच



कम ऊंचाई के प्लेटफार्म नंबर एक से गुजरती ट्रेन। अमृत विचार

**समस्या**

- प्लेटफार्म की ऊंचाई कम होने से यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में हो रही दिक्कत

**अमृत विचार।** जरवलरोड रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की ऊंचाई अपेक्षाकृत कम होने के कारण यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए यह समस्या और भी गंभीर बन जाती है।

यात्रियों का कहना है कि कई ट्रेनों के डिब्बों की सीढ़ियां प्लेटफॉर्म से काफी ऊंचाई पर होने के कारण चढ़ते-उतरते समय गिरने का खतरा बना रहता है। भीड़ के समय यह समस्या और बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों एवं नियमित यात्रियों ने रेलवे प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए प्लेटफॉर्म की ऊंचाई मानक के अनुरूप किए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही सुधार कार्य नहीं कराया गया तो किसी बड़ी दुर्घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों से अनुरोध किया है कि यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्लेटफॉर्म नंबर एक के उन्नयन का कार्य जल्द से जल्द कराया जाए, ताकि राहत मिल सके।

### बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, एक घायल

**जमुनहा (श्रावस्ती), अमृत विचार।** हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के महरु गांव के पास मंगलवार देर शाम को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के नानकार गांव निवासी गोपाल वर्मा (34) पुत्र छोटेलाल बाइक से बहराइच जिले के नानपारा गए थे। जहां से वह मंगलवार वापस घर लौट रहे थे। महरु गांव के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के बरुहा गांव निवासी अलखराम (35) पुत्र सियाराम से आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से गोपाल वर्मा को सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया गया। वहीं अलखराम को उसके परिजनों निजी वाहन से बहराइच स्थित मेडिकल कालेज ले गए। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं गोपाल वर्मा की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बाद उसकों मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। जिसके बाद घायल के परिजन उसे इलाज के लिए बहराइच ले गए हैं।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर

**जमुनहा(श्रावस्ती), अमृत विचार।** मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम परसोहना के मजरा मनकौरा निवासी उदयराज (29) पुत्र रामचंद्र सोमवार का बाइक से अपनी ससुराल हरिहरपुर महाराज नगर से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर जमुनहा बहराइच मार्ग स्थित साइन बोर्ड पेट्रोल पंप के पास पहुंचा। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार बहराइच के रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम चित्ररहिया निवासी ननकऊ वर्मा (28) पुत्र ब्रह्मदत्त की बाइक से भिड़ंत हो गई। घटना में ननकऊ, उनके साथ मौजूद गुरचाही निवासी शत्रोहन (28) पुत्र रामसूरत व उदयराज गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर लाया गया। यहां चिकित्सक ने शत्रोहन की हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। वहीं दो अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# भिनगा नगर में चार टीमें कर रहीं पानी की जांच

संवाददाता, श्रावस्ती



पानी की गुणवत्ता की जांच कराती ईओ डॉ. अनीता शुक्ला व साथ में मौजूद टीम।

**अमृत विचार।** इंदौर में जहरीला पानी पीने से कई लोगों की मौत हो गई। घटना को संज्ञान में लेते हुए नगर पालिका परिषद भिनगा की ओर से घर-घर पानी जांच के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। इन टीमों ने मंगलवार से पानी की जांच शुरू कर दिया है।

इंदौर में खराब पानी पीने से हुई कई मौतों के बाद भिनगा नगर पालिका अलर्ट मोड में आ गई है। नगर में ऐसा कुछ न हो, इसके लिए ईओ डॉ. अनीता शुक्ला की ओर से चार टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें नगर क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए सभी वार्ड के घरों में जाकर पानी का नमूना लेकर जांच करेंगी। पहले दिन स्वयं ईओ ने अपने नेतृत्व में चार वार्ड के पांच घरों में जाकर पानी का नमूना लिया। जलकल टीम सभी वार्डों से लिए जा रहे पानी के सैंपल की शुद्धता के लिए ओटी टेस्ट करेगी। ईओ ने बताया कि नगर में 12.5 केएल का एक ओवार टैंक है। इसी से 5500 घरों को पानी दिया जा रहा है। वहीं अमृत 2.0 योजना के तहत चार ओवरहेड टैंक बनाए जा रहे हैं। इससे नगर के सभी घरों में जलापूर्ति की जाएगी। हमने पहले भी पानी का नमूना लेकर जांच कराया था, नगर के पानी की गुणवत्ता में अभी तक कोई कमी नहीं पाई गई है। इस दौरान जलकल प्रभारी मुस्ताक अहमद, पंप ऑपरेटर व कोर टीम के मेंबर जहीब अहमद व जलकल टीम सहित अन्य मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



भागवत कथा सुनाते कथावाचक रविशंकरजी गुरु।

### नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की...भजन पर झूमे श्रोता

**नानपारा (बहराइच)।** नानपारा के स्टेशन बाजार स्थित राज पैलेस लॉन में भागवत कथा के चतुर्थ दिन की कथा में पूज्य महाराज ने बताया कि भगवान धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। भागवत में भगवान के 24 अवतारों का वर्णन आया है जिसमें से 14 अंश अवतार 10 प्रत्यक्ष अवतार माने गए हैं। भगवान श्री कृष्ण का अवतार 16 कलाओं से युक्त है कलयुग के पहले भगवान का यह अंतिम अवतार था। नंद यशोदा जी भगवान के पूर्व जन्म में परम भक्त थे इनको माता-पिता होने का श्रेय प्रदान किया। डोगर जी महाराज ने वर्णन किया है कि नंद का अर्थ जो हमेशा आनंद में रहे और यशोदा जी का अर्थ है जो स्वयं कम करें और दूसरों को यश बांटे... वहीं नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के भजन पर आए हुए सभी श्रोतागण श्री कृष्ण जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर झूम उठे। पूरा पंडाल भक्तों से भरा हुआ था।



बैठक में संगठन पर चर्चा करते पत्रकार।

### बैठक में की महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

**रुपईडीहा (बहराइच)।** रुपईडीहा पत्रकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार की शाम 6:00 बजे संघ के सदस्य रमेश कुमार सिंह के निज निवास पर संपन्न हुई। बैठक में संघ के अधिकांश सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बैठक के दौरान संघ से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक 15 दिन में नियमित बैठक आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही संघ के विस्तार पर भी जोर दिया गया। बैठक में संघ के संरक्षक शेर सिंह कशौधन, संजय कुमार गुप्ता, शकील अहमद, बनारस गिरी, इरशाद हुसैन, रमेश कुमार सिंह मोहम्मद कौसर, धीरेंद्र कुमार शर्मा, रमेश कुमार मिश्रा, श्याम कुमार मिश्रा, मो.सलीम, अरविंद कुमार रहे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

### स्मैक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**बहराइच।** थाना मोतीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध अवस्था में जा रहे एक नेपाली युवक को रोककर तलाशी ली गयी तो इनके पास छिपाकर रखी गयी 14 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पुलिस ने इन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। थानाध्यक्ष मोतीपुर आनन्द कुमार चौरसिया ने बताया कि ग्राम बलईगांव फुट्टा चौके के पास से आरोपित रोशन केसी पुत्र हेम बहादुर केसी खत्री निवासी वार्ड-नं. 06 नगर पालिका बांसगढ़ी जिला बर्दिया राष्ट्र नेपाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक बरामद कर उसके विरुद्ध केस दर्ज करके जेल भेजा गया है।



बाघ देखे जाने पर हांका लगाते ग्रामीण। अमृत विचार

### बाघ दिखने पर ग्रामीणों ने लगाया हांका

**नवाबगंज (बहराइच)।** चनैनी गांव के पास फिर से बाघ दिखा जिससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गयी। जंगल की तरफ मंगलवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के चनैनी गांव में पंचायत भवन के पास एक व्यक्ति को बाघ दिखाई दिया। बाघ की आशंका पर शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और हांका लगाकर बाघ को भगाने का प्रयास किया। वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। वहीं वन रेंज के डिप्टी रेंजर शंभू नाथ यादव वन दरोगा शुभम सिंह, वन दरोगा मनोज तिवारी क्षेत्र की कॉम्बिंग की।

**सहूलियत** | डीएम ने अधिकारियों को दिव्यांग बच्चों की सहायता करने के दिए निर्देश

# दिव्यांग बच्चों को जनता दर्शन में मिली स्पेशल व्हीलचेयर

संवाददाता, श्रावस्ती




दिव्यांग शहरातून व दिलशाद को स्पेशल व्हीलचेयर देते डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान भिनगा के ग्राम मदरहवा निवासी मानसिक रूप से दिव्यांग शहरातून व दिलशाद अपनी मां के साथ डीएम से मिलने पहुंची। मां ने बताया की इनके बच्चे जन्म से ही मानसिक रूप से दिव्यांग हैं। इसके बाद भी न तो उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र बन पा रहा है न ही कोई सुविधा ही मिल रही हैं।

इस पर डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने तत्काल मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ यूसुफ खान के माध्यम से बच्चों का परीक्षण करवाया। चिकित्सक के अनुसार दोनों बच्चे शत प्रतिशत दिव्यांग थे। चिकित्सक की रिपोर्ट के बाद डीएम ने न सिर्फ दोनों बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करवाया, बल्कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से दोनों बच्चों को मानसिक दिव्यांग बच्चों के लिए बनाई गई विशेष व्हील चेयर प्रदान की। इससे बच्चे न सिर्फ कहीं आ जा सकेंगे, बल्कि उनका दैनिक कार्य भी आसान होगा। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी दिव्यांगों के मामले में संवेदनशील होकर काम करें, जिससे दिव्यांगों को अनावश्यक भटकना न पड़े। यह बच्चे शारीरीक रूप से विषम परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में इनके साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि जो बच्चे मानसिक मंदित होते हैं। उनका जीवन बहुत कठिन होता है। इन बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी काफी समस्या का सामना करना पड़ता है, ऐसे में इनके लिए बनाई गई सीपी चेयर इनका दैनिक जीवन आसान बनाएगी। इस दौरान जनता दर्शन में डीएम को नौ शिकायतें मिली, जिनका निराकरण कर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### इच्छुक वृद्धजनों को वृद्धाश्रम में आवासित कराने के लिए चलेगा अभियान

**श्रावस्ती।** जिले के ऐसे बेसहारा वृद्ध जिनका कोई पुरसाहाल नहीं, और वह वृद्धाश्रम में रहने के इच्छुक हैं। उन्हें अभियान चलाकर चिन्हित किया जाएगा। इसके लिए डीएम ने अधिकारियों को निर्देश जारी किया है। अधिकारियों को जारी निर्देश में डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने कहा है कि उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ की ओर से 24 नवंबर 2025 को एक आदेश पारित किया गया है। इसके क्रम में उत्तर प्रदेश माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण नियमावली में शामिल व्यवस्था के तहत समाज कल्याण जिले में स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित वृद्धाश्रम में 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र वृद्धजनों, वरिष्ठ नागरिक, जो मानसिक/शारीरिक रूप से स्वस्थ है। साथ ही वह चलने फिरने में समर्थ होने के साथ ही वृद्धाश्रम में रहने के इच्छुक हैं। उनको जिले में एक विशेष अभियान के माध्यम से वृद्धाश्रम में आवासित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सभी एसडीएम व बीडीओ अभियान चलाकर उन्हें चिन्हित करें। जिले में स्वैच्छिक संस्था के माध्यम से संचालित वृद्धाश्रम में 150 वृद्ध संवासियों की क्षमता स्वीकृत है।

# अमृत विचार

बुधवार, 7 जनवरी 2026






देशभक्ति मूल रूप से यह विश्वास है कि एक विशेष देश, दुनिया का सबसे अच्छा देश है, क्योंकि आप उसमें पैदा हुए हैं।
**-जॉर्ज बर्नार्ड शॉ**, आइरिश विचारक

## यह हिंसा कैसे रुकेगी

बीते 19 दिनों में बांग्लादेश में छह हिंदुओं की हत्या, व्यापक हिंसक दुर्व्यवहार और संगठित अपराध की घटनाएं भारत के लिए सीमापार में मानवीय संकट तो है ही, उसके लिए यह सीधी चुनौती है। इससे सीमा पार अप्रवासन, सांप्रदायिक तनाव और कूटनीतिक दबाव बढ़ सकता है। धर्म निरपेक्ष कहलवाने वाले बांग्लादेश के लिए भी यह उसकी लोकतांत्रिक, अंतर्राष्ट्रीय बहुलतावादी साख की गंभीर परीक्षा है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी भी आधुनिक राज्य की बुनियादी जिम्मेदारी होती है। इसमें चूक पड़ोसियों की सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और अंतर्राष्ट्रीय भरोसे को डगमगाती है। चुनावी मौसम में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा की तेज़ी के पीछे कई वजहें हैं, जैसे चुनावी ध्रुवीकरण, कट्टरपंथी नेटवर्कों का उभार, दंडहीनता की संस्कृति और प्रशासनिक शिथिलता। स्थानीय नेता, कारोबारी, अधिकारी, पत्रकार, छात्र और महिलाएं, हर वर्ग के हिंदुओं का हिंसा की चपेट में आना बताता है कि समस्या केवल धार्मिक नहीं, गहरे राजनीतिक उपयोग से भी जुड़ी है।

पहचान को 'वोट-ब्लॉक' या 'विरोधी खेमे' के रूप में चिन्हित कर भय का वातावरण बनाना आसान हो जाता है। हिंदुओं पर हिंसा की तेजी से वृद्धि के पीछे राजनीतिक अस्थिरता प्रमुख है। यह घृणा धार्मिक दिखती है, मगर जड़ें राजनीतिक हैं। नफरत का बीज जेहादी संगठनों और कट्टर राजनीति ने बोया है, जिसे सरकारें अनदेखा करती रहीं। अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में कुचलना और हिंदुओं को राजनीति की मुख्यधारा से बाहर रखना, उनकी आवाज को मंच न देकर दबा देना प्रछन्न नीति रही है। चुनावों में सुरक्षा बढ़ती है, ऐसी घटनाएं बताती हैं कि या तो व्यवस्था की इच्छाशक्ति कमजोर है या चरमपंथी दबावों के आगे वह झुक रहा है। यह इशारा करता है कि हिंसा राज्य प्रायोजित हिंसा है। यहां पहले भी ऐसी हिंसा होती रही है। 2001 के चुनाव बाद हिंदुओं पर व्यापक अत्याचार हुए, तब भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया था। उसने राजनयिक दबाव बनाया, आर्थिक सहायता रोकी। 2024 में शेख हसीना के इस्तीफे के बाद 4 से 20 अगस्त तक 2010 से अधिक हमले हुए। मंदिर जलाए गए, घर लूटे गए। पर कूटनीतिक दबाव, सार्वजनिक-निजी संवाद और सीमा-स्तरीय सहयोग के जरिए मात्र चिंता जताई गई। उतनी कड़ाई नहीं बरती गई, जितना बरतना चाहिए था। सरकार के कदम अपर्याप्त प्रयासों के चलते त्वरित अभियोजन और संरचनात्मक सुधार नहीं हो सके।

कुछ हफ्ते पहले संघ प्रमुख ने कहा था, एकमात्र हिंदू बहुल देश भारत को सीमाओं में रहकर बांग्लादेश के हिंदुओं की अधिकतम मदद करनी चाहिए, जिसका आशय था बांग्लादेश पर दबाव, बहुपक्षीय मंचों पर मुद्दा उठाना, मानवीय सहायता और शरण-संबंधी संवेदनशीलता, लेकिन इस आह्वान के बाद फिलहाल इस ओर कोई ठोस कदम नहीं दिखा। न आश्रय, न वैश्विक मंच पर मुखरता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद जो पहली घटना के बाद वैश्विक अभियान चलाने की बात कह रहे थी, उनकी भूमिका जनमत-संगठन, राहत और अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता तक ही सीमित रह सकती है। वे विदेश नीति का स्थानापन्न नहीं बन सकते।

### प्रसंगवश

## आवाजें बहुत हैं लेकिन सुनने वाले बहुत कम

हमारे समय की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि हमारे चारों ओर आवाज़ें बहुत हैं, मगर सुनने वाले बहुत कम लोग है। ये शोर हर जगह है- परिवारों में, दफ्तरों में, सड़कों पर, सोशल मीडिया आदि। हम लगातार कुछ न कुछ कह रहे होते हैं, लेकिन आपाधापी में किसी और की बात सच में सुनने का धैर्य खो चुके होते हैं। यानी हम सबके पास समय का अभाव है।

हाल के वर्षों में हुए कुछ मनोवैज्ञानिक और सामाजिक अध्ययनों ने इस चिंता को वैज्ञानिक रूप से भी रेखांकित किया है। येल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने बताया कि मानव मस्तिष्क में 'सुनने' की प्रक्रिया केवल ध्वनि ग्रहण करने की क्रिया नहीं है, बल्कि इसमें जटिल मानसिक और भावनात्मक प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। ध्यान, सहानुभूति और अर्थ-निर्माण। यह दर्शाता है कि जब हमारा ध्यान बंटा हुआ हो या मन थका हुआ हो, तो हम भले ही आवाज़ सुन लें, अर्थ नहीं पकड़ पाते हैं।



**कुमार सिद्धार्थ**
वरिष्ठ पत्रकार

वहीं एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि सक्रिय सुनने का अभ्यास यानी जब कोई व्यक्ति सचेत रूप से सामने वाले के भावों, शब्दों और मौन को ग्रहण करता है, संवाद की गुणवत्ता को गहराई से प्रभावित करता है। दिलचस्प बात यह है कि यह 'सुनने की क्षमता' कोई जन्मजात गुण नहीं, एक सीखी जाने वाली दक्षता है। यानी अगर हम चाहें, तो सुनने का कौशल दोबारा सीख सकते हैं।

आपने शायद गौर किया होगा, जब कोई बच्चा गुस्से में खिलौना फेंक देता है, कोई दोस्त अचानक चुप हो जाता है, या कोई सहकर्मी मीटिंग में बेरुखा बैठा रहता है, तो हम अक्सर जल्दबाज़ी में निष्कर्ष निकाल लेते हैंः 'वह गुस्सैल है', 'वह अभिमानी है', या 'उससे बात करना ही बेकार है', लेकिन क्या हमने कभी ठहरकर यह सोचा कि उसके भीतर उस क्षण क्या चल रहा था? शायद उसने अपनी बात कई बार कहने की कोशिश की होगी, पर कोई सच में सुनने वाला नहीं था। जब हम किसी को ध्यान से सुनते हैं, तो हम उसके लिए भीतर जगह बनाते हैं उसकी तकलीफ़, उलझन या अनुभव के लिए। यही जगह आगे चलकर भरोसे में बदलती है। एक हालिया अध्ययन में यह भी पाया गया कि जब लोगों को 'गुणवत्तापूर्ण रूप से सुना जाता है, तो न केवल बोलने वाला बल्कि श्रोता भी भावनात्मक रूप से संतुलित महसूस करता है। यानी सुनना सिर्फ़ सामने वाले के लिए नहीं, अपने भीतर शांति पैदा करने की क्रिया भी है। घर में जब बच्चे की बात सुनी जाती है, तो वह खुलकर अपनी राय रखता है। दफ्तर में किसी सहयोगी की राय को ध्यान से सुना जाए, तो वह अपने काम के प्रति ज़िम्मेदारी महसूस करता है।

अपने समाज में संवाद अक्सर 'बोलने' के इर्द-गिर्द घूमता है। वक्ता की काबिलियत को सराहा जाता है, श्रोता की सजगता को नहीं। पर असल में समाज में समझ और परिवर्तन की शुरुआत सुनने से होती है। 2024 के एक शोध में यह पाया गया कि 'सुनने का अभिनय' जैसे सिर हिलाना, बीच में हां-हां करना संवाद को ऊपर-ऊपर जोड़ता है, लेकिन भीतर से अलगाव बढ़ाता है। असली सुनना तब होता है जब हम बिना निर्णय के, पूरे ध्यान से, सामने वाले की स्थिति को समझने की कोशिश करते हैं।

हम ऐसे समाज में बड़े हुए हैं, जहां गलती को शर्म या दंड से जोड़ा जाता है। कोई व्यक्ति देर से पहुंचा और हमने झुंझलाकर कहा 'तुम हमेशा ऐसे ही करते हो!' जबकि वह कह सकता था 'आज रास्ते में किसी को मदद करनी पड़ी।' हमारी अधीरता ने उस संवाद का दरवाज़ा बंद कर दिया।

## तेल के खेल में मादुरो महज बहाना





**प्रो. आरके जैन**
शिक्षाविद्

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी अमेरिकी हिरासत में हैं। ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला अब अमेरिका के नियंत्रण में होगा। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है, जो तेल कीमतों को हिला सकता है और वैश्विक संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करेगा। दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार वाले देश में अमेरिकी प्रभाव की यह सीधी स्थापना रूस, चीन और ईरान के लिए खुला संकेत है। यह संकट केवल ऊर्जा बाजारों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव को भी चुनौती देगा, जहां पेट्रो डॉलर की शक्ति और ब्रिक्स की आकांक्षाएं आमने-सामने खड़ी हैं।

वेनेजुएला का संकट अचानक नहीं, बल्कि वर्षों की विफल नीतियों का परिणाम है। इसकी नींव ह्यूगो शावेज के दौर में पड़ी, जब तेल आधारित समाजवादी मॉडल को समृद्धि का आधार बनाया गया। समय के साथ भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अक्षमता और आर्थिक कुप्रबंधन ने इस व्यवस्था को खोखला कर दिया। 2014 में वैश्विक तेल कीमतों में गिरावट ने संकट को उजागर किया और देश अतिमुद्रास्फीति, खाद्य कमी व स्वास्थ्य आपदा में डूब गया। परिणामस्वरूप लाखों नागरिकों को पलायन करना पड़ा। सत्ता बचाने के लिए निकोलस मादुरो ने रूस, चीन और क्यूबा का सहारा लिया तथा अमेरिकी प्रतिबंधों को चुनौती दी।

> वेनेजुएला का शासन अब अमेरिका के नियंत्रण में होगा। यह कदम मात्र सैन्य हस्तक्षेप नहीं, बल्कि ऐसा भू-राजनीतिक विस्फोट है, जो वैश्विक संबंधों को नए सिरे से परिभाषित करेगा।

इसके जवाब में ट्रंप प्रशासन ने दबाव बढ़ाया। सितंबर 2025 से कैरिबियन क्षेत्र में तस्करी से जुड़े जहाजों पर हमलों ने तनाव तेज कर दिया। अंततः डेल्टा फोर्स और सीआईए के संयुक्त अभियान में मादुरो गिरफ्तार हुए। ट्रंप ने इसे 'नार्को-आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई' बताते हुए वेनेजुएला को 'सुरक्षित संक्रमण' तक ले जाने की बात कही। आलोचकों के अनुसार वास्तविक लक्ष्य विशाल तेल भंडारों पर नियंत्रण है, जो लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की वापसी और क्षेत्रीय अस्थिरता का संकेत देता है। इस संकट का सबसे तात्कालिक प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर पड़ा है। वेनेजुएला फिलहाल वैश्विक आपूर्ति का लगभग एक प्रतिशत, यानी करीब दस लाख बैरल प्रतिदिन तेल उत्पादन करता है, लेकिन उसके भंडार दुनिया में सबसे बड़े हैं। हमले के बाद ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें साठ से इकसठ डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहीं, पर भू-राजनीतिक जोखिम के कारण पांच से दस डॉलर की बढ़ोतरी की आशंका है।

यदि उत्पादन या निर्यात बाधित हुआ, जैसे- बंदरगाहों की नाकेबंदी या बीमा अड़चनें तो भारी कच्चे तेल की कमी से डीजल और परिष्कृत ईंधन महंगे हो सकते हैं। अभी बाजार में आपूर्ति की अधिकता है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार लगभग अड़तीस लाख बैरल प्रतिदिन का सरप्लस मौजूद है, इसलिए तत्काल असर सीमित रहा, लेकिन संघर्ष लंबा चला तो तेल अस्सी से सौ डॉलर प्रति बैरल तक जा सकता है, जिससे वैश्विक मुद्रास्फीति तेज होगी। विशेषज्ञ इसे अल्पकालिक झटका और दीर्घकालिक संतुलन परिवर्तन मानते हैं।

दीर्घकाल में यह संकट तेल कीमतों पर दबाव भी बना सकता है। यदि अमेरिकी प्रतिबंध हटते हैं और शेवरॉन जैसी कंपनियां निवेश करती हैं, तो वेनेजुएला का उत्पादन दो से तीन मिलियन बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकता है। इससे भारी कच्चे तेल की अधिकता होगी और कीमतें पचास से साठ डॉलर के दायरे में सिमट सकती हैं। ट्रंप का कहना है कि अमेरिकी कंपनियां वेनेजुएला के तेल उद्योग को अत्यधिक लाभकारी बनाएंगी, जिससे पेट्रो डॉलर की पकड़ मजबूत होगी, लेकिन यदि गुरिल्ला प्रतिरोध, आंतरिक विद्रोह या रूस-चीन का प्रत्यक्ष हस्तक्षेप हुआ, तो उत्पादन में दस लाख बैरल की गिरावट कीमतों को तीस से चालीस डॉलर तक उछाल सकती है। इससे रूस और ईरान जैसी तेल-निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को गहरा झटका लगेगा। साथ ही यह ब्रिक्स की डी-डॉलराइजेशन रणनीति को कमजोर कर सकता है, जबकि क्षेत्रीय अस्थिरता शिपिंग लागत बढ़ाकर नई चुनौतियां खड़ी करेगी।

वेनेजुएला संकट ने वैश्विक कूटनीति में तनाव की नई सीमाएं खींच दी हैं। रूस और चीन इसे प्रत्यक्ष अमेरिकी हस्तक्षेप मानते हैं। रूस पहले ही सैन्य सहायता दे चुका है, जबकि चीन वेनेजुएला के लगभग अस्सी प्रतिशत तेल निर्यात का आयात करता है। यदि अमेरिका पूर्ण नियंत्रण स्थापित करता है, तो रूस की यूक्रेन युद्ध फंडिंग पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, वहीं ईरान को भी भारी कच्चे तेल के बाजार में नुकसान झेलना पड़ेगा। कुछ विश्लेषक इसे 'रिवर्स क्यूबन मिसाइल क्राइसिस' बता रहे हैं, जहां रूस या चीन लैटिन अमेरिका में सैन्य ठिकाने बनाने का प्रयास कर सकते हैं। क्षेत्रीय स्तर पर कोलंबिया, ब्राजील और निकारागुआ जैसे देशों में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ने की आशंका है। यह कदम संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भावना के विरुद्ध माना जा रहा है, जिससे वैश्विक कूटनीति कमजोर हो सकती है। इसके बावजूद ट्रंप प्रशासन इसे 'नार्को-टेररिज्म विरोधी कार्रवाई' बताकर वैध ठहराने का प्रयास कर रहा है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव गहरा और बहुपक्षीय होगा। तेल कीमतों में उछाल से मुद्रास्फीति बढ़ेगी, जिसका सीधा असर भारत और चीन जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ेगा। भारी कच्चे तेल के बड़े आयातक भारत को विशेष लागत दबाव झेलना पड़ सकता है। इसके विपरीत, कीमतों में गिरावट अमेरिकी उपभोक्ताओं को राहत दे सकती है और शेयर बाजारों में जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ा सकती है। सुरक्षा दृष्टि से अमेरिका पश्चिमी गोलार्ध में अपनी पकड़ मजबूत करेगा, लेकिन लैटिन अमेरिका में विरोध और असंतोष भी तेज होगा। कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे पेट्रो डॉलर को अस्थायी संबल मिलेगा, जबकि ब्रिक्स देश वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों की ओर और तेजी से बढ़ेंगे। यदि संघर्ष पनामा नहर तक पहुंचा, तो वैश्विक व्यापार को गहरा झटका लगेगा।

### आमने सामने



भरतपुर की संजना जाटव, चूरू के राहुल कस्वां और झुंझुनूं के बृजेंद्र सिंह ओला ने राजस्थान की जनता का पैसा हरियाणा के कैथल में विकास कार्यों के लिए भेजा है। नियमों के अनुसार सांसद अपने क्षेत्र में प्राथमिकता दें, ये सांसद राजनीतिक हित के लिए निधि का दुरुपयोग कर रहे हैं।
**-जवाहर सिंह बेढ़म**
गृह राज्य मंत्री, राजस्थान

नियमों के तहत सांसद निधि की 10 प्रतिशत राशि को किसी भी स्थान पर खर्च करने का अधिकार है। अनुशंसा सही है या नहीं इसका सत्यापन प्रशासनिक अधिकारी ही करते हैं। भुगतान और जांच की जिम्मेदारी जिला कलेक्टर तथा संबंधित अधिकारियों की होती है।
**-राहुल कसवां**
कांग्रेस सांसद



## मानव विकास सूचकांक में सुधार भी जरूरी



**प्रो. एचसी पुरोहित**
दून विश्वविद्यालय

रिज़र्व बैंक के वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्याप्त अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की वित्तीय स्थिति काफ़ी मज़बूत और सुदृढ़ है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। विश्व बैंक, आईएमएफ, मूडीज, आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी), फिच और एसएंडपी जैसी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने भी इस आशावादी रुख की पुष्टि की है। आज वैश्विक परिदृश्य पर नज़र डालें तो कई विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं बैंकिंग संकट, बढ़ते कर्ज़ के बोझ, मुद्रा अस्थिरता और वित्तीय बाज़ारों में उतार-चढ़ाव से जूझ रही हैं। ऐसे माहौल में भारत की वित्तीय प्रणाली का संतुलित और लचीला बने रहना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

रिज़र्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय बैंकों की पूंजी पर्याप्तता, संपत्ति गुणवत्ता और लाभप्रदता में निरंतर सुधार, गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का स्तर ऐतिहासिक रूप से निचले पायदान पर है, जिससे बैंकिंग तंत्र की मज़बूत सेहत का अनुमान लगाया जा सकता है। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंकों ने जोखिम प्रबंधन, ऋण मूल्यांकन और तकनीकी नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया है। परिणामस्वरूप, ऋण विस्तार संतुलित ढंग से हो रहा है और वित्तीय प्रणाली किसी एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भर नहीं है। साथ ही, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफ़सी) की स्थिति भी पहले की तुलना में अधिक सुदृढ़ दिखाई देती है, जो नियामकीय सुधारों और संस्थानों की कड़ी निगरानी का प्रतिफल है। भारत की वित्तीय स्थिरता के पीछे रिज़र्व बैंक की सतर्क मौद्रिक नीति और नियामकीय दृष्टिकोण की अहम भूमिका रही है।

> वैश्विक शक्ति बनना केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने की निरंतर प्रक्रिया भी है।

समय-समय पर किए गए स्ट्रेस टेस्ट, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और प्रभावी तरलता प्रबंधन ने बाहरी झटकों से अर्थव्यवस्था को बचाने में मदद की है। रेटिंग एजेंसी अर्न्स्ट एंड यंग (EY) की रिपोर्ट के अनुसार, इस आर्थिक विस्तार के साथ भारत की प्रति व्यक्ति आय 2.5 लाख रुपये से बढ़कर लगभग 13.5 लाख रुपये हो सकती है। EY का मानना है कि भारत अमेरिका और चीन के बाद दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

वैश्विक शक्ति बनना केवल उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने की निरंतर प्रक्रिया भी है। इस क्रम में पहली चुनौती, आर्थिक समावेशन और सतत विकास की है। उच्च विकास दर के बावजूद क्षेत्रीय असमानताएं, रोजगार सृजन की गति, गुणवत्तायुक्त शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, अनौपचारिक क्षेत्र की समस्याएं अब भी चिंता का विषय हैं। वैश्विक शक्ति बनने के लिए केवल जीडीपी वृद्धि पर्याप्त नहीं है। इसके साथ-साथ मानव विकास सूचकांक और प्रसन्नता/खुशहाली सूचकांक में भी सुधार आवश्यक है।

दूसरी, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में भारत को रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए विभिन्न शक्ति केंद्रों— अमेरिका, चीन, रूस और यूरोपीय संघ के साथ संतुलित संबंध रखने होंगे। किसी एक ध्रुव के अत्यधिक प्रभाव में आना भारत के दीर्घकालिक राष्ट्रीय हितों के विपरीत हो सकता है, इसलिए भू-राजनीतिक संतुलन जैसा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान देखा गया आगे भी जारी रखना होगा।

तीसरी, तकनीकी आत्मनिर्भरता और साइबर सुरक्षा आज बड़ी चुनौती है। आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में आत्मनिर्भरता के बिना वैश्विक शक्ति का दर्जा अधूरा रहेगा। इसके लिए प्रभावी उपाय करने होंगे और डिजिटली प्रशिक्षित समाज का निर्माण ही इसका समाधान है।

भारत के पास युवा आबादी, डिजिटल ताकत, मज़बूत स्टार्टअप इकोसिस्टम, मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और ग्रीन एनर्जी की व्यापक संभावनाएं हैं। इन्हीं कारकों के बल पर देश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2047 तक लगभग 26 ट्रिलियन डॉलर (2,314 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच सकती है, जो वर्तमान में लगभग 4.18 ट्रिलियन डॉलर (376 लाख करोड़ रुपये) है। पिछले वर्षों के सुधारों के कारण वैश्विक नवाचार सूचकांक में लगातार सुधार हो रहा है। साथ ही, बढ़ते साइबर हमले और डेटा सुरक्षा के ख़तरे राष्ट्रीय सुरक्षा के नए आयाम प्रस्तुत कर रहे हैं, इनके लिए तकनीकी रूप से प्रशिक्षण आवश्यक है।

चौथी, सामाजिक एकजुटता और आंतरिक स्थिरता की है। विविधताओं से भरे समाज में सामाजिक सद्भाव, संस्थागत विश्वास और कानून के शासन को मज़बूत बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। पांचवीं चुनौती, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षेत्र की है। वैश्विक नेतृत्व की आकांक्षा रखने वाले देश से यह अपेक्षा की जाती है कि वह कार्बन उत्सर्जन, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु न्याय के मुद्दों पर ज़िम्मेदार और अग्रणी भूमिका निभाए।

### सोशल फोरम

## मौसम विज्ञानी है नन्हा पंछी

एक बिल्कुल छोटी सी चिड़िया है, गौरैया जैसी, नाम है 'वीरे' या 'वीरी' (Veery)। ये उत्तरी अमेरिका में पाई जाती है। पक्षी वैज्ञानिक जब इस चिड़िया का अध्ययन कर रहे थे, तो उन्होंने इसके माइग्रेशन यानी मौसम या प्रजनन के समय दूसरे इलाके में जाने के नियम को थोड़ा अटपटा पाया। वैसे दैनिक जीवन में ज़्यादातर पक्षी जो मौसम और प्रजनन के लिए सैकड़ों हज़ारों मील की दूरी तय करके दूसरे देश जाते हैं, उनका समय निश्चित होता है। यानी कोई पक्षी जो अक्टूबर में माइग्रेट करते है, वो ज़्यादातर समय उसी महीने में जाते हैं। मगर वैज्ञानिकों ने पाया कि ये छोटी सी चिड़िया 'वीरी' बड़े ही अनिश्चित समय में कभी भी अपना प्रवास बदल लेती है और अटलांटिक या अंध महासागर को पार करके ये बहुत दूर जाती है प्रजनन के लिए।



**सिद्धार्थ ताबिश**
ब्लॉगर

वैज्ञानिकों ने इनके प्रवास बदलने में कभी-कभी कई-कई हफ्तों और कई महीनों का भी अनिश्चित फासला देखा। वैज्ञानिक सालों इस गुत्थी में उलझे रहे मगर फिर अचानक एक वैज्ञानिक का ध्यान अंध महासागर के मौसम पर गया और उसने सागर में उठने वाले तूफ़ान और वीरी के माइग्रेशन के रिश्ते पर ध्यान दिया। उस वैज्ञानिक ने अंध महासागर के ख़राब मौसम का सालों का आंकड़ा इकट्ठा किया और फिर उसे इस छोटी सी चिड़िया के प्रवास बदलने के समय से मिलाया और फिर वैज्ञानिकों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। वैज्ञानिकों ने पाया कि ये चिड़िया कई हफ्तों और कई महीनों बाद आने वाले समुद्री तूफ़ान का अंदाज़ा लगा कर समुद्र को पार करने की अपनी तारीख़ निर्धारित कर लेती है। चूंकि यात्रा बहुत लंबी होती है, इसलिए ये कई हफ़्तों और कभी महीनों पहले ही अपने प्रवास बदलने की तिथि तय कर लेती है और ये वो आंकड़े थे, जिनका अनुमान मौसम विभाग तक को नहीं था।

ये बिल्कुल छोटी सी चिड़िया और सिर्फ़ इस प्रकृति के साथ एकरूप होने के कारण, मौसम का पूरा और सटीक अनुमान लगा लेती है। लगभग सारे जीव जंतु, जिन्हें हम जानवर कहकर मुंह बनाते हैं, लगभग उन सभी के पास प्रकृति को समझने की कोई न कोई ऐसी शक्ति ज़रूर होती है और सोचिए थोड़ा कि इस छोटी से चिड़िया को जो समझ है, उतनी समझ के लिए इंसानों ने बरसों भौतिक और वाह्य चीजों पर काम करके सेटेलाइट बनाए और जाने कितने यंत्र बनाए, तब वो अब मौसम जानने लगे हैं और उसका अनुमान जानने लगें हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## एसिड अटैक, न्याय और राज्य की जवाबदेही

सोलह साल तक एक लड़की ने अपना चेहरा नहीं छिपाया। सोलह साल तक उसने अस्पतालों, अदालतों और समाज तीनों का सामना किया। 2009 में हरियाणा के पानीपत में उस पर तेज़ाब फेंका गया था। उस दिन उसका चेहरा झुलसा, लेकिन जीवन ख़त्म नहीं हुआ। उसने सर्जरियां झेलीं, सार्वजनिक नज़रों को सहा, रोज़गार और रिश्तों की असहज चुप्पियां झेलीं और हर कुछ महीनों में अदालत की तारीख़ पर पहुंची। इस उम्मीद के साथ कि एक दिन न्याय मिलेगा। उसका संघर्ष सिर्फ़ इलाज का नहीं था। वह रोज़-रोज़ अपने अस्तित्व को साबित करने का संघर्ष था। 2025 में, दिल्ली की रोहिणी अदालत ने वर्ष 2009 के पानीपत एसिड अटैक मामले में व्यस्क आरोपियों को बरी कर दिया। कारण यह नहीं था कि अपराध नहीं हुआ। कारण यह था कि राज्य उस अपराध को अदालत में सिद्ध नहीं कर सका।



**जय प्रकाश पांडेय**
लेखक

पीड़िता शाहीन मलिक थीं। सोलह वर्षों की लंबी सुनवाई के बाद अदालत का निष्कर्ष था। अपराध की भयावहता निर्विवाद है, पर अभियोजन वह साक्ष्य-शृंखला प्रस्तुत नहीं कर सका, जो 'संदेह से परे' दोष सिद्ध करने के लिए आवश्यक होती है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड समय पर नहीं जुटे, डिजिटल साक्ष्य कमज़ोर रहे और एसिड की खरीद-आपूर्ति से जुड़ी कड़ियां अदालत तक मज़बूती से नहीं पहुंचीं। कानूनी दृष्टि से यह फ़ैसला तर्कसंगत हो सकता है, लेकिन सामाजिक दृष्टि से यह एक असहज प्रश्न छोड़ जाता है— क्या हमारे यहां एसिड अटैक जैसे अपराधों में न्याय, समय के साथ टिक पाता है?

एसिड अटैक साधारण हिंसा नहीं है। यह शरीर से पहले पहचान पर हमला करता है। चेहरा झुलसता है, तो रोज़गार, रिश्ते, सार्वजनिक उपस्थिति सब कुछ बदल जाता है। पीड़िता के लिए यह एक दिन की घटना नहीं, जीवन भर की अवस्था बन जाती है। न्याय-प्रणाली इसे अक्सर एक लंबी कानूनी फ़ाइल में बदल देती है, जहां तारीख़ें बढ़ती जाती हैं और समय साक्ष्यों का सबसे बड़ा शत्रु बन जाता है।

यहां यह स्पष्ट करना ज़रूरी है कि क़ानूनी ढांचा अपने आप में कमज़ोर नहीं है। भारत में एसिड अटैक को लेकर कानून पिछले एक दशक में सख़्त हुआ है। पहले भारतीय दंड संहिता की धारा 326A (एसिड से गंभीर क्षति) और धारा 326B (एसिड अटैक का प्रयास) ने इस अपराध को विशिष्ट श्रेणी में रखा। अब नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (BNS)में भी यही दृष्टि जारी है। कानून स्पष्ट कहता है कि तेज़ाब या किसी संक्षारक पदार्थ से स्थायी या आंशिक क्षति, जलन, विकृति या विकलांगता उत्पन्न करना अत्यंत गंभीर अपराध है, जिसके लिए न्यूनतम दस वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सज़ा दी जा सकती है। जुर्माना मात्र दंड नहीं, बल्कि पीड़िता के इलाज और पुनर्वास से जोड़ा गया है।

कानून इलाज के स्तर पर भी स्पष्ट है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के तहत यह दायित्व तय किया गया है कि एसिड अटैक पीड़िता को तत्काल और निःशुल्क चिकित्सा मिले। सरकारी हो या निजी, कोई भी अस्पताल इलाज से इनकार नहीं कर सकता। इलाज से इनकार करना दंडनीय है। इसके साथ-साथ पीड़ित प्रतिकर योजना के अंतर्गत मुआवज़े का प्रावधान है, जो अंतिम फ़ैसले तक सीमित नहीं, बल्कि अंतरिम राहत के रूप में भी दिया जाना चाहिए।

एसिड अटैक में चेहरा एक क्षण में झुलसता है। न्याय में देरी से भरोसा धीरे-धीरे जलता है और जब भरोसा जलता है, तो कानून की सबसे सख़्त धाराएं भी खोखली लगने लगती हैं। न्याय का अर्थ केवल सज़ा नहीं है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

रंग-तरंग

## हमारी संस्कृति के परिचायक महोत्सव



बीतों दिनों इटावा में चल रहे 116 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर इटावा महोत्सव के पंडाल कार्यक्रमों का रविवार को समापन हो गया, लेकिन डीएम ने महोत्सव की अवधि को 20 दिन और बढ़ाने की घोषणा की। अब लोग अगले करीब तीन सप्ताह तक प्रदर्शनी और मेले का लुत्फ उठा सकेंगे। विदाई की इस शाम में प्रखर गौर की सरस्वती वंदना और अजीत नारायण चतुर्वेदी के विदाई गीत ने माहौल को भावुक कर दिया। विशम्भर नाथ भटेले और रौनक इटावी ने अपनी गजलों के माध्यम से महोत्सव के गौरवशाली इतिहास का बखान किया। डीएम ने कहा कि इटावा महोत्सव अपनी सांस्कृतिक समृद्धि के कारण देश के चुनिंदा आयोजनों में शामिल है। यह केवल एक मेला नहीं, बल्कि जिले का लोक पर्व है।



औरंगाबाद में दाउदनगर महोत्सव का समापन बीते दिनों हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ दाउदनगर महोत्सव मनाया गया। वक्ताओं ने दाउदनगर महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से अपने गौरवशाली इतिहास और वर्तमान को याद किया जा रहा है। ऐसे आयोजन सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करते हैं। महोत्सव में दाउदनगर के गौरवशाली और इतिहास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



हरदा में लोकल फॉर वोकल के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से दस दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह स्वदेशी मेला अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका मकसद है स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों और महिलाओं के स्व-सहायता समूहों को मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपने हुनर और उत्पादों को सीधे जनता तक पहुंचा सकें।

# लाल इमारतों वाला वैभवशाली शहर बीकानेर





विनीत गुप्ता
कानपुर

राजस्थान में बीकानेर एक जीवंत शहर है, जिसका अपना अनूठा इतिहास है। इसे लाल शहर भी कहा जाता है। हालांकि बीकानेर का नाम आते ही भुजिया और नमकीन का स्वाद जुबान पर अनायास आ जाता है। बीकानेर का जूनागढ़ किला एक ऐतिहासिक और भव्य किला है। किले का मूल नाम चिंतामणि था और यह एक खाई से घिरा हुआ था। बाद में, 1902 में शाही परिवार के लालगढ़ नामक नए महल में स्थानांतरित होने के बाद इसका नाम बदलकर जूनागढ़ कर दिया गया, जिसका अर्थ है 'पुराना किला'। इसका निर्माण राजा राय सिंह ने 1589 से 1594 के बीच कराया था। यह लाल बलुआ पत्थर और संगमरमर से बना है, जिसमें मुगल और राजस्थानी वास्तुकला का अद्भुत मिश्रण दिखता है। इसके भीतर कई खूबसूरत महल, जैसे बादल महल और अनूप महल स्थित हैं। जूनागढ़ किला न केवल एक ऐतिहासिक स्मारक है, बल्कि एक जीवंत संग्रहालय भी है।

### चार महलों से घिरा डूंगर निवास चौक

जूनागढ़ किले ने अपने इतिहास में कई युद्ध और घेराबंदी देखी, लेकिन इस पर कभी किसी शत्रु का कब्जा नहीं रहा। यह किला लगभग 5 .28 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है और 37 बुर्जों और सात द्वारों वाली एक ऊंची दीवार से घिरा हुआ है। किले का मुख्य प्रवेश द्वार सूरज पोल है, जो पूर्व दिशा की ओर है और सूर्य देवता के चित्रों से सुशोभित है। अन्य द्वार दौलत पोल, चांद पोल, करण पोल, फतेह पोल, फूल महल पोल और लक्ष्मी नाथ पोल हैं। किले में कई प्रांगण हैं, जो अंदर स्थित विभिन्न संरचनाओं को आपस में जोड़ते हैं। इनमें सबसे प्रमुख प्रांगण डूंगर निवास चौक है, जो चार महलों करण महल, अनूप महल, चंद्र महल और गंगा महल से घिरा हुआ है। इन महलों की भव्य आंतरिक साज-सज्जा देखने वाली है। किले में हिंदू देवी-देवताओं को समर्पित कई मंदिर हैं, जैसे हर मंदिर (भगवान विष्णु का मंदिर), रतन बिहारी मंदिर (भगवान कृष्ण का मंदिर), लक्ष्मी नाथ मंदिर (भगवान विष्णु और लक्ष्मी का मंदिर) और शिव मंदिर हैं। ये मंदिर मूर्तिकला के उत्कृष्ट नमूने हैं। किले में कई संग्रहालय हैं, जिनमें बीकानेर के इतिहास व संस्कृति से संबंधित कलाकृतियों, हथियारों, वेशभूषा, आभूषणों, चित्रों, पांडुलिपियों और अन्य वस्तुओं का समृद्ध संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यह देश का एकमात्र किला है, जहां पर्यटकों को महाराजा राय सिंह जी ट्रस्ट की ओर से नि:शुल्क गाइड उपलब्ध कराए जाते हैं।



### राजपूताना, इस्लामी और यूरोपीय वास्तुकला की झलक लालगढ़ पैलेस



महाराजा गंगासिंह ने 1902 में इस भव्य राजमहल का निर्माण, अपने स्वर्गीय पिता महाराजा लाल सिंह की स्मृति में करवाया था। इसके वास्तुशिल्प की रूपरेखा की अवधारणा, एक अंग्रेज वास्तुविद् 'सर स्विंटन जैकब' द्वारा की गई थी। यह महल लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है तथा राजपूताना, इस्लामी तथा यूरोपीय वास्तुकला के मिश्रण से इसे मूर्तरूप प्रदान किया गया है। वर्तमान में इसे हैरिटेज होटल में परिवर्तित कर दिया गया है। इसके एक हिस्से में श्री सादुल म्युजियम है।

### करणी माता का मंदिर

बीकानेर यात्रा के अगले दिन हम दुनियाभर में चूहों के लिए प्रसिद्ध करणी माता मंदिर पहुंचे। यह मंदिर बीकानेर से 30 किमी की दूरी पर देशनोक गांव में स्थित है। इसे 'टैम्पल ऑफ रैट्स' कहा जाता है। बताया गया कि यहां लगभग 25,000 काले चूहे हैं, जिन्हें 'कबा' कहते हैं। इनकी पवित्रता इस बात से उजागर होती है कि यदि किसी के पांव से कोई चूहा दबकर मर जाए, तो उसे चांदी का चूहा बनवाकर करणी माता के चरणों में चढ़ाना पड़ता है। एक किंवदंती के अनुसार करणी माता के सौतेले बेटे लक्ष्मण की एक तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। करणी माता ने यमराज से उन्हें जीवित करने के लिए प्रार्थना की। यमराज ने पहले मना कर दिया फिर इस शर्त पर मान गए कि उस दिन के बाद से लक्ष्मण तथा करणी माता के सभी वंशज चूहे के रूप में जिंदा रहेंगे। इसके बाद से चूहों को पवित्र मानकर मंदिर में भक्त लड्डू व दूध की बड़ी परातें चढ़ाते हैं, जिन्हें चूहे खाते-पीते हैं। चूहों का खाया हुआ प्रसाद सत्कार माना जाता है। गर्भगृह में करणी माता की मूर्ति स्थापित है। करणी माता मंदिर का द्वार सफेद संगमरमर से बनी एक सुंदर संरचना है। बड़ी संख्या में नवविवाहित यहां माता का आशीर्वाद लेने आते हैं।

### राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र

राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र एशिया का अपनी तरह का एकमात्र केन्द्र हैं, जहां ऊंटों का रखरखाव तथा उन पर अनुसंधान और प्रजनन संबंधित कार्य किए जाते हैं। शहर के करीब स्थित यह केन्द्र 2000 एकड़ से अधिक भूमि पर फैला है तथा इसका संचालन भारत सरकार द्वारा किया जाता है।

### राजसी वास्तुकला वाला प्रसिद्ध गजनेर पैलेस

गजनेर थार का अतुलनीय गहना है। 1784 में बीकानेर के महाराजा गज सिंह जी ने गजनेर पैलेस की स्थापना की थी। यह अपनी राजसी वास्तुकला, गजनेर झील के किनारे शांत वातावरण, वन्यजीव अभयारण्य और शाही जीवनशैली के अनुभव के लिए प्रसिद्ध है। यह महल लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है। यहां पर अब लक्जरी सुविधाएं और प्रकृति-प्रेमी गतिविधियां जैसे सफारी, बर्ड वॉचिंग उपलब्ध हैं। यह शाही परिवार के साथ ही अतिथियों के लिए शिकारगाह और आराम गाह था। अब इसे एक हेरिटेज होटल में बदल दिया गया है।

आर्ट गैलरी

## फ्रीडा की 'पोर्ट्रेट ऑफ एलिसिया गैलेंट'



'पोर्ट्रेट ऑफ एलिसिया गैलेंट' नाम की यह कलाकृति मशहूर कलाकार फ्रीडा काहलो ने 1927 में बनाई थी। यह पेंटिंग कैनवास पर ऑयल कलर से बनाई गई है। यह नैव आर्ट मूवमेंट, खासकर प्रिमिटिविज्म से जुड़ी है। इसमें एक पोर्ट्रेट दिखाया गया है और यह डोलोरेस ओल्मेडो कलेक्शन का हिस्सा है, जो मेक्सिको सिटी में है। इस कलाकृति में गहरे बैकग्राउंड के सामने बैठी हुई एक महिला दिख रही। इसमें एलिसिया गैलेंट को शांत और गंभीर अंदाज में दिखाया गया है। उसके बाल इस तरह से बनाए गए हैं, जो उसके चेहरे के लंबे आकार और उसकी शांत, गहरी नजरों को उभारते हैं। उसने गहरे रंग के कपड़े पहने हैं, जिसके गले पर लाल और सुनहरे रंग की डिजाइन है, जो उसके चेहरे पर ध्यान खींचती है। रंगों का हल्का इस्तेमाल पेंटिंग के गंभीर माहौल को दिखाता है। दाईं ओर पौधों के तत्वों की मौजूदगी एक प्राकृतिक मोटिफ पेश करती है, जो आकृति की शांति के साथ एक हल्का कंट्रास्ट पैदा करती है।

### फ्रीडा के बारे में



फ्रीडा काहलो प्रसिद्ध मैक्सिकन पेंटर थीं। वह छह जुलाई, 1907 को पैदा हुईं। फ्रीडा अपने सेल्फ-पोर्ट्रेट्स के लिए जानी जाती हैं। इसमें उन्होंने अपने जीवन के दर्द को दिखाया है। उन्होंने एक ऐसी विरासत बनाई, जिसने महिलाओं को अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। फ्रीडा नेशनल प्रिपरेटरी स्कूल में एडमिशन पाने वाली पहली छात्रा थीं, जहां डिएगो रिवेरा के चल रहे काम ने उन्हें कला में रुचि लेने के लिए प्रेरित किया। फ्रीडा मैक्सिकन क्रांति के दौरान बड़ी हुईं। इस कालखंड का उनके काम पर बहुत ज्यादा असर पड़ा। उनकी पेंटिंग्स में अक्सर चमकीले रंग और बोल्ड सिंबल होते हैं, जो मैक्सिको की संस्कृति और इतिहास को दिखाते हैं। एक जानलेवा एक्सीडेंट ने उन्हें बिस्तर पर ला दिया, जिसने फ्रीडा को पोर्ट्रेट पेंटिंग शुरू करने के लिए मजबूर किया। फ्रीडा डिएगो रिवेरा और अपने पिता विल्हेम काहलो से प्रभावित थीं। काहलो और रिवेरा ने आखिरकार 1929 में शादी कर ली। दोनों का रिश्ता उतार-चढ़ाव भरा रहा। अस्थिर रिश्तों के बीच, फ्रीडा ने अपनी छोटी-छोटी पेंटिंग्स बनाना जारी रखा। माना जाता है कि फ्रीडा की कला पर सर्रियलिज्म का बहुत ज्यादा प्रभाव था, जो बीसवीं सदी की शुरुआत में यूरोप में लोकप्रिय हुआ एक कला आंदोलन था। कई सर्रियलिस्ट कलाकारों के विपरीत, जो सपनों या कल्पनाओं को विषय बनाते थे, काहलो ने अपने कामों के लिए प्रेरणा के तौर पर अपने निजी अनुभवों का इस्तेमाल किया। उनका निधन 13 जुलाई, 1954 को हुआ। वह आज हर उस महत्वाकांक्षी महिला कलाकार के लिए एक रोल मॉडल हैं।

## मेघालय का 'व्हिसलिंग विलेज' जहां नाम नहीं, सीटी है पहचान



पूर्वोत्तर भारत की हरी-भरी पहाड़ियों के बीच बसा मेघालय का एक छोटा-सा गांव कॉन्थोंग अपनी अनोखी परंपरा के कारण पूरी दुनिया में पहचाना जाता है। यहां लोग एक-दूसरे को नाम से नहीं, बल्कि सीटी की खास धुन से बुलाते हैं। यह कोई लोककथा या कल्पना नहीं, बल्कि गांव की जीवित और सदियों पुरानी सांस्कृतिक पहचान है। इसी वजह से कॉन्थोंग को 'व्हिसलिंग विलेज' भी कहा जाता है।

अनोखी परंपराएं

मेघालय कॉन्थोंग गांव में हर व्यक्ति की सीटी अलग होती है और वही उसकी पहचान बन जाती है। परंपरा के अनुसार, बच्चे के जन्म के बाद उसकी मां उसे एक विशेष सीटी की धुन देती है। यही धुन उसके नाम का स्थान ले लेती है और जीवनभर उसके साथ रहती है। समय के साथ यह सीटी परिवार, पड़ोस और पूरे गांव को याद हो जाती है, जिससे बिना देखे ही पहचान हो जाती है कि कौन बुला रहा है। यह अनोखी परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी मौखिक रूप से सिखाई जाती रही है।

कॉन्थोंग की सीटी भाषा सिर्फ संवाद का साधन नहीं, बल्कि सामुदायिक जुड़ाव का प्रतीक भी है। यहां के लोग मानते हैं कि यह परंपरा उन्हें प्रकृति के करीब रखती है और आपसी संबंधों को मजबूत बनाती है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल फोन के दौर में भी गांव के लोग इस विरासत को संजोए हुए हैं, जो उनकी स्वदेशी पहचान को दर्शाती है।

कॉन्थोंग की भौगोलिक संरचना इसकी इस परंपरा की सबसे बड़ी वजह है। ऊंची पहाड़ियां, गहरी घाटियां और घना जंगल सामान्य आवाजों को दूर तक पहुंचने नहीं देते। ऐसे वातावरण में बातचीत के लिए सीटी सबसे प्रभावी माध्यम बन गई। इसकी तीखी और स्पष्ट ध्वनि बिना बाधा के पहाड़ों के आर-पार चली जाती है। खेतों में काम करते हुए, जंगल में लकड़ी काटते समय या दूर किसी ढलान पर मौजूद व्यक्ति को बुलाना हो, एक सीटी ही पर्याप्त होती है। आज यह अनूठा 'व्हिसलिंग कल्चर' कॉन्थोंग को वैश्विक पहचान दिला रहा है। देश-विदेश से पर्यटक इस परंपरा को देखने और सुनने यहां आते हैं। वे सीटी की धुनों के पीछे छिपी भाषा और भावनाओं को समझने की कोशिश करते हैं। कॉन्थोंग इस तरह संस्कृति, प्रकृति और परंपरा का सुंदर संगम बनकर भारत की विविध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है।

## पंजाब की फुलकारी: रंगों और परंपरा की कढ़ाई

लोकायन



फुलकारी पंजाब की फुलकारी एक प्रसिद्ध और अत्यंत प्रिय कढ़ाई कला है, जो राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है। यह कला अपने जीवंत रंगों, बारीक हाथ की सिलाई और पारंपरिक प्रतीकों के लिए जानी जाती है। फुलकारी कढ़ाई में प्राय: रेशमी और रंगीन धागों का उपयोग किया जाता है। इसमें फूल, पत्तियां, जालियां, बेल-बूटे और कभी-कभी पशु-पक्षियों की आकृतियां उकेरी जाती हैं। कपड़े की उलटी सतह से की गई है। यह कढ़ाई सामने की ओर जादुई और चमकदार रूप में उभरती है। यह कला पीढ़ी-दर-पीढ़ी महिलाओं द्वारा सहेजी और आगे बढ़ाई गई है, जो उनके रचनात्मक कौशल और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है। फुलकारी केवल एक कढ़ाई कला नहीं, बल्कि पंजाब की स्त्री-परंपरा, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक निरंतरता का जीवंत प्रतीक है। बदलते समय के साथ आधुनिक डिजाइनों में ढलकर भी फुलकारी आज अपनी पारंपरिक आत्मा को बनाए हुए है और भारतीय हस्तकला की अमूल्य धरोहर के रूप में पहचानी जाती है।

### फुलकारी कढ़ाई के प्रमुख प्रकार

- **पाक फुलकारी**– यह फुलकारी की सबसे लोकप्रिय शैली मानी जाती है। इसमें कपड़े के अधिकांश हिस्से को घनी कढ़ाई से भर दिया जाता है। विभिन्न रंगों के धागों से फूलों और ज्यामितीय आकृतियों का निर्माण किया जाता है। यह शैली विशेष रूप से विवाह और उत्सवों में पहनी जाती है।
- **छम्मास फुलकारी**– छम्मास फुलकारी में एक ही रंग के चमकीले धागे से बारीक टांकों का प्रयोग किया जाता है। कई बार इसमें सोने या चांदी के धागों का भी उपयोग होता है, जिससे कढ़ाई अत्यंत आकर्षक दिखाई देती है। इसका प्रयोग दुपट्टों और साड़ियों में किया जाता है।
- **घुंघट बाग फुलकारी**– इस शैली में फूलों और पत्तियों की आकृतियां इस तरह बनाई जाती हैं कि वे घुंघट या बाग का आभास देती हैं। बहुरंगी धागों से सजी यह फुलकारी पारंपरिक पंजाबी महिलाओं में विशेष रूप से लोकप्रिय रही है।
- **सैंची फुलकारी**– सैंची फुलकारी अपने प्राचीन रंगों और विविध डिजाइनों के लिए जानी जाती है। इसमें लाल, हरा, नीला, पीला और सफेद जैसे रंगों का सुंदर संयोजन होता है। इसका उपयोग परिधानों के साथ-साथ टेबल कवर और सजावटी वस्तुओं में भी किया जाता है।
- **चोपे फुलकारी**– चोपे फुलकारी विवाह से जुड़ी एक विशेष शैली है। इसे पारंपरिक रूप से दुल्हन को भेंट किया जाता है। इसमें सीमित रंगों और नियमित पैटर्न का प्रयोग होता है, जो इसे गरिमामय और विशिष्ट बनाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 85,063.34 | 26,178.70 |
| गिरावट | 376.28 | 71.60 |
| प्रतिशत में | 0.44 | 0.27 |

सोना 1,41,500 प्रति 10 ग्राम
चांदी 2,51,000 प्रति किलो

# अमृत विचार

अयोध्या, बुधवार, 7 जनवरी 2026
www.amritvichar.com




## बिजनेस ब्रीफ

### सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मजबूत वैश्विक रुख के साथ सोने के दाम में तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक सोमवार को, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और यह 7,000 रुपये बढ़कर सभी करों को मिलाकर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### एंड्री एग्रो में 75 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेगी अन्नपूर्णा स्वादिष्ट

**कोलकाता।** पैकबंद खाद्य पदार्थ बनाने वाली कंपनी अन्नपूर्णा स्वादिष्ट लिमिटेड ने मंगलवार को घोषणा की कि वह पश्चिम बंगाल की एंड्री एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (एएएफपीएल) में 15 करोड़ रुपये की कुल एंटरप्राइज कीमत पर बहुलांश हिस्सेदारी खरीदेगी। कंपनी ने एएएफपीएल में इक्विटी शेयर पूंजी का 75 प्रतिशत हिस्सा खरीदने के लिए एक समझौता किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के बाद, एंड्री एग्रो फूड्स एएसएल की अनुषंगी कंपनी बन जाएगी।

### रमेश जुनेजा ने संभाला चमड़ा निर्यात परिषद के चेयरमैन का पदभार

**नई दिल्ली।** रमेश जुनेजा ने चमड़ा निर्यात परिषद के चेयरमैन का पद संभाल लिया है। उन्होंने आरके जालान की जगह ली है। जुनेजा इससे पहले चमड़ा निर्यात परिषद के वाइस-चेयरमैन थे। वह कोलकाता के जेसी ग्रुप के प्रवर्तक हैं। अप्रैल-नवंबर 2025 के दौरान, भारत का चमड़ा और फुटवियर निर्यात 33 लाख डॉलर का रहा जो सालाना आधार पर एक प्रतिशत वृद्धि है। परिषद ने आशा जताई है कि ईयू और अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते से भारत का चमड़ा और फुटवियर निर्यात अगले तीन से पांच साल में 14 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है।

# नए कारोबार के धीमे विस्तार से देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां ढीलीं

## उत्पादन में विस्तार की दर 11 महीनों में सबसे सुस्त, कंपनियों ने टाली अतिरिक्त भर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में दिसंबर में गिरावट दर्ज की गई। इस बीच नए कारोबार एवं उत्पादन में विस्तार की दर 11 महीनों में सबसे धीमी रही और कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती से परहेज किया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक नवंबर के 59.8 से दिसंबर में 58.0 पर आ गया। यह जनवरी के बाद से सबसे धीमी विस्तार दर को दर्शाता है।

मासिक सर्वेक्षण के बाद मंगलवार को इस संबंध में आंकड़े जारी किए गए। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण के अनुसार, कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी बनी रहीं लेकिन समग्र भावना लगभग साढ़े तीन वर्ष में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गईं। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्र कार्यकारी निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, दिसंबर में भारत के सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन 2025 के अंत में कई सर्वेक्षण संकेतकों में आई गिरावट नए साल में वृद्धि की गति में नरमी का संकेत दे सकती है।

बाह्य मांग के संदर्भ में सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने एशिया, उत्तरी अमेरिका, पश्चिम एशिया तथा ब्रिटेन से मांग में वृद्धि दर्ज करते हुए एक और सुधार देखा। नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के अनुसार, कीमतों के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत और उत्पादन शुल्क में मामूली वृद्धि हुई। इस बीच, भारतीय सेवा कंपनियां 2026 में व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि को लेकर आश्वस्त दिखीं लेकिन बाजार में बढ़ती अनिश्चितता एवं विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को लेकर चिंताओं के बीच सकारात्मक भावना का समग्र स्तर लगातार तीसरे महीने घटकर लगभग साढ़े तीन वर्ष में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निजी क्षेत्र के उत्पादन में दिसंबर में वृद्धि घटकर 11 महीनों के निचले स्तर पर आ गई।



### समग्र उत्पादन सूचकांक में भी आई गिरावट

दूसरी ओर, एचएसबीसी इंडिया समग्र उत्पादन सूचकांक नवंबर के 59.7 से दिसंबर में 57.8 पर आ गया। विनिर्माण और सेवा प्रदाताओं दोनों में मंदी के बीच यह जनवरी 2025 के बाद से सबसे कमजोर स्तर है। सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के निजी क्षेत्र में कच्चे माल की लागत और उत्पादन शुल्क दोनों में मामूली वृद्धि जारी रही। दिसंबर में समग्र स्तर पर रोजगार सृजन में ठहराव आया जिसका कारण वस्तु उत्पादकों की वृद्धि में मंदी एवं सेवा प्रदाताओं में आंशिक छंटनी थी। इसमें कहा गया कि निजी क्षेत्र की कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी बनी हुई हैं। हालांकि धारणा 41 महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

## मुनाफा वसूली से सेंसेक्स में 376 अंकों की गिरावट




**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मुनाफावसूली के कारण मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक यानी 0.44 प्रतिशत टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 71.60 अंक यानी 0.27 फीसदी नीचे 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

टाटा समूह की रिटेल कंपनी ट्रेंट का शेयर 8.62 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी दबाव रहा और इसका शेयर 4.42 प्रतिशत टूटा। मझौली कंपनियों के निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.06 फीसदी और छोटी कंपनियों के निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.22 प्रतिशत की गिरावट रही। तेल एवं गैस, रसायन और मीडिया सूचकांक लाल निशान में बंद हुए।

# एमटेक ग्रुप के पूर्व चेयर पर्सन को 7,000 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी में जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

- शीर्ष कोर्ट के तीन जजों की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने 27,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में एमटेक ग्रुप के पूर्व चेयरपर्सन अरविंद धाम को मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें धाम को जमानत देने से इन्कार कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति आराधे ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अदालत ने इस मामले में धाम की अपील स्वीकार कर ली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने पिछले साल 19 अगस्त को धाम की जमानत याचिका खारिज कर दी थी और कहा था कि समय से पहले रिहाई जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों को कमजोर कर सकती है। ईडी ने इस मामले में एमटेक ऑटो लिमिटेड, एआरजी लिमिटेड, एसीआईएल लिमिटेड, मेटलिस्ट फोर्जिंग लिमिटेड, कास्टेक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड और एमटेक ग्रुप के प्रवर्तक अरविंद धाम के अलावा कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की है। इससे पहले, ईडी ने दिवालिया हो चुकी, मोटर वाहन कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एमटेक ग्रुप की कंपनियों की 550 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को धन शोधन रोधी कानून के तहत अस्थायी रूप से जब्त कर लिया था।

सितंबर 2024 में एजेंसी ने 5,115.31 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कीं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 27 फरवरी 2024 को पीएमएलए के तहत ईडी ने जांच शुरू की। एजेंसी ने धाम को जुलाई 2024 में गिरफ्तार कर सितंबर 2024 में आरोपपत्र दायर किया था। जांच में पाया गया कि इन कंपनियों को समूह की अन्य कंपनियों के साथ दिवालियापन की प्रक्रिया से गुजारा गया जिसके समाधान के कारण बैंकों को 80 प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ।

# अमेजन पे ने शुरू की सावधि जमा योजना आठ प्रतिशत तक की मिलेगी ब्याज दर

नई दिल्ली, एजेंसी

- पांच बैंक और दो गैरबैंकिंग कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी से की शुरुआत

भुगतान सुविधा प्लेटफॉर्म अमेजन पे ने भारत में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए मंगलवार को सावधि जमा सुविधा की शुरुआत की घोषणा की। अमेजन पे के मुताबिक उसने इसके लिए दो प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस के अलावा पांच बैंक शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, साउथ इंडियन बैंक, स्लाइस और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

कहा गया है कि ग्राहक अमेजन पे पर सिर्फ 1,000 रुपये से सावधि जमा खाता खोल सकते हैं। इसके लिए उन्हें बैंक में बचत खाता खोलने की जरूरत नहीं होगी। साझेदार संस्थान आठ प्रतिशत सालाना तक ब्याज दर की पेशकश कर रहे हैं। सभी साझेदार वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.5 प्रतिशत ब्याज प्रदान करते हैं। श्रीराम फाइनेंस महिला निवेशकों को भी 0.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त ब्याज की पेशकश कर रहा है। अमेजन पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा, भारत में सुनिश्चित आय वाले उपकरण काफी लोकप्रिय हैं, क्योंकि इनकी संरचना सरल होती है, रिटर्न सुनिश्चित होता है और जोखिम कम होता है। नए साल की शुरुआत में हम ग्राहकों के लिए विकल्पों का विस्तार कर रहे हैं और उन्हें अपनी बचत पर बेहतर रिटर्न पाने में मदद कर रहे हैं, ताकि वे 2026 के अपने वित्तीय लक्ष्यों के लिए मजबूत आधार बना सकें।

# अगले वित्त वर्ष 6.9% रह सकती है जीडीपी वृद्धि दर

नई दिल्ली, एजेंसी



- इंडिया रेटिंग्स का अनुमान, जीएसटी और आयकर कटौती से बढ़ेंगी आर्थिक गतिविधियां

साख निर्धारित करने वाली इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि जीएसटी तथा आयकर में कटौती जैसे प्रमुख सुधार और व्यापार समझौते, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के रूप में काम करेंगे। साथ ही अर्थव्यवस्था को वैश्विक उथल-पुथल से बचाएंगे।

इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने कहा कि अर्थव्यवस्था में अगले वित्त वर्ष में भी उच्च वृद्धि दर और कम महंगाई दर (औसतन 3.8 प्रतिशत खुदरा मुद्रास्फीति) की स्थिति बनी रहेगी। कम शुल्क वाले भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़ों में और इजाफा होगा।

एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष में आधार वर्ष 2011-12 पर आधारित जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत और बाजार मूल्य पर जीडीपी नौ प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय रुपया औसतन 92.26 प्रति डॉलर रहेगा जो मौजूदा वित्त वर्ष में 88.64 प्रति डॉलर से अधिक है। एजेंसी ने यह भी कहा कि सरकार के विशेष रूप से न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) विदेशी निवेश को बढ़ावा देंगे और अधिक विदेशी निवेश को आकर्षित करके चालू खाता घाटा (सीए) को कम रखने में मदद करेंगे।

पंत ने कहा कि सीमा शुल्क को युक्तिसंगत बनाना एवं विकसित भारत-राम-जी अधिनियम के तहत आवंटन एक फरवरी को निर्धारित 2026-27 के केंद्रीय बजट में अपेक्षित प्रमुख घोषणाएं होंगी। इसके अलावा, 16वें वित्त आयोग की रिपोर्ट को भी एक फरवरी को सार्वजनिक किया जाएगा। इसमें एक अप्रैल से शुरू होने वाले पांच वर्षों के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण के अनुपात का सुझाव दिया गया है। रेटिंग एजेंसी के अनुमान के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में कर राजस्व में दो लाख करोड़ रुपये की कमी आएगी जिसकी भरपाई गैर-कर राजस्व संग्रह और पूंजीगत व्यय में मामूली कमी से की जाएगी। चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा बजट में अनुमानित 4.4 प्रतिशत और वास्तविक रूप से 15.69 लाख करोड़ रुपये रहेगा। एजेंसी के अनुसार संशोधित अनुमानों में निरपेक्ष रूप से आंकड़ा बढ़ सकता है।



# छात्र संघ की ओर से नारेबाजी सुप्रीम कोर्ट की सीधे तौर पर अवमानना

## जेएनयू ने पुलिस को भेजा पत्र, आरोपी छात्रों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने मंगलवार को कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र संघ की ओर से अत्यंत आपत्तिजनक और भड़काऊ नारेबाजी वाले वीडियो का उसने गंभीर संज्ञान लिया है। जेएनयू प्रशासन ने कहा कि यह कृत्य सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट की अवमानना है और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जानबूझकर अनादर दर्शाता है। छात्रों पर सोमवार रात एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाने का आरोप है। जेएनयू प्रशासन ने पुलिस को पत्र भेजकर इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का आग्रह किया है।

जेएनयू प्रशासन ने वसंत कुंज (उत्तर) के थाना प्रभारी को लिखे एक पत्र में कहा कि जेएनयूएसयू से जुड़े छात्रों की ओर से रात करीब 10 बजे 'गुरिल्ला ढाबे के साथ प्रतिरोध की रात' नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 30 से 35 छात्र उपस्थित थे। शुरू में ऐसा प्रतीत हुआ कि यह कार्यक्रम पांच जनवरी, 2020 की घटना की याद में आयोजित किया जा रहा है, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर न्यायिक फैसले के बाद कार्यक्रम का स्वरूप बदल गया, जिसके बाद कुछ प्रतिभागियों ने कथित तौर पर भड़काऊ और आपत्तिजनक नारे लगाए। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा जारी बयान में कहा गया है, ऐसा कृत्य संवैधानिक संस्थाओं और सभ्य एवं लोकतांत्रिक संवाद के स्थापित मानदंडों के प्रति जानबूझकर अनादर दर्शाता है। सभी को असहमति, अपमानजनक टिप्पणी और घृणास्पद भाषण के बीच स्पष्ट अंतर को समझना चाहिए।

विश्वविद्यालय ने दिल्ली पुलिस को लिखे पत्र में कहा है कि कुछ छात्रों ने अत्यंत आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए और सीधे तौर पर उच्चतम न्यायालय की अवमानना की। विश्वविद्यालय ने सभी से अनावश्यक गतिविधियों में शामिल होने से बचने और परिसर में शांति बनाए रखने में सहयोग का आग्रह करते हुए चेतावनी दी कि अन्यथा नियमों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बयान में कहा गया, जेएनयू प्रशासन ने साबरमती परिसर में आयोजित प्रदर्शन के प्रसारित वीडियो का गंभीर संज्ञान लिया है, जिसमें जेएनयू छात्र संघ के छात्रों के एक समूह ने बेहद आपत्तिजनक और भड़काऊ नारे लगाए।

### पत्र में छात्रसंघ अध्यक्ष अदिति समेत कई नाम

विश्वविद्यालय ने पुलिस को लिखे पत्र में वर्तमान जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा समेत कई छात्रों के नाम लेते हुए कहा है कि कार्यक्रम के दौरान कई बार इस तरह की नारेबाजी की गई। पत्र में कहा गया है कि सुरक्षा अधिकारी मौके पर मौजूद थे और स्थिति पर नजर रख रहे थे। पत्र के अनुसार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। बयान में कहा गया, इस तरह की नारेबाजी लोकतांत्रिक असहमति के बिल्कुल विपरीत हैं और जेएनयू आचार संहिता का उल्लंघन है। ऐसे नारों से सार्वजनिक व्यवस्था, परिसर में सद्भाव और विश्वविद्यालय तथा राष्ट्र के सुरक्षा और संरक्षा माहौल के गंभीर रूप से प्रभावित होने की आशंका है। इस कार्यक्रम का एक कथित वीडियो भी ऑनलाइन सामने आया है।

### सांपों के फन कुचले जा रहे, संपोले बिलबिला रहे

- जेएनयू में भड़काऊ नारेबाजी पर बोले दिल्ली सरकार के मंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा, मनजिंदर सिंह सिरसा और आशीष सूद ने जेएनयू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक नारे लगाने की मंगलवार को कड़ी आलोचना की। दिल्ली के कानून मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, सांपों के फन कुचले जा रहे हैं, संपोले बिलबिला रहे हैं। नक्सलियों, आतंकियों, दंगाइयों के समर्थन में नारे लगाने वाले हताश हैं क्योंकि उनके नापाक मंसूबे एक-एक करके ध्वस्त हो रहे हैं। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ प्रदर्शन अस्वीकार्य है। अगर लोग अदालती फैसलों का विरोध शुरू कर देंगे तो व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि कुछ नेता और पार्टियां गंभीर मामलों में आरोपी व्यक्तियों के साथ खड़े हैं, यह शांति भंग करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा है।

## आवारा कुत्ते: सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इन्सानों के मामलों में नहीं आते इतने आवेदन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किए जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया और कहा कि आमतौर पर इन्सानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं।

एक अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा, इन्सानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को सुनवाई की जाएगी। एक अन्य अधिवक्ता ने इस मामले में स्थानांतरण याचिका का जिक्र किया तो शीर्ष न्यायालय ने कहा कि बुधवार को कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी और पीठ सभी अधिवक्ताओं की बात सुनेगी।

# मतदाता सूची विवाद: सोनिया को जवाब दाखिल करने के लिए और समय मिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को उस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए सात फरवरी तक का समय दे दिया, जिसमें मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के मामले में मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती दी गई है।

मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में इस आरोप की जांच कराने से इन्कार कर दिया था कि गांधी का नाम 1983 में भारतीय नागरिकता प्राप्त करने से तीन साल पहले मतदाता सूची में शामिल किया गया था। न्यायाधीश विशाल गोगने ने नौ दिसंबर को गांधी और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा था। मंगलवार को जब इस मामले पर सुनवाई शुरू हुई तो गांधी के वकील ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख सात फरवरी तक का समय दे दिया।

मजिस्ट्रेट ने 11 सितंबर के आदेश में राउज एवेन्यू अदालत की सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अधिवक्ता विकास त्रिपाठी द्वारा दायर शिकायत को खारिज कर दिया था। मजिस्ट्रेट ने कहा था कि याचिका केवल मतदाता सूची के एक अंश पर आधारित है, जो 1980 की एक अप्रमाणित मतदाता सूची के अंश की फोटोकॉपी की फोटोकॉपी है।

### सोनिया गंगाराम अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष और संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में सोमवार रात को भर्ती कराया गया है। श्रीमती गांधी की तबीयत पिछले कुछ समय से ठीक नहीं चल रही थी, जिस वजह से उन्हें भर्ती किया गया है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनकी पूरी निगरानी कर रही है। विशेषज्ञ डॉक्टर की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में बढ़े हुए प्रदूषण के कारण उन्हें सांस से संबंधित समस्याएं होती रहती हैं।

## दिल्ली में घने कोहरे के कारण 280 से ज्यादा उड़ानों में देरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और देश के दूसरे हिस्सों में मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है। कुछ उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गई। चार बजे के बाद से ही कैट-3 प्रक्रिया के तहत उपकरण की मदद से परिचालन शुरू कर दिया गया। अमृतसर, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, वाराणसी, रांची, हिंडन (गाजियाबाद) और धर्मशाला में भी दृश्यता कम होने के कारण उड़ानों के परिचालन में देरी हो रही है। दिल्ली हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली से जाने वाली कम से कम 20 और दिल्ली आने वाली कम से कम 260 उड़ानों में देरी की सूचना है।

# तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी पर दीप जलाने की अनुमति का आदेश बरकरार

मदुरै, एजेंसी

- मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै खंडपीठ ने सरकार के शांति में खलल के दावे को हास्यास्पद बताया

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै खंडपीठ ने तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी के दीपथून पर दीप जलाने की अनुमति देने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश को मंगलवार को बरकरार रखा। अदालत ने द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह दावा कि दीप जलाने से सार्वजनिक शांति में विघ्न उत्पन्न होगा, बेहद हास्यास्पद है।

न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन और न्यायमूर्ति के के रामकृष्णन की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि जिस स्थान पर पत्थर का स्तंभ (दीपथून) स्थित है, वह भगवान सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर का है। न्यायालय ने यह भी कहा कि अपीलकर्ता यह साबित नहीं कर पाए कि शैव मत के आगम शास्त्र में ऐसा कोई स्पष्ट एवं अनिवार्य नियम है जिसके अनुसार गर्भगृह में देवता के ठीक ऊपर सीध में न होने वाले स्थान पर दीपक जलाना वर्जित है। अदालत ने यह भी कहा, न तो देवस्थानम (प्रबंधन) और न ही सरकार का यह कहना है कि तिरुपरनकुंड्रम पहाड़ी पर दीप जलाना प्रचलित नहीं है। उन्होंने कहा, यह हास्यास्पद है और इस पर विश्वास करना मुश्किल है कि राज्य की ताकतवर सरकार को डर है कि देवस्थानम के प्रतिनिधियों को पहाड़ी की चोटी के पास स्थित पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाने की अनुमति देने से सार्वजनिक शांति में विघ्न उत्पन्न होगा। ऐसा तभी हो सकता है जब राज्य स्वयं इस तरह का विघ्न उत्पन्न करने का समर्थन करे।

पीठ ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि कोई भी राज्य अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए इस स्तर तक नीचे नहीं जाएगा। तमिलनाडु सरकार ने इस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का संकेत दिया है। तमिलनाडु के प्राकृतिक संसाधन मंत्री एस रेगुपति ने फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार को सुप्रीम कोर्ट में अपील करने का अधिकार है। उन्होंने पूछा, यह साबित करने के लिए कोई साक्ष्य नहीं दिया गया कि दीपथून पर दीपम् जलाया गया था, नई परंपरा क्यों शुरू की जाए। अदालत ने कहा कि मंदिर प्रबंधन को दीपथून पर दीप प्रज्ज्वलित करना होगा। एएसआई प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल एवं अवशेष अधिनियम एवं नियमों में निहित निषेधों के अतिरिक्त पहाड़ी क्षेत्र में स्थित स्मारकों के संरक्षण के लिए उपयुक्त और आवश्यक शर्तें लागू करेगा।

# भाजपा की सावरकर के सम्मान की नसीहत राकांपा ने नकारी

- कहा- हम आंबेडकरवादी, महायुति के सहयोगी दलों में टकराव की नौबत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि भाजपा अपने गठबंधन साझेदारों से हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के सम्मान की अपेक्षा करती है। उनकी इस नसीहत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीखी प्रतिक्रिया के साथ नकार दिया और आंबेडकरवादी विचारधारा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया।

महानगरपालिका चुनाव प्रचार के दौरान सावरकर का जिक्र आने के बाद महायुति में शामिल दोनों दलों भाजपा और राकांपा के बीच टकराव की नौबत है। पुणे और पिंपरी चिंचवड निकाय चुनाव में अपने चाचा शरद पवार की राकापा (एसपी) से गठबंधन करने वाले अजित पवार भाजपा के स्थानीय नेताओं के खिलाफ हमलावर रुख अपनाए हुए हैं। शेलार ने कहा, महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण साफ कर चुके हैं कि पार्टी सावरकर की विचारधारा का अनुसरण करती है, भाजपा सहयोगियों से भी उनके विचारों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है।

शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और राकांपा महायुति में भाजपा के सहयोगी दल हैं। राकांपा नेता अमोल मिटकरी ने भाजपा की इस जिद पर सवाल उठाए कि अजित पवार की पार्टी को भाजपा के वैचारिक नेतृत्व के तहत काम करना होगा। मिटकरी ने 'एक्स' पर लिखा, मैं यही कहूंगा कि हम शिव-शाहू-आंबेडकर आंदोलन के प्रति प्रतिबद्ध थे, हैं और रहेंगे। भले ही हम आपरी विचारधारा को स्वीकार न करें, लेकिन यह अकाट्य सत्य है कि आपको हमारी पार्टी की आंबेडकरवादी विचारधारा न चाहते हुए भी स्वीकार करनी होगी।

# प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे भारत-लक्जमबर्ग

- लक्जमर्बग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीजन से मिले जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसी

लक्जमबर्ग की यात्रा पर गये विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री ल्यूक फ़्रीडन से मुलाकात की और निवेश , प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग पर बातचीत की। मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि आज सुबह लक्ज़मबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ़्रीडन से मिलकर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में बढ़ते सहयोग पर चर्चा हुई। भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को और सशक्त बनाने के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर रविवार को भारत से फ्रांस और लक्ज़मबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए थे।



लक्ज़मबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फ्रीडेन के साथ विदेश मंत्री जयशंकर।

## 5.26 करोड़ मतदाता बाहर

### एसआईआर का दूसरा चरण

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से देश में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। मतदाता सूची को पूरी तरह से नए सिरे से तैयार करना, पात्र मतदाताओं को शामिल करना, मृत या एक से अधिक स्थानों पर दर्ज लोगों के नाम हटाकर मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाना उद्देश्य है। यह प्रक्रिया 2002-2004 में भी हुई थी, लेकिन अब इसे बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। इसमें घर-घर फॉर्म भरवाने और सत्यापन के बाद फिर ड्राफ्ट और अंतिम सूची तैयार की जाती है। दूसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रक्रिया जारी है। पहले चरण में बिहार में 65 लाख वोटर हटे थे जबकि दूसरे चरण के 12 राज्यों में लगभग 5.25 करोड़ वोटरों के नाम हटे या हट रहे हैं।



#### दूसरे चरण में 12 राज्य

एसआईआर का पहला चरण बिहार राज्य में पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में असम, गोआ, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल के साथ केंद्र शासित प्रदेश अंडमान व निकोबार, लद्दाख, पुदुचेरी में प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश में सत्यापन और गणना के बाद मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। मतदाताओं को सूची में सुधार कराने के लिए छह फरवरी तक का समय दिया गया है। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन मार्च तक संभावित है।

#### अब तक हटे नाम

- मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के बाद बिहार में लगभग 65 लाख नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं तो कुछ नए नाम जोड़े भी गए हैं। उत्तर प्रदेश में करीब 2.89 करोड़ नाम ड्राफ्ट सूची से हटाए गए जिनमें मृतक, शिफ्ट, डुप्लिकेट मतदाता शामिल हैं वहीं मध्य प्रदेश में लगभग 42,74,160 नाम हटाए गए। केरल में लगभग 24 लाख नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो गए हैं। तमिलनाडु में लगभग 97,37,832 और गुजरात में लगभग 73,73,000 नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं। हालांकि इन मतदाताओं को पुनरीक्षण का मौका दिया जाएगा।

#### राज्यवार स्थिति

- बिहार में अंतिम सूची लागू हो चुकी है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में ड्राफ्ट जारी किया जा चुका है। केरल में भी ड्राफ्ट की सत्यापन प्रक्रिया चल रही है। तमिलनाडु और गुजरात में भी ड्राफ्ट जारी हो चुका है। पश्चिम बंगाल में काम चल रहा है। असम, गोआ, राजस्थान, अंडमान नीकोबार, लद्दाख, पुदुचेरी में भी प्रक्रिया जारी हैं।

#### 18 साल के युवा ऐसे बनें वोटर

- **ऑनलाइन आवेदन :** वेबसाइट https://voters.eci.gov.in पर जाएं और नया मतदाता पंजीकरण (फार्म-6) पर क्लिक करें और अपनी जानकारी, नाम, पता जन्म-तिथि, मोबाइल नंबर और पहचान से संबंधित दस्तावेज अपलोड कर फार्म सबमिट कर दें, मोबाई/ईमेल पर रेफरेंस नंबर मिलेगा जिसके बाद बीएलओ घर आकर या कॉल करके सत्यापन करेगा।
- **ऑफलाइन आवेदन :** बीएलओ, तहसील, चुनाव कार्यालय से फार्म-6 लें या ऑनलाइन प्रिंट ले सकते हैं। फॉर्म भरकर जरूरी दस्तावेज़ लगाएं, अपने क्षेत्र के बीएलओ / निर्वाचन कार्यालय में जमा करें, सत्यापन के बाद नाम मतदाता सूची में जुड़ जाएगा।
- **आवश्यक दस्तावेज :** उम्र के प्रमाण के रूप में जन्म प्रमाण पत्र, 10वीं कक्षा की मार्कशीट, आधार कार्ड में से कोई एक दे सकते हैं। पते के प्रमाण के लिए आधार कार्ड, बिजली/पानी/गैस बिल या बैंक पासबुक चलेगा। आधार अनिवार्य नहीं है, लेकिन देने से सत्यापन आसान होता है।
- **18 से पहले भी आवेदन :** अगर आपकी उम्र 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई अथवा 1 अक्टूबर को 18 पूरी हो रही है तो आवेदन कर सकते हैं। नाम उसी तिथि से जुड़ जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइल ने लेबनान पर बोला हमला

**सिडोन।** इजराइल की वायुसेना ने सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के लेबनान के सिडोन समेत दक्षिणी एवं पूर्वी इलाकों पर हमले किए। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे हुए एक हमले में दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में तीन मंजिला एक वाणिज्यिक इमारत ध्वस्त हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब कुछ ही दिन बाद लेबनान के सेना प्रमुख इजराइल के साथ लगती सीमा वाले इलाके में चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के निरस्त्रीकरण के अपने मिशन के बारे में सरकार को जानकारी देने वाले हैं।

### मेक्सिको ने अमेरिकी हस्तक्षेप खारिज किया

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला में अमेरिका के सैन्य हस्तक्षेप के बाद मेक्सिको सरकार और विशेषज्ञों ने देश में मादक पदार्थ तस्करी गिरोहों के खिलाफ एकतरफा अमेरिकी कार्रवाई की आशंका को खारिज कर दिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लॉडिया शीनबॉम का प्रशासन अमेरिका की मांगों पर काम कर रहा है और दोनों देशों में आर्थिक संबंध महत्वपूर्ण हैं।

### मिस्र में नशा मुक्ति केंद्र में आग से छह मरे

**काहिरा।** मिस्र की राजधानी काहिरा के उत्तर में कल्यूबिया प्रांत में एक नशा मुक्ति केंद्र में सोमवार को आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। सरकारी अखबार अल-योम ने बताया कि सूचना मिलने पर सुरक्षा बल और नागरिक सुरक्षा इकाई दमकल और एम्बुलेंस की मदद से बेन्हा शहर में घटनास्थल पर पहुंचे।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई से क्षेत्रीय अस्थिरता की संभावना

## संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर जताई चिंता

- अमेरिकी कार्रवाई में अंतर्राष्ट्रीय नियमों का नहीं हुआ सम्मान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सोमवार को वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई और राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में बढ़ती अस्थिरता पर चिंता जताई है, यद्दपि अमेरिका ने आश्वासन दिया है कि इस मध्य अमेरिकी देश पर कब्जा करने की उसकी कोई योजना नहीं है। गुटेरेस ने कहा कि वह चिंतित हैं कि तीन जनवरी की सैन्य कार्रवाई के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के नियमों का सम्मान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि मादुरो को मादक पदार्थों से संबंधित आरोपों में मैनहट्टन संघीय अदालत पेश किए जाने से कुछ घंटे पहले न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की बैठक हुई। मादुरो ने किसी भी आपराधिक संलिप्तता से इनकार किया है।

संयुक्त राष्ट्र की राजनीतिक मामलों की अवर महासचिव रोजमेरी डिकार्लो द्वारा परिषद में पढ़े गए एक बयान में गुटेरेस ने कहा कि मैं देश में अस्थिरता बढ़ने की आशंका, क्षेत्र पर इसके संभावित प्रभाव और राज्यों के बीच संबंधों के संचालन के मामले में इससे बनने वाले उदाहरण को लेकर बेहद चिंतित हूं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इस बात पर जोर दिया कि 'सभी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूर्ण सम्मान किया जाना अनिवार्य है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र चार्टर भी शामिल है। महासचिव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ बल प्रयोग या धमकी को प्रतिबंधित करता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाये रखना सभी सदस्य देशों की इन प्रावधानों का पालन करने की प्रतिबद्धता पर निर्भर करता है। गुटेरेस ने हालात को नाजुक बताया और कहा कि एक बड़े और अधिक विनाशकारी संघर्ष को रोकना अभी भी संभव है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स का जिक्र करते हुए सुरक्षा परिषद को बताया कि अमेरिका ने अमेरिकी न्याय प्रणाली के दो घोषित भगोड़ों के खिलाफ अभियान चलाया।



### श्रीलंका ने शांतिपूर्ण समाधान का किया आग्रह

**कोलंबो।** श्रीलंका ने संयुक्त राष्ट्र से आग्रह किया कि वह अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा, कल्याण और उनके संप्रभु अधिकारों को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण समाधान निकालने की दिशा में काम करे। अमेरिका ने वेनेजुएला की राजधानी काराकस पर शनिवार को सैन्य हमला कर उसके नेता निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था। अमेरिका ने अपदस्थ राष्ट्रपति मादुरो पर मादक पदार्थों की तस्करी का आरोप लगाया है जिसे उन्होंने खारिज किया है। अमेरिका की इस कार्रवाई के बाद वेनेजुएला ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी बयान में कहा गया कि यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे उसके निकाय इस मामले पर संज्ञान लें ।

### वेनेजुएला के बाद अब क्यूबा के भविष्य को लेकर उठ रहे सवाल

**हवाना।** वेनेजुएला में हुए अमेरिकी हमले में 32 क्यूबाई सुरक्षा अधिकारियों की मौत के बाद क्यूबा में सोमवार को झंडे झुकाकर शोक मनाया गया। इस हमले के बाद क्यूबाई नागरिकों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी का उनके देश के भविष्य पर क्या असर पड़ेगा। दोनों देशों की सरकारों के बीच इतने करीबी रिश्ते हैं कि क्यूबाई सैनिक और सुरक्षा एजेंट अक्सर वेनेजुएला के राष्ट्रपति के अंगरक्षक होते थे और वेनेजुएला के पेट्रोलियम आयात से क्यूबा की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को कई वर्षों तक सहारा मिलता रहा है। क्यूबाई अधिकारियों ने सप्ताहांत में कहा कि 32 सुरक्षा अधिकारी इस हमले में मारे गए लेकिन इसके बारे में और कोई विवरण नहीं दिया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि मादुरो को हटाने से दशकों पुराने एक और लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी और वह है क्यूबा की सरकार को नुकसान पहुंचाना। क्यूबा को वेनेजुएला से अलग करने से उसके नेताओं के लिए भयानक परिणाम हो सकता है।

## शक्तिशाली भूकंप के झटकों से हिल उठा जापान

**तोक्यो।** पश्चिमी जापान में मंगलवार को शक्तिशाली भूकंप आया लेकिन इससे सुनामी आने का कोई खतरा नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के कारण कोई बड़ा नुकसान होने या किसी के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी नहीं मिली है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता 6.2 थी और यह उत्तर-पश्चिमी जापान के शिमाने प्रांत में आया। बाद में एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 6.4 थी। प्रांतीय राजधानी मात्सुए और तोत्तोरी प्रांत के कुछ शहर समेत आसपास के शहरों में सबसे अधिक झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र लगभग 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई में था। उसने साथ ही कहा कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है। हालांकि, जेएमए के अधिकारियों ने क्षेत्र के निवासियों को सचेत किया कि लगभग एक सप्ताह तक शक्तिशाली भूकंप आने का खतरा है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, स्थानीय दमकल विभागों को लोगों के मामूली रूप से घायल होने की जानकारी मिली। इस क्षेत्र में शिंकांसेन बुलेट ट्रेन को अस्थायी रूप से निलंबित किया गया या उनके परिचालन में देरी हुई। क्षेत्र में शिमाने परमाणु बिजली संयंत्र और एक संबंधित केंद्र में कोई असामान्यता नहीं पाई गई।

## भारत को कॉस्मिक डस्ट प्रयोग में मिली उल्लेखनीय सफलता

चेन्नई, एजेंसी

- इसरो ने कहा अंतरिक्ष के रहस्यों की खोज में यह बड़ा महत्वपूर्ण कदम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि भारत में विकसित कॉस्मिक डस्ट एक्सपेरिमेंट (डीईएक्स) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पृथ्वी की कक्षा में ऑर्बिटल डेब्रिस (धूल कणों) के टकराव से उत्पन्न संकेतों का सफलतापूर्वक पता लगाया है। यह प्रयोग पीएसएलवी-सी58 एक्सपोसैट मिशन के तहत पीएसएलवी कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल (पोओईम) पर एक जनवरी 2024 को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो ने इसे अंतरग्रहीय रहस्यों की खोज में एक ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया है।

इस सफलता से यह भी प्रमाणित हुआ है कि डीईएक्स उपकरण अंतरिक्ष में मौजूद सूक्ष्म धूल कणों को पहचानने और उन्हें मापने में पूरी तरह सक्षम है। इसरो के अनुसार, अंतर-गृहीय धूल कण (आईडीपी) धूमकेतुओं और छोटे तारों (एस्ट्रॉइड) से निकले सूक्ष्म कण होते हैं, जो पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते समय उल्का परत बनाते हैं और रात के आकाश में टूटते तारों के रूप में दिखाई देते हैं। डीईएक्स ऐसे अत्यधिक वेग वाले धूल कणों का अध्ययन करने वाला भारत का पहला स्वदेशी उपकरण है। इसरो ने बताया कि यह कॉम्पैक्ट उपकरण अंतरिक्ष में धूल कणों के टकराव को सुनने के लिए डिज़ाइन किया गया है और मात्र 4.5 वॉट बिजली खपत के साथ काम करता है। लगभग तीन किलोग्राम वज़न वाला यह डिटेक्टर हाइपर-वेलोसिटी सिद्धांत पर आधारित है। डीईएक्स को पृथ्वी से लगभग 350 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया गया था। यह 140 डिग्री वाइड-व्यू वाला डिटेक्टर एक जनवरी से नौ फरवरी 2024 के बीच सक्रिय रहा और इस दौरान उसने कई बार धूल कणों के टकराव दर्ज किए।



### आदित्य-एल1 के लिए मांगे शोध प्रस्ताव

भारत के अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम में आदित्य-एल1 मिशन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है जो सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु से सूर्य का निरंतर और व्यापक अवलोकन सक्षम बनाता है। इस मिशन से वैज्ञानिक लाभ बढ़ाने के लिए इसरो ने पहला एनाउंसमेंट ऑफ ऑपर्च्युनिटी अवसर की घोषणा की है। इसके तहत भारतीय सौर भौतिकी समुदाय से आदित्य-एल1 के अवलोकन समय के लिए शोध प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं।

## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में किशोर गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- देश की संवेदनशील सूचनाएं कर रहा था साझा

पंजाब के पठानकोट में 15 वर्षीय किशोर को पाकिस्तानी आकाओं से संवेदनशील स्थानों की जानकारी साझा करने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि एक सोशल मीडिया मंच के जरिए किशोर के जहन में कट्टरपंथी विचारधाराएं डाली गईं।

पठानकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि किशोर पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तान में आतंकी मॉड्यूल संचालित करने के वाले प्रमुख संगठनों के संपर्क में था और देश की सुरक्षा से जुड़ी जानकारी साझा कर रहा था। इसी सूचना के आधार पर सोमवार को किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। एसएसपी के अनुसार, किशोर के पिता की एक वर्ष से अधिक समय पहले मृत्यु हो गई थी। वह जम्मू-कश्मीर में रहते थे। उन्होंने बताया कि किशोर कई सोशल मीडिया मंच पर सक्रिय था और इसी दौरान वह पाकिस्तानी आकाओं के जाल में फंस गया।

## ईरान के विरोध प्रदर्शनों में अब तक 35 की मौत

**दुबई।** ईरान में अर्थव्यवस्था की खस्ताहाल स्थिति और राजनीतिक दमन को लेकर एक हफ्ते से अधिक समय से जारी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 35 लोगों की मौत हो चुकी है और 1,200 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है।

एक मानवाधिकार एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच, ईरान सरकार ने देश के पश्चिमी प्रांत ईलम में हिंसा की बात स्वीकार की है, जहां सुरक्षाबलों ने एक अस्पताल पर धावा बोला और आम नागरिकों पर गोलीबारी भी की।

## महाराष्ट्र में ऑनलाइन ठगी गिरोह पकड़ा, सात गिरफ्तार

पालघर, एजेंसी

- ऑनलाइन योजनाओं के जरिए की 200 करोड़ की ठगी

महाराष्ट्र पुलिस ने विदेशी मुद्रा और सोने के कारोबार से जुड़ी ऑनलाइन योजनाओं के जरिए सैकड़ों लोगों से 200 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम देने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने अब तक महाराष्ट्र से सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जो देश के विभिन्न राज्यों में दर्ज 50 से अधिक आपराधिक मामलों से जुड़े हैं। संदेह है कि गिरोह के सरगना विदेश से आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देते थे।

मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक ने बताया कि जालसाज वैवाहिक वेबसाइट और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विश्वास जीतकर पीड़ितों को निशाना बनाते थे। इसके बाद उन्हें धोखाधड़ी वाली योजनाओं में निवेश करने के लिए प्रेरित किया जाता था। उन्होंने बताया कि पुलिस को अहम सफलता 12 नवंबर को तब मिली।

## भारतीयों के वर्क परमिट पर रोक की मांग

- बांग्लादेश में हादी के लिए इंकलाब मंच ने निकाला मार्च

ढाका/नई दिल्ली, एजेंसी

छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर मंगलवार को ढाका में उनकी पार्टी ने एक दिवसीय रैली का आयोजन किया। इस रैली में बांग्लादेश में रहने वाले सभी भारतीयों के वर्क परमिट रद्द करने सहित अन्य कदमों की मांग की गई।

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार इंकलाब मंच ने अपनी चार सूत्री मांगों के तहत उन कथित हत्यारों की वापसी की भी मांग की है, जिनके बारे में उसका दावा है कि उन्होंने भारत में शरण ली है। पार्टी का कहना है कि अगर भारत उन्हें सौंपने से इनकार करता है तो बांग्लादेश को अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का रुख करना चाहिए।

भारतीय अधिकारियों ने हादी के हत्यारों के भारत में घुसने के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि अवैध सीमा पार करने का कोई सबूत नहीं है। अखबार ने आयोजकों के हवाले से बताया कि न्याय के लिए मार्च दिन में करीब 11:30 बजे शाहबाग से शुरू हुआ, जिसमें कार्यकर्ता 10 पिकअप वैन में और पैदल चलकर साइंस लैब, मोहम्मदपुर, मीरपुर-10, उत्तरा, बसुंधरा, बड्डा, रामपुरा और जात्राबारी सहित कई प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए शाम को शाहबाग लौट आएंगे। प्रतिभागियों ने कहा कि प्रदर्शन का उद्देश्य हादी की हत्या की जांच में तेजी लाने पर जोर देना है। उन्होंने मांग की कि हत्यारे, साजिशकर्ताओं, सहयोगियों और उन्हें शरण देने वालों सहित सभी संबंधित लोगों पर 12 फरवरी के संसदीय चुनावों से पहले मुकदमा चलाया जाए।



## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जनवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 8 जनवरी 06.33 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मघा 11.56 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष:** आज कुछ कड़े और महत्वपूर्ण निर्णय आपको लेने पड़ सकते हैं। आवश्यक सामानों की खरीदारी में धन खर्च कर होगा। आपकी आय बढ़ सकती है। जीवनसाथी की सहायता से आपको करियर में सफलता मिलेगी। बच्चों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष:** आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहने वाला है। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। अपनी प्रतिभा को पुन: विकसित करने का अवसर मिल सकता है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**मिथुन:** आज टीमवर्क के माध्यम से गंभीर समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता का भाव बढ़ेगा। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। नए संबंधों का विकास हो सकता है। संतान के कार्यों पर नजर बनाकर रखें।

**कर्क:** आज परिवार में थोड़ी कलह होने की संभावना है। अजनबी व्यक्तियों पर अधिक विश्वास न करें। हृदय रोगियों को सावधान रहने की आवश्यकता है। संतान के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपको पैरों में चोट लग सकती है।

**सिंह:** आज भोग-विलास का आनंद उठाएंगे। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। किसी दुविधा का समाधान मिलेगा। आपको कुछ नया सीखने का मौका मिल सकता है। पुरानी डील के कारण आपको लाभ मिलने की संभावना है।

**कन्या:** आज आय के साथ-साथ आपके खर्च भी बढ़ेंगे। अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। व्यापार में नए बदलाव करने से बचें। परिश्रम का सार्थक परिणाम नहीं मिलेगा। वैवाहिक जीवन को लेकर समस्या हो सकती है।

**तुला:** आज सरकारी कार्यों में कुछ बाधा आ सकती है। धर्म-कर्म को लेकर अंधविश्वासी न बनें। आप कुछ नया काम करने को लेकर प्रेरित होंगे। दूसरों के विवादों में समझौता न करायें। भाई-बहनों के साथ रिश्तों में प्रेम भाव बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** आज जॉब में मनोवान्छित लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार में पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घरेलू खर्च को लेकर बजट का ध्यान रखें। प्रबुद्ध व्यक्तियों का सानिध्य प्राप्त होगा। सहकर्मी आपकी चुगली कर सकते हैं।

**धनु:** आज व्यवसाय में बड़ा परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिए। किसी भी कार्य को ठीक तरह से करने में मुश्किल होगी। कार्यक्षेत्र में अकस्मात परिवर्तन आ सकते हैं। दुष्टजन आपको हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

**मकर:** आज उधार चुकाने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। वाहन का प्रयोग सावधानी से करें। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच-समझकर दान करना चाहिये। मेहनत में कमी न करें। जल्दबाजी के कारण कार्यों में विघ्न आ सकते हैं।

**कुंभ:** आज रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। जिम्मेदारियों को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। घर का वातावरण शांतिपूर्ण रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**मीन:** आज उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोगों को सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मन में हीन भावना पनप सकती है। परिवार में क्लेश का वातावरण हो सकता है। घर के लिए खरीदारी कर सकते हैं। वृद्धजनों के साथ बहसबाजी करने से बचें।

## सुडोकू -25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | 3 | | 6 | 4 | | 9 | |
| | 8 | | 5 | | | 6 | | 2 |
| 6 | | 5 | 2 | 8 | | | | |
| | | 9 | | | 2 | | 8 | 3 |
| | 5 | | 3 | 4 | | 9 | | |
| 3 | | 1 | | 9 | | | 5 | 4 |
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 3 | | 8 |
| | 3 | | 8 | | | 5 | | |

### सुडोकू - 24 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |



मैंने कभी भी किसी तरह के पूर्वाग्रह के साथ क्रिकेट खेली है। मेरी मानसिकता हमेशा जीतने की रही है। अगर मैं मानसिक रूप से तैयार होकर मैदान में उतरता हूं, तो मैं संतुष्ट रहता हू। मुझे तभी निराशा होती है जब मैं मानसिक रूप से तैयार नहीं रहता हूं।
क्विंटन डीकॉक, द .अफ्रीका


# स्टेडियम

अयोध्या, बुधवार, 7 जनवरी 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


## वैभव ने पंत का रिकॉर्ड तोड़ा, भारतीय यूथ वनडे में जड़ा तीव्रतम पचासा

बेनोनी, एजेंसी

क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ़ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी।



● कप्तानी करते हुए सूर्यवंशी ने पावर-हिटिंग का किया शानदार प्रदर्शन

युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोलबाला था। उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ़ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज़ों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले, साउथ अफ्रीका अंडर19 ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट से बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ़ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में 1 विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने 8.1 ओवर में माइकल क्रुइसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था।

## हरमनप्रीत 13वें स्थान पर पहुंचीं, दीप्ति शीर्ष से खिसकीं

आईसीसी टी20 रैंकिंग

● स्मृति और शेफाली क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार
● ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर पकड़ रखी मजबूत

दुबई, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 की रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गईं। भारत ने इस मैच को 15 रन से जीत कर श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया।



हरमनप्रीत को इस मैच में 43 गेंदों में 68 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वह इसके बाद रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर रखी है। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गई है।

दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष से नीचे आ गई हैं। पांचवें टी20 मैच में उनका 28 रन पर एक विकेट लेना ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए काफी नहीं था। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बायें हाथ की स्पिनर श्री चरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गईं। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी (एक पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चमारी अटापट्टू (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) ने गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार किया।

### भारतीय महिलाओं को भविष्य में हराना मुश्किल होगा : गार्डनर

**मुंबई।** एशले गार्डनर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया इस समय महिला क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टीम है, लेकिन उन्होंने कहा कि आने वाले दशक में वनडे विश्व चैंपियन भारतीय टीम को हराना काफी मुश्किल होगा। पिछले साल महिला विश्व कप सेमीफाइनल में भारत से हारी ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा रही गार्डनर ने कहा कि हरमनप्रीत कौर की टीम के प्रदर्शन में जबर्दस्त सुधार आया है। नौ जनवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जाइंट्स के लिए खेल रही गार्डनर ने कहा कि भारतीय टीम अगले पांच से दस साल में उन टीमों में से एक होगी जिसे हराना बहुत मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई होने के नाते मैं इससे भयभीत हूं लेकिन यहां खेल का तेजी से विकास देखकर अच्छा लग रहा है। गार्डनर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया अब भी महिला क्रिकेट में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। उन्होंने कहा कि विश्व कप भारी दबाव वाले पलों में आपकी जीत की बानगी देते हैं। अगर हम किसी भी टीम से लगातार दस मैच खेलें तो हम आठ या नौ जीत जायेंगे। भारत से मिली हार कठिन थी, लेकिन हमें पता है कि भारतीय टीम कितनी खतरनाक हो सकती है। महिला प्रीमियर लीग में गुजरात टीम में भारत की विश्व कप विजेता टीम में से सिर्फ तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर है, लेकिन उनके पास बेथ मूनी, डैनी वियाट हॉज और सोफी डेवाइन जैसे धुरंधर विदेशी खिलाड़ी हैं।

हाईलाइट

### महाराष्ट्र क्रिकेट संघ के चुनाव पर लगी रोक

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को होने वाले महाराष्ट्र क्रिकेट संघ की शीर्ष परिषद के चुनाव पर रोक लगा दी है और निवर्तमान अध्यक्ष और एनसीपी विधायक रोहित पवार के रिश्तेदारों समेत 400 नए सदस्यों को जोड़ने पर सवाल उठाये हैं। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और गौतम अनखड़ की पीठ ने कहा कि जिस तरीके से नए सदस्यों को जोड़ा गया है, उससे प्रथम दृष्टया लगता है कि सब कुछ आनन फानन में किया गया।

### ग्रिक्सपोर-जैंडस्चुल्प डच टीम से बाहर

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड ने 7-8 फरवरी को बेंगलुरु में भारत के खिलाफ होने वाले डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले के लिए अपने शीर्ष एकल खिलाड़ियों टैलन ग्रीक्सपोर और बोटिक वैन डे जैंडस्चुल्प को अपनी चार सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया है। ग्रीक्सपोर वर्तमान में नीदरलैंड के नंबर एक खिलाड़ी हैं और उनकी विश्व रैंकिंग 25 है। जैंडस्चुल्प की विश्व रैंकिंग 75 है। भारत के खिलाफ मुकाबले में एकल वर्ग में विश्व रैंकिंग में 71वें स्थान पर काबिज जेस्पर डी जोंग और 158वीं रैंकिंग के खिलाड़ी गाय डेन ओडेन नीदरलैंड की अगुवाई करेंगे।

### सनराइजर्स ने कैपिटल्स को 10 विकेट से हराया

**सेंचुरियन।** क्विंटन डीकॉक और जॉनी बेयरस्टो के बीच पहले विकेट के लिए अटूट शतकीय साझेदारी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने यहां खेले गए एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी।

### अनाहत ब्रिटिश जू. ओपन स्क्वाश के फाइनल में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है।

## उप्र क्वार्टर फाइनल में, विदर्भ-बंगाल व बड़ौदा भी रेस में

### अभिषेक के शतक की बदौलत उत्तर प्रदेश ने ग्रुप बी के मुकाबले में विदर्भ को 54 रनों से हराया

विजय हजारे ट्रॉफी

● उप्र ने 339 रनों का दिया लक्ष्य, मोखाड़े ने 147 रनों के बावजूद विदर्भ 285 रनों पर ही सिमटी
● अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए 20 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष पर उप्र

राजकोट, एजेंसी

अभिषेक गोस्वामी के शानदार शतक की बदौलत उत्तर प्रदेश ने मंगलवार को खेले गए ग्रुप बी के अहम मुकाबले में विदर्भ को 54 रन से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 339 रन बनाए, जिसमें गोस्वामी ने 103 रन की शानदार पारी खेली। उन्हें प्रियंक गर्ग (67), ध्रुव जुरेल (56) और रिंकू सिंह (57) के तेज अर्धशतकों का अच्छा मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अमन मोखाड़े ने संघर्षपूर्ण 147 रन बनाए लेकिन विदर्भ की टीम 50 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन ही बना सकी। उत्तर प्रदेश की ओर से कुलदीप यादव ने 52 रन देकर तीन विकेट झटके। इस जीत के साथ उत्तर प्रदेश ने अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए 20 अंकों के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं विदर्भ, बंगाल और बड़ौदा के 16-16 अंक हैं और एक-एक मैच शेष है। तीनों टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की दौड़ में हैं।

### हैदराबाद ने अमन राव के दोहरे शतक की बदौलत बंगाल को हराया



अमेरिका में जन्मे अमन राव की ताबड़तोड़ नाबाद दोहरे शतक से खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी हैदराबाद ने बंगाल को 107 रन से शिकस्त दी। इस हार से उसकी क्वार्टर फाइनल की उम्मीदों को झटका लगा। आईपीएल नीलामी में राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़े 21 साल के राव ने सिर्फ तीसरी लिस्ट-ए मैच 109 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। उनकी इस पारी में 12 चौके और 13 छक्के शामिल थे। राव की इस पारी की बदौलत हैदराबाद ने पांच विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह इस टूर्नामेंट का दूसरा दोहरा शतक था। इससे पहले दिसंबर में ओडिशा के स्वस्तिक सामल ने सौराष्ट्र के खिलाफ 212 रन बनाए थे। पहले बल्लेबाजी करते हुए राव ने बंगाल के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दीं। उन्होंने मोहम्मद शमी (70 रन पर 3 विकेट), आकाश दीप (बिना किसी सफलता के 78 रन) और मुकेश कुमार जैसे गेंदबाजों के खिलाफ 120 रन बटोरे। राव ने राहुल सिंह (65) के साथ पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी करने के बाद कप्तान तिलक वर्मा (34) के साथ 87 रन जोड़े। उन्होंने अपनी दोहरी शतकीय पारी का जश्न पारी की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर मनाया। मोहम्मद सिराज (58 रन पर 4 विकेट) की गेंदबाजी के सामने बंगाल की टीम 44 .4 ओवर में 245 रन पर सिमट गई। बंगाल के लिए शाहबाज अहमद ने अकेले 113 गेंदों पर नाबाद 108 रन बनाए, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिला। इस हार के बाद बंगाल ने छह मैचों में चार जीत के साथ नेट रन रेट के आधार पर विदर्भ के पीछे तीसरा स्थान है।

### बड़ौदा ने जम्मू-कश्मीर को दी 76 रनों से मात

विष्णु सोलंकी (132) और प्रियांशु मोलिया (114) के शानदार शतकों की बदौलत बड़ौदा ने जम्मू-कश्मीर को 76 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए बड़ौदा ने सोलंकी और मोलिया के शतकों की मदद से 50 ओवर में 332 (ऑल आउट) बनाये। इसके जवाब में जम्मू-कश्मीर की टीम 45 .3 ओवर में 256 रन पर सिमट गई। जम्मू कश्मीर के लिए दीक्षांत कुंडल (66) और कवलप्रीत सिंह (65) ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक जमाए। इस जीत के साथ बड़ौदा के 16 अंक हो गए, और वह बंगाल और विदर्भ के साथ अंकों में बराबरी पर आ गया। ग्रुप के एक अन्य मैच में मनन वोहरा (102) और अर्जुन आजाद (140) के शानदार शतकों की बदौलत चंडीगढ़ ने असम को सात विकेट से हराया। शिवशंकर रॉय ने नाबाद 106 रन की पारी खेलकर असम को सात विकेट पर 284 रन तक पहुंचाया, लेकिन चंडीगढ़ ने कप्तान वोहरा और आजाद की सलामी जोड़ी की 244 रन की साझेदारी की मदद से लक्ष्य को 47 .2 ओवर में हासिल कर लिया

## मयंक-पडिक्कल की साझेदारी से कर्नाटक क्वार्टर फाइनल में

अहमदाबाद, एजेंसी

शानदार लय में चल रहे कप्तान मयंक अग्रवाल (100) और देवदत्त पडिक्कल (91) की बड़ी साझेदारी से कर्नाटक ने मंगलवार को राजस्थान को 150 रन से करारी शिकस्त देकर विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। कर्नाटक ने सात विकेट पर 324 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (36 रन पर पांच विकेट) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी से राजस्थान को 38 ओवर में 174 रन पर आउट कर दिया। कर्नाटक की यह लगातार छठी जीत है।

टीम ने 24 अंक के साथ ग्रुप तालिका में शीर्ष स्थान पक्का कर लिया है। केरल, झारखंड और मध्य प्रदेश के 16-16 अंक हैं और वे नेट रन रेट के आधार पर दूसरे स्थान के लिए अंतिम दौर के मैच में जोर लगायेंगे। तमिलनाडु और त्रिपुरा



आठ-आठ अंकों के साथ क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर हैं। मयंक ने 107 गेंदों में दूसरा शतक जड़ा जबकि पडिक्कल 82 गेंदों में नौ रन से सत्र का अपना पांचवां शतक पूरा करने से चूक गए। दोनों की 184 रन की साझेदारी के दौरान राजस्थान के गेंदबाज असहाय नजर आये। विष्णु विनोद की नाबाद 162 की आक्रामक पारी से केरल ने पुडुचेरी को 21 ओवर शेष रहते आठ विकेट से हराकर अपने नेट रन रेट में बड़ा सुधार किया।

### जीत की जिद



झारखंड के रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में चल रही महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2025-26 के मैच के दौरान गेंद पर कब्जा करने के लिए संघर्ष करतीं नारंगी जर्सी में श्रची बंगाल टाइगर्स और एसजी पाइपर्स की खिलाड़ी। ● एजेंसी

## हेड और स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

● पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 7 विकेट पर बनाए 518 रन

सिडनी, एजेंसी

ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज श्रृंखला के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 7 विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है।

इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने



पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले उनका इस श्रृंखला में उच्चतम स्कोर 61 रन था जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था। स्मिथ का यह एशेज में 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं।

### पोंटिंग के पास पहुंचे रूट, तेंदुलकर से पीछे

**सिडनी।** टेस्ट क्रिकेट में अब इंग्लैंड के जो रूट के 41 शतक हो चुके हैं। वह अब सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जहां वह रिकी पोंटिंग के साथ हैं। उनसे आगे सिर्फ़ सचिन तेंदुलकर (51) और जैक कैलिस (45) हैं। रूट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में 160 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। 2021 से अब तक रूट ने 24 टेस्ट शतक लगाए हैं। हैरी ब्रूक, केन विलियमसन, स्टीवन स्मिथ और शुभमन गिल दस शतकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

## मलेशिया ओपन : लक्ष्य दूसरे दौर में पहुंचे, मालविका बाहर

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके मलेशिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाकर नए सत्र की शानदार शुरुआत की।

पिछले सत्र के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सेन ने मलेशिया ओपन में विश्व रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 70 मिनट में 21-16 15-21 21-14 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सेन का अगला मुकाबला



फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव या हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद वापसी करने वाली मालविका बंसोड़ को महिला एकल में हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चनोक इंतानोन से 11-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## मुस्तफिजुर को नहीं मिलेगा मुआवजा

**कोलकाता।** बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ अनुबंध को समाप्त करने में कोई भूमिका नहीं होने पर किसी भी प्रकार का वित्तीय मुआवजा नहीं मिलेगा। केकेआर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों पर उन्हें टीम से बाहर कर दिया था। केकेआर ने मुस्तफिजुर को आईपीएल नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के साथ चली कड़ी बोली प्रक्रिया के बाद 9.20 करोड़ में खरीदा था। बीसीसीआई ने अपने इस फैसले का कोई विशेष कारण नहीं बताया और केवल इतना कहा कि चारों तरफ घट रहे घटनाक्रमों के कारण यह जरूरी हो गया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस पर भारत में होने वाले अपने टी20 विश्व कप के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने की मांग की है।

टेनिस

अमेरिकी स्टार ने 45 साल की उम्र में भी जुझारूपन का शानदार नमूना किया पेश

## कड़े संघर्ष के बाद मैग्डा लिनेट से हारीं वीनस विलियम्स

वेलिंगटन,एजेंसी

वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया, लेकिन आखिर में वह मंगलवार को ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं।

2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रहीं वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार मिली। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था। मंगलवार का मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जैसी चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन



में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा।

7 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को ऑकलैंड ओपन के अलावा 12 जनवरी से होबार्ट में होने वाले टूर्नामेंट तथा साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से शुरू होगा। ऑकलैंड में खेला गया यह मैच वीनस का पिछले साल अगस्त में अमेरकी ओपन के पहले दौर में कैरोलिना मुचोवा से हारने के बाद पहला एकल मैच था। वीनस ने इससे पहले ऑकलैंड ओपन की शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना के साथ सोमवार को युगल मैच खेला था, जिसमें उन्हें इवा जोविक और एलेक्जेंड्रा एला से 7-6 (7), 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

### जोकोविच का ऑस्ट्रेलियाई ओपन पर फोकस

**एडिलेड।** नोवाक जोकोविच ने अगले हफ्ते होने वाले एडिलेड इंटरनेशनल से अपना नाम वापस ले लिया है, उन्होंने फिटनेस की चिंताओं का हवाला दिया है क्योंकि वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी जारी रखे हुए हैं। इंस्टाग्राम स्टोरी में, 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा कि वह एटीपी 250 इवेंट में शारीरिक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं, और इस फैसले को व्यक्तिगत रूप से बहुत निराशाजनक बताया। जोकोविच ने कहा कि एडिलेड उनके लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि उन्होंने दो साल पहले वहां खिताब जीता था, और कहा कि शहर में वापस आकर सच में घर जैसा महसूस हुआ। हालांकि, सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उनकी तत्काल प्राथमिकता सीजन के पहले ग्रैंड स्लैम के लिए तैयार होना है।

### सबालेंका ने जीत से की अभियान की शुरुआत

**सिडनी।** दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने मंगलवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट में शानदार जीत के साथ अपने 2026 सीजन की शुरुआत की। सबालेंका ने दूसरे राउंड के मैच में स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 48 मिनट में हराया। बेलारूस की खिलाड़ी, जो ब्रिस्बेन में डिफेंडिंग चैंपियन हैं, को पहले राउंड में बाई मिली थी। सबालेंका ने शुरू से ही मैच पर कंट्रोल रखा, पहला सेट 22 मिनट में जीता और दूसरे सेट में 5-0 की बढ़त बना ली। इससे पहले मंगलवार को, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने मैककार्टनी केसलर को हराकर ब्रिस्बेन में तीसरे राउंड में जगह बनाई। सबालेंका तीसरे राउंड में जेलेना ओस्टापेंको या रोमानिया की सोराना सिर्स्टिया में से किसी एक से खेलेंगी।